माघ कृष्ण पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

बरेली

सोमवार, 5 फरवरी 2024

वर्ष 5, अंक 79, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू 14

पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख को पड़ा था थप्पड़ 13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

7 DAYS OPEN
MONTE CARLO
Sale Start
20% to 50%
वास्तविक छूट
वैवाहिक साड़ियाँ, सिल्क साड़ियाँ, लहंगा चुन्नी, डिजाईनर लेडीज सूट, पशमीना शाल, रेडीमेड गारमेन्ट्स, वूलन्स, लेडीज कोट, जैकिट एण्ड ट्रैक सूट, फुटवियर, जेन्ट्स एण्ड किड्स
SELECTION POINT
The Complete Family Store
दाम इतने कम कि कभी शॉपिंग खत्म ही न हो।
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट को कैबिनेट से मिली मंजूरी

ब्यूरो, देहरादून



▶▶ आज से शुरू होने वाले विस सत्र में रखा जाएगा सदन के पटल पर

**अमृत विचार :** प्रदेश की कैबिनेट बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को मंजूरी दे दी गई है, जिससे इसे सोमवार से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र में विधेयक के रूप में रखे जाने का रास्ता साफ हो गया। अब 5 से 8 फरवरी तक होने वाले विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर यूसीसी का मसौदा रखा जाएगा।

उत्तराखंड में धामी कैबिनेट की बैठक रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आवास पर हुई। इस बैठक में यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसौदे का प्रस्तुतिकरण व अवलोकन किया गया। मंत्रिमंडल के सदस्यों ने ड्राफ्ट पर चर्चा कर इसे मंजूरी दे दी और साथ ही इसे आहूत विधानसभा सत्र में सदन के पटल पर रखने का अनुमोदन कर दिया। सदन में इसके पारित होते ही उत्तराखंड देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा। चार खंडों में 740 पन्नों के यूसीसी के अंतिम मसौदे को सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सौंपा था। समान नागरिक संहिता में देश में सभी धर्मों, समुदायों के लिए एक समान, एक बराबर कानून की वकालत करता है।

## कानूनी एजेंसियां सीमाओं से बंधी नहीं : अमित शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ गृहमंत्री ने राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन को किया संबोधित



राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन के समापन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून का राज स्थापित करने को लेकर सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधी भौगोलिक सीमाओं का सम्मान नहीं करते हैं, इसलिए विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों को किसी भी सीमा को बाधा न मानकर आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए इन सीमाओं को अहम बिंदु के रूप में देखना चाहिए।

शाह ने सीएएसजीसी को संबोधित करते हुए कहा कि जब हाल ही में बनाए गए तीन आपराधिक न्याय कानून लागू हो जाएंगे, तो प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर ही लोगों को हाईकोर्ट के स्तर तक न्याय मिल सकता है। उन्होंने कहा कि वाणिज्य और अपराध के मामलों में भौगोलिक सीमाओं का कोई मतलब नहीं रह गया है। न्याय प्रक्रिया के लिए सीमा पार चुनौतियां मौजूद हैं, लेकिन वाणिज्य, संचार, व्यापार तथा अपराध के लिए कोई सीमा नहीं है।

### भारत में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी

अमित शाह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि तीन नए कानूनों के पूर्ण कार्यान्वयन के बाद भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। ये कानून क्रमश : औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस मॉडल पर काम किया है कि न्याय के अनिवार्य रूप से तीन पहलू होने चाहिए– सुलभ, किफायती और जवाबदेही। शाह ने कहा, 'मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इन तीन कानूनों के लागू होने के बाद देश में दर्ज किसी भी प्राथमिकी के मामले में हाईकोर्ट के स्तर तक तीन साल के भीतर न्याय होगा।'

## प्राचीनता और आधुनिकता के साथ उप्र को विकास की रेस कराएगा बजट

### विधानमंडल में आज सुबह 11 बजे वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार पेश करेंगे बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विधानमंडल में सोमवार को पेश होने जा रहा वार्षिक बजट 2024-2025 उप्र. में प्रचीनता और आधुनिकता को साथ लेकर विकास की रेस करने वाला होगा। अब तक के सबसे बड़े बजट का आकार करीब 7.70 लाख करोड़ के आसपास संभव है। इसमें प्रयागराज महाकुंभ के साथ अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास ही नहीं औद्योगिक गलियारों व मेट्रो, एक्सप्रेस-वे विस्तार के लिए भी बजट दिए जाना है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 8वीं बार बजट पेश करने वाले हैं जिसमें इस बार आगामी लोकसभा चुनाव की झलक देखने को मिलेगी।

प्रदेश का बजट केंद्र सरकार के अंतरिम बजट का समर्थन करते हुए दिखेगा। उधर, केन्द्र के अंतरिम बजट में भी उप्र. के लिए कई प्राविधान किए गए हैं। वित्तमंत्री ने भी स्पष्ट किया है कि अंतरिम बजट-2024-25 में उप्र को केन्द्रीय करों में राज्यांश के हिस्से के रूप में 2,18,816 करोड़ रुपये मिलने का अनुमान है। उप्र. के बजट में युवा, किसान, महिलाओं के अलावा पर्यटन आदि को लेकर घोषणाएं रहेंगी।उप्र. के बजट में प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों के लिए खास व्यवस्था की जा रही है। साथ ही अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों के विकास पर भी बजट मिलना है। इसके अलावा 3-4 औद्योगिक गलियारों के विकास को धनराशि की स्वीकृति है। लखनऊ मेट्रो विस्तार के साथ ही गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज मेट्रो के लिए भी बजट मिलना है।

गौरतलब है कि, वित्त वर्ष 2023-24 के लिए उत्तर प्रदेश का 6 लाख 90 हजार करोड़ रुपये बजट था। इसमें किसानों को मुफ्त बिजली देने के लिए 900 करोड़ रुपये, गन्ना भुगतान के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया था।

### मुख्यमंत्री ने बुलाई कैबिनेट



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। इसमें बजट के मसौदे को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद सुबह 11 बजे बजट विधानसभा में पेश किया जाएगा। चुनावी साल होने के चलते बजट में जनसुविधाओं के उपहार देने की कोशिश रहेगी। बजट के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगा। 6 और 7 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा जारी रहेगी।

▶▶ अब तक का सबसे बड़ा बजट, आकार करीब 7.70 लाख करोड़ रुपये संभव

▶▶ प्रयागराज महाकुंभ, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे धार्मिक स्थलों को महत्व

▶▶ औद्योगिक गलियारों के साथ एक्सप्रेस-वे, मेट्रो के विस्तार को भी मिलेगा धन



अपने कार्यालय में बजट दस्तावेज को अंतिम रूप देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

### 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का आधार

**लखनऊ।** वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पर रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में हस्ताक्षर कर अंतिम रूप दिया। उन्होंने बताया कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर आधारित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह बजट राज्य को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का मजबूत आधार बनेगा। वित्त मंत्री के मुताबिक, यह बजट उप्र. में प्राचीन सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना के साथ ही विकास के सभी आधुनिक मापदंडों पर चलने का एक दस्तावेज है। इस बजट में ऐसी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे कि सभी नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर बिना किसी भेदभाव के भाईचारा के साथ राज्य के विकास में योगदान देंगे।

## संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेगा एलआईयू

▶▶ 22 फरवरी से 9 मार्च तक होंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की है। पूरा फोकस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। इसके लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है। साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। परिवहन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, नगर निगम से भी समन्वय स्थापित किया गया है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325) और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं। उप्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या कोई अन्य सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है।

## भारतीय दूतावास के कर्मचारी को एटीएस ने किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के लिए करता था जासूसी

▶▶ मास्को स्थित दूतावास में है सिक्योरिटी असिस्टेंट

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने रूस स्थित भारतीय दूतावास में काम करने वाले कर्मचारी को मेरठ से गिरफ्तार किया है। सत्येंद्र सिवाल का नाम का यह कर्मचारी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था।



सत्येंद्र 2021 से मास्को (रूस) स्थित भारतीय दूतावास में इंडिया बेस्ड सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है।

एटीएस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि आईएसआई के हैंडलरों द्वारा कुछ लोगों से विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को धन का लालच देकर भारतीय सेना से संबंधित देश की सामरिक व रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण, गोपनीय सूचनाएं प्राप्त की जा रही हैं। एटीएस ने तफ्तीश को विस्तार दिया तो हापुड़ जिले के हापुड़ देहात थानान्तर्गत शहमहीउद्दीनपुर निवासी सत्येंन्द्र सिवाल की पहचान सामने आई। पता चला कि वह विदेश मंत्रालय में एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) के पद पर तैनात है। वर्तमान में मॉस्को, रूस स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत है। वह आईएसआई के हैंडलर्स के संजाल में संलिप्त होकर भारत विरोधी कृत्यों में लिप्त है। रुपयों के लालच में भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय एवं विदेश मंत्रालय तथा भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की सामरिक गतिविधियों के संबंध में महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाओं को आईएसआई के हैंडलर्स को उपलब्ध करा रहा है। पुख्ता सबूत के बाद सत्येन्द्र सिवाल को एटीएस फील्ड यूनिट मेरठ पर बुलाकर पूछताछ की गई। बाद में सख्ती से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी जांच में शामिल

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय मॉस्को में पदस्थ भारतीय दूतावास के कर्मचारी को कथित तौर पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करने से संबंधित मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को कहा कि विदेश मंत्रालय इस मामले में जांच अधिकारियों के साथ काम करना जारी रखेगा।

## एक नजर

### ब्रांड इंडेक्स-24 में मुकेश अंबानी दुनिया में नंबर 2



**नई दिल्ली।** ब्रांड संरक्षण सूचकांक 2024 में मुकेश अंबानी शीर्ष भारतीय के रूप में शामिल हुए हैं। जबकि विश्व स्तर पर दूसरा स्थान मिला है। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक ने माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला और गूगल के सुंदर पिचाई को पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया। सूचकांक में उनसे आगे सिर्फ टेनसेंट के हुआतेंग मा हैं। प्रशासन ब्रांड फाइनेंस के अनुसार ब्रांड संरक्षक सूचकांक उन सीईओ की पहचान करता है, जो सभी हितधारकों, निवेशकों और समाज की जरूरतों को संतुलित करके व्यावसायिक मूल्य का निर्माण कर रहे हैं।

### पिल्ले को ऊंचाई से फेंका पुलिस ने दर्ज किया केस

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा पुलिस ने एक नाबालिग लड़के द्वारा कथित तौर पर ऊंचाई से एक कुत्ते के बच्चे को जानबूझकर सड़क पर फेंकने की घटना को लेकर की कई शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि इस घटना में कुत्ते के बच्चे की मौत हो गई।पीपुल फॉर एनिमल्स के एक स्वयंसेवी द्वारा दर्ज कराई प्राथमिकी के अनुसार, 9-10 साल का लड़का एवेन्यू गौड़ सिटी-2 का निवासी है।

### मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी माओवादी ढेर

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कंधमाल जिले में शनिवार की रात सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक शीर्ष माओवादी कैडर मारा गया। छत्तीसगढ़ के दसरू पर पांच लाख रुपये का नकद इनाम था और वह नागरिकों की हत्या, आगजनी तथा सुरक्षा बलों पर हमलों में घटनाओं में शामिल था। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि मुठभेड़ शनिवार रात कंधमाल जिले के बालीगुडा पुलिस सीमा के अंतर्गत कंबेरिकिया जंगल के अंदर हुई। गोलीबारी में जिला स्वैच्छिक बल (डीवीएफ) का एक जवान भी गोली लगने से घायल हो गया ।

## युवती से चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▶▶ करीब तीन घंटे तक युवती को लेकर शहर में घूमते रहे आरोपी

**अमृत विचार:** कार सवार अपहर्ताओं ने शादी में जा रही एक युवती को अगवा कर लिया। वे करीब तीन घंटे तक उसे लेकर इधर से उधर शहर में घूमते और चलती कार में दुष्कर्म करते रहे। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती को मुखानी चौराहे पर उतार कर फरार हो गए। मामले में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है।

22 वर्षीय पीड़िता के मुताबिक शनिवार शाम 7 बजे वह एक शादी समारोह से टुकटुक से निकली और एसटीएच के पास उतर गई। यहां उसका भाई उसे लेने स्कूटी से आने वाला था। भाई देर तक नहीं आया तो वह पैदल ही घर की ओर निकल पड़ी। वह लाइफ लाइन वाली गली में पहुंची, तभी कार सवार वहां पहुंच गए। कार सवारों ने उसे कार में खींच लिया और गलियों में लेकर घूमते और दुष्कर्म करते रहे। आरोपियों ने शराब पी थी और पीड़िता को भी जबरन पिलाने की कोशिश की। घटना को अंजाम देने के बाद पीड़िता को मुखानी चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता ने मनोज, ऋषि, सोनू और आशु पर आरोप लगाए हैं। चारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कहा जा रहा है कि घटना में शामिल ऋषि और मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### फोन पर रोने की आवाज सुनकर हुआ अंदेशा

लड़की का कहना है कि घटना के दौरान उसके मोबाइल पर उसके एक दोस्त का फोन आया। उसने कॉल रिसीव किया और दोस्त ने उसका रोना फोन पर सुन लिया, जिसके बाद उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। जब तलाश शुरू हुई तो परिजनों ने रामपुर में एक संदिग्ध कार देखी। पीछा करने पर आरोपी कार छोड़ कर भाग गए।

## दुष्कर्म में पुजारी व शिष्य को 20-20 वर्ष की सजा

**प्रतापगढ़।** जिले की एक विशेष अदालत ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुजारी और उसके शिष्य 20-20 वर्ष की सजा सुनाई है और 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। एडीजीसी प्रदीप कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉक्सो आलोक द्विवेदी की अदालत ने शनिवार को दोषी श्याम पुजारी व उसके शिष्य दौलत को 20-20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। घटना अंतू थाना क्षेत्र में आठ अप्रैल 2016 की है।

## वे चाहते हैं हम भाजपा से जुड़ें : केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ हम झुकेंगे नहीं, भले ही मुझे जेल भेज दिया जाए

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) चाहती है कि हम उनकी पार्टी से जुड़ें, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। केजरीवाल की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब दिल्ली पुलिस भाजपा द्वारा आप विधायकों की कथित खरीद फरोख्त करने संबंधी आरोप की जांच से मुख्यमंत्री को जुड़ने को कह रही है। वह आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के मामले में भी ईडी के समन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की ओर से किए जा रहे विकास कार्य नहीं रुकेंगे, भले ही उन्हें जेल भेज दिया जाए। मुख्यमंत्री उत्तर पश्चिमी दिल्ली के किराड़ी गांव में दो सरकारी स्कूलों के शिलान्यास समारोह में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

केजरीवाल ने आरोप लगाया कि मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया गया, क्योंकि उन्होंने स्कूल बनाए। सत्येन्द्र जैन को जेल भेजा गया क्योंकि उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक बनाए। ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आप नेताओं के पीछे लगा दिया गया है।

### आतिशी को दिया नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा का एक दल रविवार को वित्त मंत्री आतिशी के आवास पर पहुंचा और भाजपा द्वारा आम आदमी पार्टी के विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिशों के आरोपों के संबंध में उन्हें एक नोटिस दिया। अपराध शाखा का दल रविवार अपराह्न 12 :55 बजे दूसरी बार आप नेता के आवास पर पहुंचा और उनके कर्मचारी को नोटिस सौंपा। उन्हें नोटिस पर पांच फरवरी तक जवाब देने को कहा गया है।

## सरकारी गोशाला में ठंड से 12 गोवंशों की मौत

संवाददाता, गंजडुंडवारा (कासगंज)

▶▶ गोवंशों को सर्दी से बचाव न ही चिकित्सीय सेवा के इंतजाम

**अमृत विचार :** कासगंज जिले के गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रायो में कई करोड़ की लागत से करीब दो माह पहले खोले गए वृहद गोसंरक्षण केंद्र अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते शेड में बंधे गोवंशों को ठंड से बचाने का कोई इंतजाम नहीं किया गया जिसके चलते शनिवार रात में एक साथ 12 गोवंशों की मौत हो गई।

लापरवाही का आलम यह है कि भीषण सर्दी में शेडों के ऊपर तिरपाल तक नहीं है। गोशाला में हर तरफ कीचड़ है। गोवंश खुले में बांधे गए हैं। अब जिम्मेदार एक दूसरे की कमियां बताते हुए जांच कराकर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। रायो के ग्राम प्रधान राधाकृष्ण का कहना है कि बैंक में खाता न खुलने से प्रशासन से कोई अनुदान नहीं दिया गया है।

> खंड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गोशाला भेजा गया है। सभी गायों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जांच करा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। - **सचिन यादव**, मुख्य विकास अधिकारी।

## गोवंश की खुराक का नहीं दिया हिसाब, रुका बजट

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** पिछले वर्ष सितंबर में निराश्रित गो वंश के भरण-पोषण में खर्च हुई धनराशि का 10 जिले पशु पालन विभाग को हिसाब नहीं दे पाए हैं।

इस कारण बलरामपुर, श्रावस्ती, सीतापुर, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, हमीरपुर, झांसी, हरदोई, अलीगढ़ व बदायूं को आगे का बजट नहीं मिला है। इस लापरवाही से गो शालाओं में संरक्षित गो वंश का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। फिर भी जिम्मेदार विभाग खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। कहीं निजी तो कहीं उधार भूसा, चारा व दाना खरीदा जा रहा है।



> सितंबर का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इससे आगे का बजट रुका है। संबंधित जिलाधिकारी से पत्राचार किया है। शासन ने भी इस संबंध में निर्देश दिए हैं। जल्द समाधान हो जाएगा।
> - **आरएन सिंह**, निदेशक, पशुपालन विभाग

▶▶ 10 जिलों ने अक्टूबर से नहीं मांगा भरण-पोषण का बजट

▶▶ उधार लेकर और निजी संसाधनों से भर रहे पेट

### वृहद गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा

आजमगढ़, झांसी, मऊ, कानपुर नगर, कानपुर देहात, सीतापुर व वाराणसी में वृहद गो सरंक्षण केंद्रों का निर्माण होना है। यह भी शासन की प्राथमिकता में है। इसके बाद भी शासन को संबंधित जिलों से निर्माण का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है। इसके अलावा जिन नवीन अस्थायी गो आश्रय स्थलों का निर्माण व विस्तारीकरण किया जा रहा, जो लक्ष्य से कम है।

### शासन गंभीर, लेकिन विभाग नहीं

10 जिलों से उपभोग प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से बजट की मांग अक्टूबर से नहीं की गई है। यह योजना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में हैं। इसके बाद भी यह बड़ी लापरवाही है। इसके लिए शासन लगातार पत्राचार भी कर रहा है। हाल में मुख्य सचिव ने समीक्षा कर संबंधित जिलाधिकारी को डीबीडी फंड के लिए रिक्वेस्ट भेजने के निर्देश दिए थे। पशु पालन विभाग भी बराबर शासन का हवाला देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांग रहा है ताकि आगे का बजट भुगतान कर सके।

## ठंडी हवाओं के बीच बारिश ने गिराया पारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कई दिनों से निकली धूप की जगह रविवार सुबह बादलों ने ले ली। दिन भर रुक-रुककर बारिश हुई। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट में आगे भी बारिश होने और ओले गिरने की संभावनाएं जताई हैं।

आंचलिक विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, प्रदेश में कई दिनों से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया था। जिसका असर रविवार को देखने को मिला। सुबह से कई जनपदों में बारिश हुई। लखनऊ सहित कई इलाकों में तेज और ठंडी हवाएं भी चलीं। आंकड़ों के अनुसार, रात और दिन के तापमान में आंशिक परिवर्तन हुआ है।

### सबसे ठंडा रहा शाहजहांपुर

गिरते तापमान के बीच प्रदेश का सबसे ठंडा शहर शाहजहांपुर रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री दर्ज हुआ। जबकि कानपुर ग्रामीण का न्यूनतम श्रेणी में अधिकतम तापमान 14 .9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### बरेली में छाया रहेगा कोहरा

सोमवार को बरेली, पीलीभीत जनपदों में कोहरा छाया रह सकता है। मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर जनपदों में भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिलेगी।

## शहर में आज

- बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा दोपहर 2 बजे।
- आनंद आश्रम मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे।
- अलखनाथ मंदिर में शिव भक्तों द्वारा महा आरती शाम 7 बजे।

## एक नजर

### ट्रेन में प्रसव पीड़ा, जिला अस्पताल में बच्चे का जन्म

**बरेली, अमृत विचार :** बिहार से राजस्थान जा रही गर्भवती को ट्रेन में प्रसव पीड़ा हुई। ट्रेन जंक्शन पर पहुंची तो गर्भवती को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गर्भवती ने बच्चे को जन्म दिया। रविवार को बिहार के जिला गंगानगर कस्बा हनुमानगढ़ निवासी श्याम बाबू शाह गर्भवती पत्नी आशा के साथ 15909 अवध असम एक्सप्रेस से राजस्थान जा रहे थे। ट्रेन शाहजहांपुर से निकली तो आशा को प्रसव पीड़ा होने लगी। पति ने टिकट चेकिंग स्टाफ को जानकारी दी। टीटीई ने कंट्रोल रूम को बताया। सूचना मिलने पर जंक्शन स्टेशन मास्टर ने ट्रेन आने से पहले 108 एंबुलेंस को फोन कर बुला लिया। ट्रेन प्लेटफार्म दो पर रुकी। गर्भवती को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां महिला का प्रसव हुआ। जच्चा और बच्चा की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# पीपीपी मोड पर बनेंगे 16 ई-चार्जिंग स्टेशन

## परिवहन विभाग से नगर निगम को मिल चुकी एनओसी, चार्जिंग स्टेशन से ई-वाहन चालकों को मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ शहर की सड़कों पर बड़ी संख्या में दौड़ रहे हैं ई-वाहन

**अमृत विचार :** नगर निगम पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप यानी पीपीपी मोड पर शहर में 16 स्थानों पर ई चार्जिंग स्टेशन बनाएगा। एसपी ट्रैफिक और आरटीओ से नगर निगम को एनओसी मिल चुकी है। अफसरों के अनुसार स्थानों को चिह्नित किया जा चुका है।

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने निकायों को ज्यादा से ज्यादा ई चार्जिंग स्टेशन बनाने की जिम्मेदारी दी है। शहर में ई रिक्शा की संख्या बढ़ती जा रही है। ई कार भी दौड़ रही हैं, लेकिन इनके चार्जिंग स्टेशन शहर में नहीं हैं। लोग घरों में ई वाहनों को चार्ज कर रहे हैं। कुछ जगहों पर बिजली चोरी कर वाहनों को चार्ज किया जा रहा है। पिछले दिनों विद्युत टीम ने अवैध चार्जिंग स्टेशन चोरी की बिजली से चलते हुए पकड़े थे। फिलहाल, राहत की बात यह है कि नगर निगम ने शहर में ई चार्जिंग स्टेशन बनाने की कवायद शुरू कर दी है। पिछले दिनों निगम ने चयनित स्थानों की सूची आरटीओ और एसपी ट्रैफिक को भेजकर ई चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए एनओसी मांगी थी। दोनों अफसरों की ओर से एनओसी दे दी गई है। चार्जिंग स्टेशन बनने से ई वाहन चालकों को सहूलियत मिलेगी।

### ई चार्जिंग स्टेशन के लिए चिह्नित स्थान

ई चार्जिंग स्टेशन के लिए डेलापीर 600 नंबर पुरानी परती के पास, पीलीभीत बाईपास रोड, विश्वविद्यालय गेट नंबर 2 बीसलपुर रोड, परसाखेड़ा में ड्राइविंग टेस्ट सेंटर के सामने, कुतुबखाना पार्किंग टाउन हाल, रामपुर रोड, हार्टमन पुल के नीचे नैनीताल रोड, जीटीआई बाउंड्री के पास, आईवीआरआई पुल के नीचे, प्रेमनगर थाना के सामने नगर निगम मार्केट सड़क के किनारे, बदायूं रोड पर चौरासी घंटा मंदिर के पास, वनखंडी नाथ मंदिर के ग्राउंड के पास, सेटेलाइट पुल के नीचे लखनऊ रोड, दूल्हा मियां मजार के समीप, अटल पुल के नीचे, पुलिस चौकी बैरियर नंबर दो के पास भूमि चिह्नित की गई है।

## कुतुबखाना पुल पर लगने लगीं स्ट्रीट लाइटें

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल पर स्ट्रीट लाइटें लगाने का काम शुरू हो गया है। पुल पर दोनों तरफ 66 पोल लगाए जाएंगे।

रविवार दोपहर कोतवाली के पास से स्ट्रीट लाइट के पोल लगाने का काम किया गया। पहले दिन 15 पोल लगाए गए। अफसरों के अनुसार जैसे लालफाटक और सेटेलाइट पुल पर आप्टीकल पोल लगे हैं, वैसे ही यहां लग रहे हैं। लंबे पोल लगाने में समय लग रहा है। कोतवाली से कोहाड़ापीर तक तीन दिन में सभी पोल लगाने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद लाइटें लगाई जाएंगी। बीते दिनों मेयर डॉ. उमेश गौतम ने पुल का निरीक्षण किया था। उन्होंने इसी महीने के अंत तक पुल से ट्रैफिक चलाने का दावा किया है। फिलहाल, पुल से आवागमन शुरू करने के लिए काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस दौरान बिजली संबंधी कार्य करने वाली एजेंसी के प्रबंधक डब्बू शर्मा मौजूद रहे।


निर्माणाधीन कुतुबखाना पुल पर लगाये जा रहे खंभे। ● अमृत विचार

# गरीबरथ एक्सप्रेस और पूर्णागिरी जनशताब्दी के इंजन फेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली



▸▸ आंवला स्टेशन पर दो घंटे खड़ी रही पूर्णागिरी जनशताब्दी

▸▸ कौरह स्टेशन के पास फेल हुआ गरीब रथ का इंजन

**अमृत विचार:** रविवार को पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस के इंजन में खराबी आ गई। वहीं शनिवार रात गरीब रथ एक्सप्रेस का इंजन कौरह स्टेशन के पास खराब हो गया। गुस्साए यात्रियों ने रेल प्रशासन को एक्स पर शिकायत करनी शुरू कर दी। पूर्णागिरी जनशताब्दी करीब दो घंटा आंवला स्टेशन और गरीब रथ एक्सप्रेस तीन घंटा से ज्यादा कौरह स्टेशन के पास खड़ी रही।

रविवार दोपहर एक यात्री ने एक्स पर रेल अधिकारियों को बताया कि ट्रेन संख्या 12036 पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस को आंवला स्टेशन पर रोककर रखा गया है। दरअसल दिल्ली से टनकपुर जाने वाली पूर्णागिरी जनशताब्दी एक्सप्रेस दोपहर करीब 12:00 बजे आंवला स्टेशन पर पहुंची। वहां इंजन में खराबी आ गई। लोको पायलट ने ठीक करने का प्रयास किया मगर कामयाबी नहीं मिली। दोपहर 13:30 बजे बरेली जंक्शन से दूसरा इंजन गया तो दोपहर 14:00 बजे ट्रेन को रवाना किया गया। बरेली जंक्शन आते-आते ट्रेन दो घंटा लेट हो गई।

वहीं शनिवार देर कौरह स्टेशन पर 12204 गरीबरथ एक्सप्रेस को तीन घंटा के लिये रोक दिया गया। यात्रियों ने एक्स पर शिकायत की। जिस पर डीआरएम मुरादाबाद के एक्स हैंडल से जवाब आया कि ट्रेन का इंजन फेल हो गया है। दूसरा इंजन जोड़ने और शंटिंग आदि में समय लगा है।

## हादसे की डगर


चौपुला से सिटी स्टेशन जाने वाले मार्ग के किनारे सड़क धंसने से गहरा गड्ढा हो गया है। इससे हादसे का डर बना हुआ है, लेकिन अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं है। ● अमृत विचार

## मुफ्ती सलमान अजहरी की गिरफ्तारी का जताया विरोध

**बरेली, अमृत विचार :** मुस्लिम स्कॉलर मुफ्ती सलमान अजहरी को गुजरात एटीएस ने भड़काऊ बयान देने के आरोप में मुंबई में गिरफ्तार किया है। बरेली में दरगाह आला हजरत व तमाम मुस्लिम संगठनों से जुड़े सोशल मीडिया ग्रुप में उनकी गिरफ्तारी पर आक्रोश जता रहे हैं।

बीते साल उर्स-ए-रजवी के दौरान मुफ्ती सलमान अजहरी बरेली आए थे। युवा उनके वीडियो सुनना पसंद करते हैं। वह हुजूर ताजुश्शरिया अजहरी मियां के मुरीद भी हैं। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि पूरे मामले में जानकारी जुटाई जारी रही है कि उन्हें किस मामले में गिरफ्तार किया गया है। दरगाह आला हजरत की ओर से उनके परिवार से संपर्क कर हर संभव मदद की जाएगी।

# रेलवे वसूल रहा मोटा किराया, मिल रहे गंदे बेडरोल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ हर दिन यात्री कर रहे गंदे बेडरोल की शिकायतें, नहीं हो रहा सुधार

▸▸ जनता एक्सप्रेस व नंदा देवी एसी सुपरफास्ट के यात्रियों ने की शिकायत

**अमृत विचार:** एसी श्रेणियों में सफर करने वाले यात्रियों से रेल प्रशासन बेडरोल के नाम पर मोटी रकम वसूल करता है लेकिन ट्रेन में अपनी बर्थ पर पहुंचने के बाद बेडरोल देखता है तो यात्रा का सारा उत्साह ठंडा पड़ जाता है। आये दिन गंदे बेडरोल को लेकर यात्री शिकायतें करते हैं। इस बार दो ट्रेनों में बेडरोल को लेकर यात्रियों ने शिकायत की है।

जनता एक्सप्रेस में सफर कर रहे डॉ. सौरभ तोमर ने रेल प्रशासन को एक्स के जरिये शिकायत की कि थर्ड एसी में गंदी चादर दी जा रही है। अटेंडेंट कह रहा है कि जहां चाहो शिकायत कर लो यही चादर मिलेगी। डॉ. सौरभ ने बताया कि ट्रेन संख्या 15120 जनता एक्सप्रेस के कोच संख्या एम-6 की बर्थ संख्या 16 पर वह रामपुर से वाराणसी जाने के लिये सवार हुये। अटेंडेंट का रवैया बेहद खराब था।

हालांकि शिकायत के बाद रायबरेली के पास उन्हें दूसरा बेडरोल दिया गया। दूसरे मामले में 12401 नंदा देवी एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहे पंकज दास ने एक्स पर गंदे बेडरोल की तस्वीरें शेयर। उन्होंने अपना पीएनआर शेयर किया और बताया कि ट्रेन के बी-7 कोच की बर्थ संख्या 40 पर उनका आरक्षण है।


यात्रियों ने एक्स पर शेयर की गंदी बर्थ व बेडरोल की तस्वीर।

### प्राइवेट एजेंसियां करती हैं मनमानी

ट्रेन के एसी कोचों में यात्रियों को बेडरोल (कंबल, तकिया, चादर, तौलिया) दिया जाता है। यह काम अक्सर प्राइवेट एजेंसियों के जरिये कराया जाता है। यह एजेंसियां मनमानी करती हैं जिसका खामियाजा रेल यात्रियों को भुगतना पड़ता है। ट्रेन में अटेंडेंट भी इन्हीं प्राइवेट एजेंसियों द्वारा रखे जाते हैं। यह अटेंडेंट कई बार यात्रियों से भिड़ जाते हैं।

### जंक्शन से इन ट्रेनों में बेडरोल की सुविधा

बेडरोल का ठेका ट्रेन के ओरिजनेटिंग स्टेशन से होता है। वहीं से ट्रेन में अलग-अलग स्टेशनों से सवार होने वाले यात्रियों के लिये बेडरोल रखे जाते हैं। बरेली जंक्शन से आला हजरत एक्सप्रेस, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस, बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस, बरेली-इंदौर एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में बेडरोल दिये जाते हैं।

## पाइप लाइन डालने को खोदी सड़क पर चोटिल हो रहे लोग


खुदी पड़ी सड़क से आवाजाही में हो रही है परेशानी।

**शेरगढ़, अमृत विचार :** बूंदाबांदी से पाइप लाइन बिछाने के लिए खोद कर छोड़ी गई सड़कों पर फिसलन बढ़ गई है, जिसमें बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं।

शेरगढ़- नगरिया कलां संपर्क मार्ग हुए गहरे गड्ढे क्षेत्र वासियों के किसी मुसीबत से कम नहीं है। रविवार को हुई बूंदाबांदी के बाद डूंगरपुर की क्षतिग्रस्त सड़क चलना दुश्वार हो गया। दरअसल "हर घर नल- हर घर जल" कार्यक्रम के तहत हर घर तक टंकी का पानी पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई थी, इसके बाद श्रमिकों ने नाली को पाटने में केवल औपचारिकता निभाई। इस वजह से सड़क उबड़- खाबड़ हो गई हैं। ग्रामीण चौधरी करन सिंह, प्यारेलाल पाली,अमित गंगवार, धर्मदास कश्यप,भानु प्रताप श्रीवास्तव, हरीश कुमार आदि ने सरकार से सड़कों के मरम्मत कराने की मांग की।

## बारिश से सड़क पर कीचड़ में चलना हुआ मुश्किल


सड़क पर कीचड़ से वाहन चालक गिरकर हो रहे चोटिल।

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** बारिश के बाद ही सड़क पर कीचड़ फैलने से राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया। बाइक चालक फिसलकर गिरने लगे। कई बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने कई बार पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से शिकायत करके जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग कर चुके हैं, लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। खस्ताहाल सड़क की मरम्मत के लिए दुकानदारों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई हैं। क्योलड़िया से बिजासिन रुकुमपुर गांव तक बनी पीडब्ल्यूडी की सड़क कई वर्षों से टूटी पड़ी हैं। इस वजह से ग्रामीणों को पैदल चलने में मुश्किल हो रही हैं। दुकानदार यूनिस सिद्दीकी डंपी सिद्दीकी, सुभाष गंगवार, अखिलेश, अफसर अली, मनोज शर्मा, सूरजपाल और उमेश भास्कर समेत अन्य ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके सड़क की मरम्मत कराने की मांग की हैं।

# बारिश के चलते फिर बढ़ी ठंड आज भी पड़ सकती हैं बौछारें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जिले में रविवार सुबह से ही रुक-रुक बारिश होती रही। इस दौरान पांच मिमी बारिश रिकार्ड की गई। मौसम विभाग ने सोमवार को भी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। वहीं बारिश से अधिकतम तापमान लुढ़कने से दिन में फिर से ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग के मुताबिक 6 फरवरी से मौसम साफ हो जाएगा।

मौसम विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 19.1 और न्यूनतम तापमान 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह हवा में 96 और शाम को 91 प्रतिशत आर्द्रता दर्ज की गई। इस दौरान 8-10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चली। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर होने से हल्की से मध्यम बारिश के बजाय बूंदाबांदी हुई, हालांकि दिन भर बादल छाए रहे। सोमवार को बारिश के साथ ही बिजली चमकने की संभावना है। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस तक रहने का पूर्वानुमान है। अभी तक मौसमी विश्लेषण के अनुसार मंगलवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। जिससे अधिकतम तापमान व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं।


बारिश में पीलीभीत बाईपास से गुजरते वाहन व राहगीर। ● अमृत विचार

▸▸ पांच मिमी रिकॉर्ड हुई बारिश, अधिकतम तापमान आठ डिग्री लुढ़का

# बिजली इंजीनियर से निवेश के बहाने तीन लाख की ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** गाजियाबाद में तैनात बिजली इंजीनियर से निवेश के बहाने तीन लाख रुपये की ठगी कर ली गई। इंजीनियर ने थाना इज्जतनगर में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इज्जतनगर के नार्थ सिटी एक्सटेंशन निवासी शिवांग शंकर ने बताया कि वह पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड इंदिरापुरम गाजियाबाद में इंजीनियर हैं। उन्होंने कोटक सिक्योरिटीज ब्रोकरेज एप में तीन लाख रुपये निवेश किए थे। आरोप है कि कंपनी ने शेयरों को हैक कर उसकी वास्तविकता को नहीं दिखाया। जिससे उन्हें तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया। उन्होंने कंपनी के लोगों से संपर्क किया तो जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन फिर भी उन्हें धोखे में रखा गया। उनका आरोप है कि एप को बार-बार ठप कर दिया जा रहा था, जब उन्होंने इसकी शिकायत कस्टमर केयर पर की तो तकनीकी कमी बताई गई। उन्होंने एक्स पर धोखाधड़ी और घोटाले के लिए टैग करते हुए पोस्ट की तो शिकायत पर कार्रवाई का सिर्फ आश्वासन दिया।

### पालिसी का प्रीमियम बकाया होने का झांसा देकर ठगी

**बरेली, अमृत विचार :** बीमा पॉलिसी का प्रीमियम बकाया होने के झांसे में लेकर युवक से 97,250 रुपये की ठगी कर ली गई। बारादरी पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साईं रेजीडेंसी निवासी अरविंद कुमार यादव के मुताबिक 30 दिसंबर 2023 को उनके पास फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम रोहित गुप्ता बताया। उसने कहा कि वह एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस से बोल रहा है और बकाया प्रीमियम तुरंत जमा करा दें। आरोपी ने कहा कि वह स्वयं जमा कर देगा और इमोशनली ब्लैकमेल करने लगा। बातों में आकर गूगल पे से उन्होंने उसके नंबर पर 97250 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# बागब्रिगटान में उखाड़ दी इंटरलॉकिंग गड्ढों में कीचड़ से होकर निकल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मोहल्ला बागब्रिगटान में रोड पर लगीं इंटरलॉकिंग (सीसी टाइल्स) उखड़वा देने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। बरसात ने परेशानी और बढ़ा दी।

रोडवेज बस अड्डे के पास से जगन्नाथ मंदिर की तरफ जाने वाले मार्ग पर कुछ साल पहले सीसी टाइल्स नगर निगम द्वारा डलवाई गई थी। यह टाइल्स उखड़वा दी गई है जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ मंदिर तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। मौर्य बस्ती के लोग ज्यादा परेशान हो रहे हैं। वार्ड पार्षद जय प्रकाश राजपूत का आरोप है राजनीतिक संरक्षण प्राप्त ऐ रसूखदार व्यक्ति ने टाइल्स उखड़वाईं थीं। लोगों ने विरोध किया तो भरोसा दिलाया गया कि जल्द नई सड़क बनाई जाएगी। पार्षद ने नई सड़क बनवाने की मांग की है। पार्षद ने इस आशय का पत्र मंडलायुक्त, नगर आयुक्त और मुख्यमंत्री को भी भेजा है।

▸▸ पार्षद ने मुख्यमंत्री से की शिकायत


इंटरलॉकिंग उखड़ने के बाद सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

## बरेली के दो भाइयों समेत तीन की दिल्ली में मौत

**बरेली, अमृत विचार :** किला छावनी में रहने वाले दो भाइयों समेत तीन के दिल्ली के डाबड़ी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक कमरे से शव बरामद हुए। तीनों की पहचान अमित, सोनू और यादराम उर्फ बब्बन के रूप में हुई। इसमें अमित और सोनू भाई हैं। सोमवार को परिजन तीनों के शव लेकर बरेली पहुंचेंगे।

दिल्ली के डाबड़ी थाना पुलिस को सीतापुरी इलाके के मकान में तीन लोगों के अचेत पड़े होने और कमरे से खून निकलने की जानकारी मिली। पुलिस पहुंची तो कमरा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा खोला तो तीन लोगों के शव मिले। कमरे में रसोई गैस पर छोले-भठूरे बनाने का सामान रखा था। शराब की बोतल भी कमरे से बरामद हुई। दोनों भाई अमित और सोनू छोले-भठूरे की रेहड़ी लगाते थे। सोमवार सुबह तीनों के शव का पुलिस पोस्टमार्टम कराएगी।

मुसीबत | कई उपकेंद्रों पर अनुरक्षण कार्यों के चलते बाधित रही बिजली आपूर्ति, नहीं मिली राहत

# बिजली कटौती और फाल्ट से लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ कुतुबखाना उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में देर रात तक नहीं आई बिजली

▸▸ कोहाड़ापीर और सिविल लाइंस में किये गये अनुरक्षण कार्य

**अमृत विचार:** रविवार को छुट्टी का दिन बिजली उपभोक्ताओं पर भारी गुजरा। अनुरक्षण कार्यों के चलते कटौती और बारिश की वजह से फॉल्ट के कारण कई घंटे बिजली गुल रही। अलग-अलग फीडरों पर पांच से सात घंटे शटडाउन लेकर अनुरक्षण कार्य किये गये वहीं कुतुबखाना उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में 17 घंटे बाद भी बिजली नहीं मिली।

बारिश की वजह से कुतुबखाना उपकेंद्र में फॉल्ट आया तो तड़के चार बजे से ही बिजली गुल हो गई। जो देर रात नौ बजे तक बहाल नहीं हो पाई थी। लोगों के इनवर्टर तक जवाब दे गये जबकि बिजली नहीं होने के कारण पानी की आपूर्ति भी नहीं हो पाई। इसकी वजह से बिहारीपुर, बड़ा बाजार, बमनपुरी, ख्वाजा कुतुब आदि इलाकों में लोग परेशान हुये। अधिशासी अभियंता प्रथम अमित आनंद ने बताया कि ट्रांसमिशन में खराबी आ गई जिसे ठीक किया जा रहा था। इसके अलावा रविवार को 33 व 11 केवी उपकेंद्र कोहाड़ापीर के सभी फीडरों पर अनुरक्षण कार्यों के चलते सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक सात घंटे का शट डाउन लिया गया। इस वजह से देर रात तक बिजली नहीं आई।

इसकी वजह से चाहबाई, बानखाना, भूड़, अशोक नगर, अरविंद नगर, गांधीनगर, नेहरू पार्क, जवाहर नगर, प्रेमनगर, दशमेश नगर, मौलानगर, चाणक्यपुरी, बृजलोक कॉलोनी, सर्वोदयनगर, राधास्वामी इन्क्लेव, प्रगतिनगर, कुमार वाटिका, श्रीनाथ पुरम, आरके पुरम, शिवकुंज कॉलोनी, मैकनियर रोड, नैनीताल रोड, पीलीभीत रोड, बीडीए कॉलोनी आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### इन इलाकों में भी किये अनुरक्षण कार्य

नकटिया विद्युत उपकेंद्र में 33 केवी लाइन में अनुरक्षण कार्य किया गया। यहां भी आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रही। नकटिया, उमरिया, मोहनपुर, उड़ला जागीर, पदारतपुर, सैदपुर खजुरिया, नरियावल, बिथरी चैनपुर, भरतौल, नवदिया व अन्य गांवों की आपूर्ति बाधित रही। इसी प्रकार सिविल लाइंस प्रथम उपकेंद्र से पोषित समस्त फीडरों की आपूर्ति दोपहर 12 से दो बजे तक बाधित रही। इससे सर्किट हाउस, चौकी चौराहा, मुख्य डाकघर, स्टेशन रोड, पटेल चौक, विकास भवन रोड, गांधी उद्यान रोड, आवास विकास, कचेहरी, बटलर,इत्यादि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### आज भी होगी कटौती

अनुरक्षण कार्यों के चलते बिजली कटौती उपभोक्ताओं का पीछा सोमवार को भी नहीं छोड़ने वाली। सीबीगंज स्थित 33 व 11 केवी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े 33 केवी यार्ड में अनुरक्षण कार्य सोमवार को प्रस्तावित है। उपखंड अधिकारी रोहित कुमार के मुताबिक सोमवार सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक छह घंटे के लिये आपूर्ति बाधित रहेगी। लिहाजा विधौलिया, महेशपुरा, कैम्फर कॉलोनी, स्वाले नगर, आनंद विहार, कैकेसा, मिनी बाईपास, ग्रीन सिटी, मेगा ड्रीम, सैदपुर हाकिन्स, अर्चना रेजीडेंसी, रहपुरा रोड हार्टमन आदि क्षेत्रों में बिजली कटौती झेलनी पड़ेगी।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# ज्ञानवापी में पूजा पर बिफरे मौलाना तौकीर

## शुक्रवार को बाजार बंद रख इस्लामिया पहुंचने का आह्वान, देंगे गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- आईएमसी प्रमुख बोले, देश की अदालतों से उठा भरोसा
- मुसलमान अगर बोले तो देश में होंगे गृहयुद्ध जैसे हालात

**अमृत विचार:** आईएमसी ( इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल ) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने ज्ञानवापी मस्जिद में पूजा की अनुमति मिलने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने मुसलमानों से इस शुक्रवार को इस्लामिया मैदान पहुंचकर गिरफ्तारी देने और अपने कारोबार और बाजार बंद रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के मौजूदा हालात पर मुसलमान बोलने लगे तो गृह युद्ध जैसे हालात हो जायेंगे। देश की अखंडता और अमन की खातिर मुसलमान खामोश हैं। उसका भरोसा देश की सरकारी जांच एजेंसियों और अदालतों तक से उठ गया है।

मौलाना तौकीर रजा खां ने रविवार को अपने आवास पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि हमारी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। तीन हजार मस्जिदों की लिस्ट तैयार है जिन्हें मुसलमानों से छीनने की साजिश की जा रही है। कोर्ट ने ज्ञानवापी को लेकर जो निर्णय दिया है उससे साफ है कि अदालतों से अन्याय हो रहा है। बाबरी मस्जिद में मंदिर के कोई सबूत नहीं मिले लेकिन आस्था के आधार पर मंदिर हिंदुओं को दे दिया गया। ज्ञानवापी में सबूत मिल भी रहे हैं तो आस्था के आधार पर मस्जिद हमें दे दी जाये। सबूत इसलिये मिल रहे हैं क्योंकि मुसलमान बने हिंदुओं ने ही अपनी इबादतगाह को स्वेच्छा से मस्जिद में तब्दील किया था। चुनावी फायदा हासिल करने के लिये यह मुद्दे गढ़े जा रहे हैं। भाजपा 2024 का चुनाव राम मंदिर, 2027 का चुनाव ज्ञानवापी और 2029 में मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर लड़ेगी। मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि मदरसों में पहले राष्ट्रगान कराया, इसके बाद योग। कुछ दिनों बाद रामायण पढ़ाने का दबाव बनाया जाएगा। इस दौरान डा. नफीस खान, मुनीर इदरीसी, नदीम खान, सलीम खान, अफजाल बेग, तकदीरुल हसन, मोइन सिद्दीकी, अनीस मेंबर आदि मौजूद रहे।

### आडवाणी को भारत रत्न देने के लिए नामित करने पर एतराज

मौलाना ने लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न पुरस्कार के लिये नामित करने पर भी ऐतराज जताया। वहीं कहा कि हेमंत सोरेन एक प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं उन्हें जेल जाना पड़े इससे बड़ी और क्या ज्यादती होगी। अब अरविंद केजरीवाल जेल जायेंगे। इसी ज्यादती के खिलाफ शुक्रवार दोपहर को इस्लामिया मैदान में एकत्र होंगे जहां से गिरफ्तारी देने कलेक्ट्रेट जायेंगे। मौलाना ने सभी मुसलमानों से अपने जिलों में जेल भरो आंदोलन शुरू करने का आह्वान किया।

### एसपी यातायात के चालक को कुत्तों ने काटा

**बरेली, अमृत विचार:** शहर में सांड, बंदर और कुत्तें आए दिन लोगों को घायल कर रहे हैं। रविवार को शाम करीब सात बजे एसपी यातायात के चालक प्रतीक सिंह को कुत्तों ने गंभीर घायल कर दिया। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कर्मियों ने घायल से मीडिया कर्मियों को नहीं मिलने दिया।

# अपनी सियासत चमका रहे हैं मौलाना

## भाजपा नेता बोले-सांप्रदायिक व्यक्ति की टिप्पणी का संज्ञान ले पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पूर्व गृहमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा की टिप्पणी पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि आडवाणी ने रथयात्रा के जरिए देश में सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत किया। सभी धर्मों और वर्गों के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने का सशक्त प्रयास करने वाले भारत रत्न लाल कृष्ण आडवाणी राजनैतिक शुचिता के प्रतीक हैं। टिप्पणी को अनर्गल प्रलाप बताकर भाजपा नेताओं ने कहा कि मौलाना तौकीर रजा अपनी सियासत चमकाने के लिए लोगों को गुमराह करने का काम न करें ।

### मौलाना को युवाओं की तरक्की के लिए काम करना चाहिए: राजेश अग्रवाल



भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं पूर्व वित्त मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि देश के हर नागरिक को अपनी पूजा-पद्धति को अपनाने का हक है। लाल कृष्ण आडवाणी राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं। इसलिए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना निसंदेह प्रशंसनीय है। मौलाना तौकीर को कौम के युवाओं-बच्चों की अच्छी तालीम और तरक्की के लिए काम करना चाहिए। उन्हें अपने पूर्वजों से यह सीख लेनी चाहिए कि मुख्यधारा के साथ बहने से ही कौम की तरक्की मुमकिन है, फिरकेबाजी या खेमेबाजी से नहीं। देश का मुस्लिम समझदार हो चुका है। अब वह भड़काऊ बातें और नफरत फैलाकर गुमराह करने वालों को अच्छी तरह समझ चुका है।

### टिप्पणी कुंठित मानसिकता का प्रदर्शन: राम गोपाल मिश्र



भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व शाहजहांपुर लोकसभा प्रभारी राम गोपाल मिश्र ने मौलाना तौकीर रजा द्वारा लाल कृष्ण आडवाणी पर की गई टिप्पणी की भर्त्सना करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति ने बरेली में दंगा-फसाद कराने में कोई कमी न छोड़ी हो उसके द्वारा हिन्दुत्व व राष्ट्रवाद के प्रेणता पर टिप्पणी करना कुंठित मानसिकता का प्रदर्शन है। देश में गृहयुद्ध जैसे माहौल की धमकी पर कहा कि अब तौकीर पुरानी मानसिकता छोड़ दें। देश का नेतृत्व 56 इंची सीने वाले नरेन्द्र मोदी के हाथों में है और उन्होंने अपनी दृढ़ता का परिचय पाकिस्तान से कैप्टन अभिनंदन को सकुशल वापस लाकर सिद्ध कर दिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि सांप्रदायिक व्यक्ति द्वारा की गई टिप्पणी का संज्ञान लेकर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि इस तरह की बयानबाजी न की जाए।

# डीएम की सख्ती: समाधान दिवस में आई चार शिकायतों में एफआईआर

## पाइप लाइन के लिए सड़कें खोदकर छोड़ने पर ठेकेदार पर हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नहर की जमीन पर अतिक्रमण करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज
- एक दिन पहले डीएम ने नवाबगंज में सुनीं थीं शिकायतें

**अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया है। नवाबगंज में समाधान दिवस में आए चार मामलों में डीएम रविंद्र कुमार के आदेश पर एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसमें पाइप लाइन के लिए सड़क खोदकर छोड़ देने, नहर की जमीन पर अतिक्रमण, सरकारी कागजों में हेराफेरी और आवासीय पट्टे पर अवैध करने के मामले हैं। इससे पहले समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए जाते थे, लेकिन पहली बार एफआईआर के आदेश से खलबली मच गई है।

नवाबगंज में शनिवार को हुए समाधान दिवस में डीएम से नहर पर कब्जे की शिकायत की गई थी। जानकारी की तो पता चला कि कुछ दिनों पहले जब सींच पर्यवेक्षक गश्त करते हुए ग्राम क्योलड़िया पहुंचे तो देखा कि नहर पर सुम्मेर लाल, मुनीश, राकेश, नन्हे शाह और अज्ञात के द्वारा अस्थायी अतिक्रमण कर लिया गया था। अफसरों ने तीन दिन में अतिक्रमण हटाने का नोटिस भी दिया था लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया था। इस पर डीएम ने अतिक्रमणकारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये। इसके बाद कैलाश नहर पर अतिक्रमण करने के मामले में सींच पर्यवेक्षक सरौरा प्रदीप कुमार सक्सेना ने आरोपियों के खिलाफ क्योलड़िया में एफआईआर दर्ज कराई। एक अन्य मामले में लाईखेड़ा के प्रधान ने शिकायत की पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए रास्ते को काफी समय बाद भी ठीक नहीं कराया गया है। इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। डीएम के आदेश पर ठेकेदार नाजिम अली पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गौरतलब है कि क्योलड़िया डैम पर नहर के किनारे लंबे से कब्जा था। इस संबंध में कई बार स्थानीय लोग नहर विभाग के अफसरों से शिकायत कर चुके थे, मगर सुनवाई नहीं हुई। शनिवार को समाधान दिवस में भाकियू ने डीएम के सामने यह मामला उठाया था।

### आवासीय पट्टे पर कब्जा करने वालों पर रिपोर्ट

बड़गांव निवासी सूरज पाल, रमेश चंद्र और महेश चंद्र ने शिकायत की कि वह काफी समय से आवासीय पट्टे पर कब्जा होने की शिकायत दर्ज कराते आ रहे थे लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। डीएम ने अवैध कब्जा हटाने और संबंधित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये। पीड़ितों ने उन्हें बताया पट्टे वाली भूमि पर गांव के ही प्यारे लाल, राकेश और मिश्रीलाल ने अवैध कब्जा कर लिया है। डीएम ने पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय भ्रमण व पैमाइश करने के निर्देश दिए। नवाबगंज के गांव ज्योरा मकरंदपुर निवासी लालाराम ने शिकायत की कि ग्राम समाज की भूमि का पट्टा वर्ष 2013 को किया गया था, लेकिन संतराम ने तहसील कर्मचारियों से साठगांठ करके पूर्व के प्रस्ताव एवं पट्टे में गाटा फर्जी तौर से बढ़ा लिया और पूर्व पारित पत्रावली में सफेदा लगाकर हेराफेरी कर ली। उन्होंने अगस्त और सितंबर 2023 को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर हल्का लेखपाल ने पत्रावली की जांच में पाया कि पत्रावली में सफेदा और ब्लेड से पत्रावली में फेर बदल कर फर्जी तौर पर गाटा संख्या 16 मीटर को दर्ज किया गया है, लेकिन तहसील स्तर पर अभी तक फर्जीवाड़े के संबंध में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। डीएम के आदेश पर संतराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## हिस्ट्रीशीटर ने बेटे और भाई के साथ युवक पर की फायरिंग

**सीबीगंज, अमृत विचार :** रंजिश में एक हिस्ट्रीशीटर ने बेटे, भाई और कुछ साथियों के साथ मिलकर युवक पर हमला बोल दिया। तमंचे से फायरिंग की, जिसमें युवक बाल-बाल बच गया। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर, उसके भाई और बेटे सहित तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव अटरिया महेशपुर निवासी शौकत अली के अनुसार तीन फरवरी की रात करीब 9 बजे वह घर से गांव में ही दोस्त शादाब के घर कूंडे खाने जा रहे थे। वह जैसे ही रफीक के घर के पास पहुंचे, तभी आबिद अली, नासिर अली पुत्र हामिद अली, सोहेल अली पुत्र आबिद अली और दो अज्ञात लोगों ने उनपर हमला बोल दिया। जान से मारने की नियत पर तमंचे से फायरिंग की। उन्होंने किसी तरह भागकर जान बचाई। डायल 112 पर कॉल की, मगर संपर्क नहीं हो सका। इसके बाद वह थाने पहुंचे और तहरीर दी। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस के अनुसार आबिद अली हिस्ट्रीशीटर है।

# पुलिस ने दिया मौका, दरोगा समेत छह ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**संतोष हत्याकांड**

- जुआ लूटने में फेल होने पर किसान की पीटकर हत्या का है आरोप
- फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी पूरे प्रकरण की कर रहे थे जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** थाना भमोरा क्षेत्र में संतोष हत्याकांड में चौकी इंचार्ज समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस हवा में दबिश देती रही। वहीं शनिवार को दरोगा समेत पांच पुलिस कर्मी और एंबुलेंस चालक ने सीजीएम कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। जबकि, दरोगा नेपाल सिंह का विवेचना में ही नाम बाहर कर दिया गया था। 8 नवंबर 2023 को सरदारनगर पुलिस चौकी के तत्कालीन चौकी इंचार्ज टिंकू सिंह, मुख्य आरक्षी मनोज राणा, सिपाही अंकित, दीपक कुमार, पुष्पेंद्र कुमार ने विजय की एंबुलेंस से गांव आलमपुर जाफराबाद में जुआ खेलने की सूचना पर दबिश दी थी। पुलिस को देख सभी जुआरी भाग गए थे। आरोप है कि मौके पर मिले किसान संतोष शर्मा को पुलिस कर्मियों ने इतना पीटा की उनकी मौत हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर सभी के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। इसमें दरोगा नेपाल सिंह को भी आरोपी बनाया गया था। विवेचना फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी धनंजय पांडे को सौंपी गई थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व अन्य तथ्यों के आधार पर दरोगा नेपाल सिंह का नाम हटा दिया गया। विवेचक ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। इस बीच पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए दबिश का नाटक करती रही। वहीं शनिवार को आरोपियों ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया। वहां से आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### दबिश की नहीं देते थे अधिकारियों को सूचना

भमोरा थाना में महिला इंस्पेक्टर परमेश्वरी देवी को गुमराह कर चौकी पर तैनात पुलिसवाले गैरकानूनी धंधे कराने में लगे थे। बताते हैं कि दरोगा टिंकू कुमार व अन्य कई पुलिसकर्मी बेलगाम हो गए थे। अधिकारियों की बात तो दूर वे इंस्पेक्टर तक को दबिश की भनक नहीं लगने देते थे। इस तरह जमकर वसूली की जा रही थी। सरदारनगर चौकी क्षेत्र का गांव मजनूपुर और सेंधा-सेंधी पशु तस्करी के लिए बदनाम हैं। दलीपुर में अवैध शराब का धंधा फल-फूल रहा है। एक गांव में स्मैक तस्करी भी हो रही है। स्थानीय छुटभैये नेता पुलिस से दोस्ती कर अवैध धंधा कराते हैं। इन्हीं में से एक नेता के इशारे पर पुलिस ने दलाल विजय की एंबुलेंस से जुआ पकड़ने के लिए आलमपुर में दबिश दी थी।

### मानवाधिकार आयोग ने दर्ज की शिकायत

उप्र मानवाधिकार आयोग ने संतोष शर्मा हत्याकांड की शिकायत दर्ज कर ली है। मृतक के भाई ने अधिवक्ता के जरिये आयोग में शिकायत की थी। दोषी पुलिस वालों की गिरफ्तारी की मांग की गई थी। आयोग ने मामले की रिपोर्ट तलब की है। लक्ष्मण प्रसाद के चार बेटे संतोष शर्मा, कल्लू शर्मा, कन्हैया लाल शर्मा व राकेश शर्मा थे। लक्ष्मण प्रसाद के नाम 40 बीघा जमीन थी। उनकी मृत्यु के बाद चारों भाइयों को हिस्से में 10-10 बीघा जमीन मिली। 10 बीघा जमीन पर ही मेहनत से खेती कर संतोष बच्चों का पालन पोषण करते थे।



**लड़खड़ाते गुजर रही जिंदगी**

जीवनयापन की जद्दोजहद खिलौनों से खेलने की उम्र में जिम्मेदार बना देती है। 13 साल के आनन्द ने भी दो वक्त की रोटी के लिए बचपन छोड़ दिया। फतेहगंज पश्चिमी के गांव अगरास का आनन्द दादी-बाबा और मां के साथ चौपला रोड किनारे झुग्गी झोपड़ी में रहता है। वह दो साल से परिवार के साथ गुब्बारे और खिलौने बेच रहा है ताकि भूख की आग बुझ सके। दादी शीला कहती हैं कि आनन्द भी लिखना-पढ़ना, खेलना चाहता है लेकिन हालात ने उसके पैर बांध दिए। बहरहाल सरकार की किसी योजना में इन बच्चों के लिए कोई जगह हो तो आनन्द को भी उसका लाभ मिले। ताकि उसके परिवार की रोजी-रोटी की व्यवस्था के साथ उसकी पढ़ाई भी हो सके। फोटो एवं विवरण : **मोहित कुमार सिंह।**

## ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में डकैती में पांच को लखनऊ पुलिस ने उठाया

**बरेली, अमृत विचार :** लखनऊ की अपट्रान चौकी के पास 26 जनवरी को बालाजी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री के कर्मचारियों को बंधक बनाकर 80 लाख रुपये की डकैती के मामले में लखनऊ पुलिस ने बरेली में दबिश दी है। पुलिस ने बिथरी चैनपुर क्षेत्र से पांच लोगों को उठाया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम पांचों को लखनऊ लेकर जाएगी।

लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र में संजीव अग्रवाल की फैक्ट्री में हुई डकैती के मामले में लखनऊ पुलिस की टीम ने शुक्रवार से बिथरी चैनपुर क्षेत्र में डेरा डाल रखा है। पुलिस ने नरियावल और उड़ला जागीर समेत अन्य स्थानों पर दबिश देकर पांच आरोपियों को उठा कर देर रात तक पूछताछ की। नरियावल निवासी युवक का डीसीएम डकैती में इस्तेमाल हुआ था, जिसे उड़लाजागीर निवासी युवक किराए पर लेकर लखनऊ ले गया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है। पुलिस ने डीसीएम को भी बरामद कर लिया है।

# सांड़ के हमले में किसान की मौत मामले में प्रधान-सचिव पर रिपोर्ट

संवाददाता, बरेली/मीरगंज

**अमृत विचार :** शाही के गांव सिहौर में सांड़ के हमले में जागनलाल की मौत के मामले में एडीओ पंचायत राजीव शर्मा ने प्रधान मीना देवी और सचिव श्रीपाल गंगवार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव सिहौर निवासी जागनलाल (65) शनिवार दोपहर दरवाजे पर बैठ कर धूप सेंक रहे थे। इस दौरान वहां से गुजर रहे सांड ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रविवार को जागनलाल के बेटे राम आसरे, देवेंद्र पाल और प्रदीप कुमार ने एडीओ पंचायत राजीव शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पिता जागन लाल की आवारा सांड के हमले से मौत हो गई। प्रधान मीना देवी और ग्राम सचिव श्रीपाल गंगवार की लापरवाही से उनके पिता की मौत हुई। इस पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजीव शर्मा ने थाना शाही में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सरकार गोवंश पकड़ने पर पूरा बजट खर्च कर दे, तब भी नहीं निकलेगा हल

**आंवला, अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने छुट्टा गोवंश की समस्या पर कहा कि योगी सरकार पूरा बजट गोवंश को पकडने में खर्च कर दे फिर भी समस्या का हल नहीं निकलेगा। जब तक पशुपालक खुद खड़े नहीं होंगे तब तक समाधान नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गाय के दूध के साथ गोबर से आय बढ़ाने के लिए लट्ठे व अन्य उत्पाद बनाये जा रहे हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से किसी की अंत्येष्टि में गाय के गोबर से बने लट्ठे ले जाने की अपील की। कहा कि पशुपालक गायों का कृत्रिम गर्भाधान करायें जिससे बछिया ही जन्मेगी। पशु पालन करने के लिए सरकार 50 प्रतिशत तक अनुदान दे रही है। उन्होंने पशुओं के चिकित्सकों को महान बताते हुए कहा कि मनुष्य रोग होने पर बता सकता है परंतु पशु चिकित्सक पशुओं के हाव-भाव से बीमारी का आंकलन कर इलाज करता है।

### एक महीने में चार लोगों की सांड़ों के हमले में गई जान

**बरेली,अमृत विचार :** जिले भर में छुट्टा पशुओं से लोग परेशान हैं। इस साल एक महीने में सांड़ों के हमले में चार लोगों की जान चली गई। पिछले साल बंदरों और कुत्तों के हमलों से भी छह लोगों की जान चली गई थी। 3 जनवरी को सीबीगंज के मथुरापुर निवासी पीके कंपनी के सुपरवाइजर अनिल बाइक से फैक्ट्री जा रहे थे। रास्ते में सांड ने उन पर हमला बोल दिया। सड़क पर गिरने के बाद सांड़ करीब 10 मिनट तक उनपर लगातार हमला करता रहा था। इलाज के दौरान उनकी अस्पताल में मौत हो गई। दूसरे मामले में 9 जनवरी को थाना प्रेमनगर के झूलेलाल गेट के पास रहने वाले बनवारी लाल डेलापीर मंडी से सब्जी लेकर घर आ रहे थे। इस दौरान उन्हें सांड ने पटक-पटक कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 24 जनवरी को बारादरी के संजय नगर निवासी रिटायर्ड बैंक मैनेजर करुणा शंकर पांडेय मार्निंग वॉक से घर लौट रहे थे। घर से कुछ दूरी पर उन पर सांड ने हमला कर दिया। इस हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा 3 फरवरी को थाना शाही क्षेत्र के गांव सिहौर में 65 वर्षीय जगनलाल दोपहर को दरवाजे पर बैठ कर धूप सेंक रहे थे। इस दौरान वहां से गुजर रहे सांड ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# वृद्ध की मौत के बाद जागे, सीहोर गांव से आठ सांड़ पकड़े

संवाददाता, दुनका

**अमृत विचार :** सांड़ के हमले में वृद्ध जागनलाल की मौत के बाद रविवार को सीहोर गांव में सांड़ों को पकड़ने का अभियान चलाया गया। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत से आठ पशुओं को पकड़ा। उन्हें निर्माणाधीन म्यूढ़ी बुजुर्ग गोशाला ले जाया गया।

सांड़ लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहे हैं, वहीं अधिकारियों की भी मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। शनिवार को सीहोर गांव में चारपाई पर बैठे 65 वर्षीय बुजुर्ग की सांड़ ने जान ले ली थी। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सीहोर-मीरगंज रोड को जाम कर दिया था। नायब तहसीलदार ने मुआवजे के साथ ही सांड़ों को पकड़ने का आश्वासन दिया था। रविवार को शेरगढ़ बीडीओ सीपी पांडेय, एडीओ पंचायत राजीव शर्मा सीहोर गांव पहुंचे और सांड़ों को पकड़ने का अभियान चलाया। बड़ी मुश्किल से आठ सांड़ों को पकड़ा गया, जिन्हें म्यूढ़ी बुजुर्ग गांव की गोशाला भेजा गया है। सांड़ के हमले में मृत जागनलाल का परिजनों ने रविवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। ग्राम प्रधान पति संजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष तेजपाल गंगवार ने घटना को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।





सांड़ को पकड़कर गोशाला ले जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

# किशोरी को प्रेमजाल में फंसाया ब्लैकमेल कर 3.60 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिकायत पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** किशोरी को प्रेमजाल में फंसाकर युवक ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। उसने किशोरी को ब्लैकमेल करके नकदी व जेवर गिरवीं रखवाकर 3.60 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़िता के पिता ने थाना बारादरी में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बारादरी क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनके घर पर आदित्य भारती निवासी मॉडल टाउन और उसकी दादी का आना जाना था। इसी दौरान आदित्य ने उनकी नाबालिग बेटी से प्रेम संबंध बना लिए। वह बेटी के अश्लील फोटो ओर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा।

उसने उनकी बेटी से उनके एटीएम से एक लाख रुपये और बड़ी बेटी और बेटे की गुल्लक से 60 हजार रुपये निकलवाकर ले लिए। इसके अलावा घर में रखे दो लाख रुपये के जेवर गिरवीं रखवाकर रुपये ले लिए। जानकारी होने पर जब आरोपी और उसके परिजनों से कहा तो सभी धमकी देने लगे।

उसने उनके भतीजे को जान से मारने की धमकी दी और गलत संदेश भी भेजे। किशोरी ने बताया कि आदित्य के साथ उसका पिता अनूप भारती, बुआ अंजुम भारती, चाचा मनु भारती, मामा सूरज भी उसे धमकाते थे। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने आरोपी उसके पिता अनूप भारती, अंजुम, मनु और सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करेगी।

# छुट्टा पशुओं से परेशान किसान खेत बटाई पर देने को मजबूर

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार :** निराश्रित गोवंशीय पशु किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गए हैं। किसान रात दिन फसल बचाने के लिए खेतों पर रखवाली कर रहे हैं।

कई किसानों के खेत अलग-अलग हैं, ऐसे में रखवाली करना मुश्किल हो रहा है। इसके लिए वह खेत बटाई पर दे रहे हैं, जिससे आय बढ़ने की बजाय घट रही है। कई किसान तो खेत बटाई पर देकर मजदूरी करने बड़े शहरों में चले गए हैं।



50 बीघा खेती की जमीन है। पहले मजदूरों से काम कराते थे। रखवाली न कर पाने की वजह से छुट्टा गोवंशीय पशुओं ने सभी फसल उजाड़ दी, इसलिए मजबूरी में खेत बंटाई पर दिए हैं।

**-अजय कुमार पुरी**, मनौना



अलग-अलग 32 बीघा खेतों की रखवाली करना मुश्किल होता है। इसलिए खेत बटाई पर देने पड़े, ताकि बटाईदार फसलों की रखवाली कर सकें। इसकी वजह से आय पर असर पड़ा है। छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं। **-अभय सिंह**, गुलेली गांव



किसानों की आय आधी हो गई है। पहले घर का एक सदस्य ही खेती कर लेता था। आज के समय में एक व्यक्ति रात और दिन खेत की रखवाली नहीं कर सकता है। ऐसे में लोग खेत बटाई पर देने को मजबूर हैं।

**-संजय कुमार सिंह**, बलेई



किसानों की आय का मात्र साधन कृषि है। छुट्टा गोवंशीय पशु फसलों को नष्ट कर रहे हैं। जब फसल ही नहीं होगी तो आय कहां से होगी। किसानों की आमदनी दोगुनी करने के दावे महज हवाई हैं।

**-मनोज सिंह**, शिवपुरी

सांड़ों की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सांड़ों के झुंड में खेत में घुसते हैं और पूरी फसल खराब कर देते हैं। कई बार खेतों से सांड़ भगाने पर वह जानलेवा हमला भी कर देते हैं। इसकी वजह से लोग इकट्ठे होकर फसल की रखवाली करने के लिए जाते हैं।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



## ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

**डॉ० एम.बी. गौतम**
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

**डॉ० अतुल कुमार**
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

**डॉ० संजय मजूमदार**
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

**उपलब्ध सुविधायें**

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनान

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली


# कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ें



बूथ चलो अभियान की बैठक में बोलते विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

**बूथ चलो अभियान की बैठक में कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स**

**बरेली, अमृत विचार :** सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि कार्यकर्ता नए मतदाताओं को भाजपा से जोड़ें। केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। वह रविवार को पार्टी कार्यालय पर महानगर की बूथ चलो अभियान की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं। सरकार की योजनाएं और कार्यकर्ताओं की मेहनत ही चुनाव में जीत का आधार होती है।

विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि कार्यकर्ता लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराएं। गुलशन आनंद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता जिम्मेदारी से कार्य करें। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि 6 से 12 फरवरी तक बूथ प्रभारी अपने बूथों पर 24 घंटे प्रवास करेंगे। वहां लोगों को सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दें और नए मतदाताओं को संगठन के साथ जोड़ें। सरल और नमो एप डाउनलोड करवाएंगे। डॉ. सीपीएस चौहान, उमेश कठेरिया, मनोज थपलियाल, वीरेंद्र अरोड़ा, प्रभु दयाल लोधी, राजीव गुप्ता, प्रत्तेश पांडे, डॉ. तृप्ति गुप्ता, बंटी ठाकुर, पवन अरोड़ा, शीतल गुलाटी, प्रदीप अग्रवाल, सोनू कालरा, सूर्यकांत मौर्य, योगेश कुमार, अमन सक्सेना, संजीव शर्मा, राज किशोर कश्यप आदि मौजूद रहे।

# राज्य सरकार के बजट से उम्मीद लगाए पर्यटन और इंफ्रा सेक्टर

## उद्यमियों ने रखी राय, कहा, अनुकूल योजनाओं के मार्ग पर ही मिलेगी विकास को रफ्तार

बरेली, अमृत विचार : सोमवार को प्रदेश सरकार अपना बजट पेश करने जा रही है। व्यापारियों को उम्मीद है कि बजट में पर्यटन और इंफ्रा सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए योजनाओं की घोषणा की जा सकती है। इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उद्यमियों का मानना है कि आईटी को प्राथमिकता देने के साथ कौशल विकास की योजना पर भी वित्त मंत्री फोकस कर सकते हैं। वे उम्मीद कर रहे हैं कि जनमानस को महंगाई से उबारने वाला बजट होगा।



आईआईए के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में डेयरी, फूड प्रोसेसिंग उद्यमियों के लिए लाभ दिलाने की घोषणा हो सकती है। रोजगार सृजन में ओडीओपी यानी एक जिला एक उत्पाद मील का पत्थर साबित होगा। इसे ब्लाक स्तर पर लाकर किसानों को जोड़ा जा सकता है। बजट में पर्यटन और होटल उद्योग को प्राथमिकता मिल सकती है।



आईआईए के वर्किंग ग्रुप के चेयरमैन सुरेश सुंदरानी ने कहा कि केंद्र सरकार के बजट में लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा नहीं की गई थी। इससे एक वर्ग को निराशा भी हुई। अब प्रदेश सरकार का बजट पेश होगा। लोगों में कुछ मिलने की उम्मीदें तो हैं ही। सरकार समझती भी है और बजट में इसका असर दिखेगा। उद्योगों पर इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी का नौ फीसदी होना ठीक नहीं है। इसे कम किया जाना चाहिए।



सीए रवीन्द्र अग्रवाल का कहना है कि बजट लोक लुभावन होगा। केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया है। लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। प्रदेश सरकार लोगों के लिए कुछ घोषणाएं कर सकती है। टैक्स तो नहीं बढ़ेगा, लेकिन टैक्स में कमी भी नहीं होगी। उद्योगों को छूट मिलने की संभावना कम है। पर्यटन और इंफ्रा पर ही फोकस रहेगा। कहा कि महंगाई ऐसा मुद्दा है जो हर वर्ग को प्रभावित करता है। इस पर लगाम के उपाय किए जाने चाहिए।



सीए अखिल रस्तोगी के अनुसार प्रदेश सरकार का बजट केंद्र सरकार की ही लाइन पर चलेगा एसी उम्मीद है। किसान, युवा, महिलाओं को लाभ वाली कुछ योजाओं के साथ पर्यटन पर भी खासा जोर रहेगा। इसका फायदा होटल उद्योग को मिलना तय है। इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कहा कि योजनाएं व नियम व्यापार व उद्योगों के अनुकूल होने पर ही प्रदेश का चहुंमुखी विकास होगा। बजट में इसे ध्यान में रखा जाना चाहिए।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
**डॉ. आफताब आलम**
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

**डॉ. हारिस अंसारी**
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
**डा. आरिफ हुसैन अन्सारी**
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai



मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

**हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर**
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
**रेनबो हॉस्पिटल**
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
**डॉ. राकेश मिश्रा**
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

**डॉ. रजनीकांत साहू**
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
**बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर**
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

**डा. सतेन्द्र शर्मा**
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
**श्रद्धा केयर अस्पताल**
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
**डॉ. जी.एस. पुन्डीर**
(एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

**डा० आदित्य त्यागी**
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
**आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर**
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# पासपोर्ट आवेदकों के लंबित मामलों के निस्तारण के लिए समय निर्धारित

**बरेली, अमृत विचार :** पासपोर्ट कार्यालय की ओर आवेदकों की समस्याओं को दूर करने के लिए राहत दी गई है। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि ऐसे आवेदक, जिनकी फाइल किसी वजह से लंबित है और वे इन्क्वायरी अप्वाइंटमेंट नहीं ले पा रहे हैं तो सोमवार, बुधवार या शुक्रवार को सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक पासपोर्ट कार्यालय आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदकों की समस्या का हर संभव समाधान किया जाएगा।

# सफाई कर्मियों ने ठेका प्रथा का किया विरोध



सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में प्रदर्शन करते डोर टू डोर संविदा कर्मचारी।

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का काम कर रहे कर्मचारियों ने ठेका प्रथा का विरोध करते हुए संविदा पर तैनात करने की मांग की है। दामोदर स्वरूप पार्क में बैठक में कहा कि जो लोग संविदा में सफाई कार्य में लगे हैं उनका बीमा कराया जाए। उनके परिवारों को अच्छे इलाज के लिए ईएसआई कार्ड जारी किया जाए। इस दौरान राकेश, अजय, उमेश, वीरपाल, अनुज कुमार सहित तमाम लोग रहे।

# अपने मूल वोटरों को जोड़ने की कवायद में जुटी कांग्रेस



कार्यालय पर प्रेस वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **12 फरवरी तक पार्टी के फ्रंटल संगठनों के कार्यकर्ता न्याय पंचायतों में जाएंगे**
- **कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले- दलित मुस्लिम, ब्राह्मण मतदाताओं का भरोसा जीतने की तैयारी**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले सियासी जमीन मजबूत करने के लिये कांग्रेस ने हाथ-पैर मारने शुरू कर दिये हैं। सालों पहले पार्टी से किनारा कर चुके वोटरों में भरोसा पैदा करने की कोशिश की जा रही है। रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि अपने मूल वोटरों को पार्टी से जोड़ने के लिये न्याय पंचायत स्तर पर में फ्रंटल संगठनों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि भाजपा को सत्ता से दूर करने के लिए कांग्रेस पार्टी अपने मूल मतदाताओं में आधार मजबूत करने की कोशिश कर रही है। मुस्लिम, दलित और ब्राह्मण वर्ग कांग्रेस पार्टी का मूल वोटर हुआ करता था। इन्हें फिर जोड़ने के लिए दो से 12 फरवरी तक अभियान चलाया जा रहा है। फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ न्याय पंचायत स्तर तक मतदाताओं से संपर्क करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आई है। जिला प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल मतदाता लौट आए तो कांग्रेस की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। जिला उपाध्यक्ष जुनेद हसन एडवोकेट, कमर गनी, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, सुरेश वाल्मीकि, मैदान शाह, शक्ति शर्मा व अन्य शामिल रहे।

### गिनाया जातिगत गणित

अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन कमर गनी ने जातिगत गणित गिनाते हुये कहा की उत्तर प्रदेश में मुस्लिम लगभग 20 प्रतिशत और दलित मतदाता लगभग 22 प्रतिशत हैं। ये दोनों जातियां मिलकर कांग्रेस को वोट दें तो लगभग 41 प्रतिशत होगा है। इसके साथ बाकी जातियों का भी कुछ वोट कांग्रेस पाने सफल हो जाती है तो पार्टी को सत्ता में आने से कोई नहीं रोक सकता है।

## सार-संक्षेप

### मधुमेह कॉन्फ्रेंस में डॉ. राजीव गोयल ने दिया व्याख्यान



**बरेली,अमृत विचार :** भारतीय चिकित्सा संघ बरेली के अध्यक्ष व वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. राजीव गोयल ने मधुमेह रोग पर लखनऊ में आयोजित कॉन्फ्रेंस आरएसएसडीआई-2024 में डायबिटीज और हार्ट फेल्यर पर विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि डायबिटीज के मरीजों में बिना धमनियों में रुकावट के भी हार्ट फेल्यर हो जाता है जिसका प्रमुख कारण ब्लड शुगर का अनियंत्रित रहना, इन्सुलिन रेजिस्टेंस व डायबिटिक मायोकार्डियल डिसफंक्शन है। डायबिटीज की कुछ दवाइयां जैसे ग्लिटाजोन, सल्फोन्यूरिया और इन्सुलिन भी हार्ट फेल्यर को बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने आगे बताया कि लखनऊ के डॉ. अजोय तिवारी , लखनऊ यूपीडीए के अध्यक्ष डॉ. मनोज श्रीवास्तव , केजीएमसी के विभागाध्यक्ष डॉ. नरसिंह वर्मा , प्रयागराज की डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, मेरठ की डॉ. संध्या गौतम व अन्य चिकित्सकों की ओर से भी जानकारी साझा की गई।

### समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** ऑल इंडिया कल्चरल एसोसिएशन ने 34 वें अखिल भारतीय नृत्य, नाट्य एवं संगीत समारोह के सफल आयोजन के बाद रविवार को समीक्षा बैठक की। अध्यक्ष राजीव शर्मा टीटू ने आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी बंटी खान और वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सैनी ने पूरे मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया। महासचिव सुनील धवन ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. सैय्यद सिराज ने सांस्कृतिक रंगयात्रा को यादगार बताया। उपाध्यक्ष देवेन्द्र रावत, संरक्षक मोहम्मद नबी, पवन कालरा, प्रदीप मिश्रा, मेराज, नाहिद बेग, दिलशाद, शिवम प्रजापति,अमित कक्कड़, इफ्फत सिराज, हरजीत कौर, शालू सैनी, सोनिया धवन, शहनाज, पुष्पा शर्मा, जेबा, वर्षा शर्मा, पीहू सैनी, सरताज गजल मौजूद रहे।

### बसंत उत्सव की तैयारियों पर की चर्चा



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने रविवार को विद्युत निरीक्षण भवन में बैठक की, जिसमें तीन मार्च को कुर्मांचल नगर में आयोजित होने वाले 16 वें बसंत उत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। महासभा के राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल बताया कि बसंत उत्सव में उत्तराखंड के लोक प्रसिद्ध गायक इंद्र आर्या, सुषमा खर्कवाल, बीपी ध्यानी का अभिनंदन महासभा की ओर से किया जाएगा। नवम स्वर्गीय डॉ. वीरेन डंगवाल साहित्य सम्मान सिया सचदेव को प्रदान किया जाएगा। महासचिव चंदन सिंह नेगी ने उत्सव में लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। सी जोशी, सुबोध कंडवाल,सतीश नैथानी, अवनीत नेगी, गिरीश पांडे, भुवनेश घिल्डियाल, आनंद रौडियाल ,सुभाष ,गोपाल ,महेश खड़कवाल, गौरव मिश्रा, भास्कर रावत, महेश पांडे आदि मौजूद रहे।

# एनआईआरएफ में ओवरआल के साथ लॉ और इनोवेशन में भी रुविवि का आवेदन

## क्यूएस में भी 9 तक करेगा आवेदन, इंजीनियरिंग में एबीए रैंकिंग में लेगा हिस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नैक में ए डबल प्लस ग्रेड और ईडू रैंकिंग में प्रदेश में नौवां स्थान पाने के बाद अब रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग बेहतर करने की तैयारी शुरू कर दी है।



विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ में चार वर्ग में आवेदन किया है। इसके अलावा 9 फरवरी तक क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में आवेदन किया जाएगा। इस बार विश्वविद्यालय एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन) में भी आवेदन करेगा। इसकी तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। जल्द ही एक बैठक इंजीनियरिंग विभाग की बुलाई जाएगी। विश्वविद्यालय ने पिछले साल एनआईआरएफ में ओवरऑल, फार्मेसी और इंजीनियरिंग वर्ग में हिस्सा लिया था। हालांकि विश्वविद्यालय को कोई रैंक प्राप्त नहीं हुई थी लेकिन उसे अच्छे अंक मिले थे। इस बार एनआईआरएफ में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी। आईडीएसपी एंड रैंकिंग सेल के समन्वयक प्रो. विनय ऋषिवाल ने बताया इस बार ओवरआल के अलावा फार्मेसी, लॉ और इनोवेशन वर्ग में भी आवेदन किया गया है। इनोवेशन का वर्ग रैंकिंग में पहली बार शामिल किया गया है। इसमें इन्क्यूबेशन सेंटर, स्टार्टअप समेत अन्य जानकारी दी गई हैं। इस बार इंजीनियरिंग के लिए एनबीए में आवेदन किया जाएगा। वहीं क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में डाटा तैयार किया जा रहा है। अंतिम तिथि 9 फरवरी है, जल्द ही आवेदन किया जाएगा। विधि संकायाध्यक्ष डॉ. अमित सिंह ने बताया कि एनआईआरए में आवेदन के लिए इस बार लॉ में भी आवेदन किया गया है।

इसके लिए छात्रों की संख्या, प्लेसमेंट में पिछले पांच साल में 55 मजिस्ट्रेटों की तैनाती, 60 सरकारी शिक्षकों, 50 अन्य अधिकारियों, 16 पीएचडी, 300 नेट छात्रों, आठ पाठ्यक्रमों समेत अन्य डाटा भरा है।

### सत्र समय पर पूरा करने की भी हो रही तैयारी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय सत्र भी समय पर पूरा करने की तैयारी में जुटा हुआ है। इसके लिए लगातार परीक्षा समय पर कराई जा रही हैं और मूल्यांकन भी किया जा रहा है। स्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त हो चुकी हैं और इनका काफी हद तक मूल्यांकन भी हो चुका है। अभी एलएलबी और बीएलएलबी की परीक्षा चल रही है। 20 फरवरी से परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हो गई। जल्द ही नर्सिंग परीक्षा का भी कार्यक्रम जारी होगा। इसके साथ ही पुराने पाठ्यक्रम के तहत स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का भी कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

# सिर्फ दो महीने में कंपोजिट ग्रांट का उपभोग करना होगा मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहली बार परिषदीय स्कूलों को भेजी जा रही आधी कंपोजिट ग्रांट

**अमृत विचार :** इस बार परिषदीय स्कूलों के लिए महज 50 फीसदी कंपोजिट ग्रांट भेजी जा रही है। सत्र समाप्त होने में दो माह से भी कम समय शेष रह गया है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक 31 मार्च तक सभी स्कूलों को कंपोजिट ग्रांट का उपभोग करना अनिवार्य होगा। इतने कम समय में कंपोजिट ग्रांट का उपभोग करने को लेकर शिक्षक परेशान हैं।

पूरी ग्रांट आने की उम्मीद में कई स्कूलों में तो शिक्षकों ने जरूरी कार्य अपने खर्च पर करा लिए। स्कूलों में रंगाई-पुताई, मरम्मत व अन्य कार्यों के लिए श्रमिकों को पैसे तुरंत देने होते हैं। श्रमिकों के पास बिल देने की व्यवस्था नहीं होती। अब इनके भुगतान में भी दिक्कत आएगी।

> सभी स्कूलों में कंपोजिट ग्रांट भेजी जा रही है। साथ ही निर्धारित समयावधि में ग्रांट के उपभोग के लिए भी सभी प्रधानाध्यापकों को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं।
> –संजय सिंह, बीएसए

### पहले ग्रांट आती तो उपभोग करना आसान होता

वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि स्कूल ग्रांट भी किताबों की तरह सत्र के आरंभ में आती तो और बात होती। पहली बार आधी ग्रांट आ रही है। इतने कम समय में अपभोग करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। सभी कार्य कैसे होंगे इसे लेकर शिक्षक चिंतित हैं। जिलाध्यक्ष, यूटा भानू प्रताप सिंह ने कहा कि विभागीय शिथिलता के चलते परेशान होना पड़ता है। इस बार ग्रांट बहुत देर से भेजी गई है, वह भी आधी। आगामी सत्र से पहले ग्रांट का उपभोग कर पाना शिक्षकों के लिए परेशान करने वाला है।



बरेली कॉलेज के हॉकी मैदान में एनसीसी ए प्रमाण पत्र परीक्षा के दौरान कैडेट्स का साक्षात्कार लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

# पहली बार ओएमआर शीट पर हुई एनसीसी परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** निदेशालय के निर्देश पर 21 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से ए प्रमाण पत्र की परीक्षा रविवार को बरेली कॉलेज में आयोजित की गई।

पहली बार लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर हुई। इसमें कैडेट्स से करंट अफेयर्स, सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में मिलक इंटर कॉलेज, आर्मी, बिशप, एमबी, केडीएम, आरएनटी, केवी जेएलए प्रथम और द्वितीय, हरिती पब्लिक स्कूल, आरती इंटर कॉलेज मीरगंज, चाचा नेहरू इंटर कॉलेज आंवला, सीएएस इंटर कॉलेज फरीदपुर, ठाकुर रोशन सिंह इंटर कॉलेज चटिया फैजू आदि विद्यालयों के करीब 350 से अधिक कैडेट्स ने भाग लिया। वहीं, कैडेट्स ने शारीरिक में ड्रिल, मैप रीडिंग, फिल्ड और बैटल क्राफ्ट आदि की भी परीक्षा दी। इस दौरान ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर संदीप वर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कमांडिंग आफिसर कर्नल अमन नेगी, डॉ. अचल अहेरी, सूबेदार मेजर वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नरसी की कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर

**बरेली, अमृत विचार :** आनंद आश्रम में आयोजित भक्तमाल कथा में रविवार को कथाव्यास गौरदास महाराज ने बताया कि पूर्व जन्म में राजा मुचुकुंद को ठाकुर जी ने वरदान दिया कि कलयुग में भक्तराज नरसी मेहता के रूप में प्रसिद्ध होंगे और स्वयं भक्ति कर दूसरों को भी भक्ति का दान करेंगे।

बताया कि कलियुग में नरसी मेहता को सात दिन की ही भक्ति में भोले नाथ ने दर्शन दिए और वृंदावन धाम ले गए। वहां राधा गोविंद की रासलीला के प्रत्यक्ष दर्शन करवाए। ठाकुरजी ने नरसी को अपनी वनमाला और पीत वस्त्र प्रदान किए। नरसी अपने गुरुदेव भोलेनाथ का दिया राधा कृष्ण नाम का ही जीवन भर कीर्तन और गोपी भाव की भक्ति करते रहे। अपने जीवन काल में उन्हें करीब 52 बार ठाकुरजी के प्रत्यक्ष दर्शन हुए। कथाव्यास ने बताया कि भक्त नरसी की कथा से प्रेरणा मिलती है कि गृहस्थ धर्म में रहते हुए राधा गोविंद की भक्ति कर जुगल सरकार के चरण कमलों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। आश्रम अध्यक्ष संत ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती, नरसिंह मोदी , अनिल गुप्ता, अनिल अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, पुजारी सचिन शर्मा, रवि दीक्षित, गुलाब आदि मौजूद रहे।



आनंद आश्रम में भक्त नरसी की कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- आनंद आश्रम में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु



कथाव्यास गौरदास महाराज।

# बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मनमोहक प्रस्तुति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बीसलपुर रोड स्थित राधा माधव पब्लिक स्कूल में रविवार को 34 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने शबरी के श्रीराम, हिंदी-अंग्रेजी नाटक, कश्मीर, गुजरात, पंजाब, मेघालय, यूपी सहित विभिन्न प्रांतों की लोक परंपराओं पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रमों के माध्यम से अनेकता में एकता का संदेश दिया गया।

स्कूल प्रबंधक प्रेमशंकर अग्रवाल ने स्कूल की वार्षिक योजनाओं के बारे में बताया। कक्षाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को हरिओम अग्रवाल मेमोरियल, संस्कृत विषय में 100 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले छात्रों को नंद लाल साबू मेमोरियल और प्राइमरी, जूनियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को राम मोहनलाल अग्रवाल मेमोरियल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 9 वीं और 11वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को राम स्वरूप अग्रवाल मेमोरियल, सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को वीएन अग्रवाल मेमोरियल पुरस्कार दिया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने की। इस मौके पर अभिभावक, शिक्षक और बच्चे उत्साहित दिखे। संयोजक सुरेश चन्द्र अग्रवाल, राम प्रकाश अग्रवाल, वीरेंद्र स्वरूप अग्रवाल, नरसिंह मोदी, नितिन काबरा, प्रधानाचार्य सोमेश आर्य आदि उपस्थित रहे। संचालन शिल्पी अग्रवाल ने किया।




राधा माधव पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

- राधा माधव पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव
- कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को किया पुरस्कृत



वार्षिक उत्सव में मौजूद वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और स्कूल प्रबंध समिति के पदाधिकारी।

# मौनी अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग भी

**बरेली, अमृत विचार :** नौ फरवरी को मौनी अमावस्या है। इस दिन गंगा स्नान करने और दान पुण्य का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषाचार्य रमाकांत दीक्षित ने बताया कि मौनी अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। सुबह 7 :5 से रात को 11. 29 बजे तक यह योग रहेगा। गंगा स्नान और दान पुण्य करने से मंगलफल की प्राप्ति होगी।

पशुपति नाथ मंदिर में पुजारी एवं ज्योतिषाचार्य मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस तिथि पर उपयुक्त समय पर जाप, अनुष्ठान व पूजा- अर्चन करने से अनेक शुभकारी फल प्राप्त होते हैं। बताया कि शनि के अशुभ प्रभाव से मुक्ति के साथ मन को शांति मिलती है। मान्यता है कि दान करने से पहले सवा घंटे तक मौन रख लिया जाए तो पुण्यकाल 16 गुना बढ़ जाता है। मौनी अमावस्या पर मनु ऋषि का जन्म हुआ था। मनु से ही मौनी शब्द की उत्पत्ति हुई है।

# भावनाओं और स्वार्थ में द्वंद्व है 'कनिंग इश्क'



रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को अखिलेश शर्मा की कहानी 'नई शताब्दी का प्यार' पर आधारित नाटक ''कनिंग इश्क'' का मंचन हुआ। इसका निर्देशन सत्येंद्र त्रिवेदी ने किया।

लखनऊ के थिंकिंग व्हाइल स्लीपिंग पिक्चर्स एंड थिएटर ग्रुप की ओर से प्रस्तुत इस नाटक में आधुनिक इश्क और पुराने जमाने के प्रेम को दिखाने का प्रयास किया गया। वह प्रेम जो ऋषिकेश मुखर्जी की फिल्मों में दिखता था, जिसमें नायक - नायिका के बीच निस्वार्थ और मासूमियत भरा प्रेम होता था। प्रेम करने वाले आज भी वही हैं, लेकिन आज इनके इश्क में स्वार्थ आ गया है। नाटक की कहानी इसकी मुख्य पात्र 22 वर्षीय दीपा के आसपास घूमती है। नाटक में मंशिका, प्रत्युष मिश्रा, तनु पांडेय, सत्येन्द्र त्रिवेदी, आशीष कुमार, श्वेता यादव, अमित वेनवंशी, दीपाली यादव, सत्येन्द्र मौर्य, कनिष्का गुप्ता, अरबाज, आदर्श, शिवम, आदित्य, सौरभ कुमार, अर्णव दीक्षित, श्रेया गुप्ता ने भूमिका निभाई। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डा.एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ.रीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 24 घंटे नाइटविजन कैमरों से होगी प्रश्नपत्रों की निगरानी

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा के प्रश्नपत्रों की निगरानी 24 घंटे नाइटविजन कैमरों से की जाएगी। जिले में 133 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा में करीब 96 हजार विद्यार्थी बैठेंगे। परीक्षा 22 फरवरी से प्रस्तावित है। अधिकारियों के अनुसार प्रश्नपत्रों की नाइटविजन कैमरों के जरिए ऑनलाइन निगरानी होगी। प्रधानाचार्य कक्ष से अलग एक सुरक्षित कक्ष को स्ट्रांग रूम के तौर पर तैयार कराया जा रहा है। यहां डबल लॉक युक्त आलमारी में प्रश्नपत्रों को रखा जाएगा। 15 फरवरी तक केंद्रों पर प्रश्नपत्र और उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचने की उम्मीद है। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि बोर्ड के निर्देश के अनुसार केंद्रों पर स्ट्रांग रूम तैयार करने के निर्देश प्रधानाचार्यों को दिए गए हैं। स्ट्रांग रूम की चाबी केंद्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास भी सुरक्षित रहेगी।

- डबल लॉक युक्त आलमारी में प्रश्नपत्रों को रखा जाएगा

# मॉडल टाउन गुरुद्वारा में शुरू हुई दशमेश डिस्पेंसरी



गुरुद्वारा परिसर में संचालित डिस्पेंसरी में मरीज की जांच करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा परिसर में रविवार से दशमेश डिस्पेंसरी का संचालन शुरू हो गया। इस मौके पर गुरुद्वारे में अरदास की गई। आईएमए के मेडिकल आफिसर डॉ. जेपी सेठी के नेतृत्व में डिस्पेंसरी की सुविधाएं जन सामान्य को मिलेंगी। उन्होंने बताया कि सर्दियों में सुबह 8 :30 से 10 :30 बजे तक डिस्पेंसरी चलेगी। डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. मनमीत सेठी चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करेंगे। गुरुद्वारा समिति के प्रधान मालिक सिंह कालड़ा ने बताया कि यहां सात दिन का पर्चा, 20 रुपये में प्रति दिन की दवा, 70 रुपये प्रति दिन फिजियोथेरेपी और चैरिटेबल रेटों पर पैथोलॉजी की जांच की सुविधा लोगों को मुहैया कराई जाएगी। गुरदीप सिंह बग्गा, राजेंद्र सिंह, कर्नल बिंद्रा, राणा प्रताप सिंह, बलविंदर सिंह, मनदीप सिंह, अमनदीप सिंह सोढ़ी, परमजीत सिंह ओबेरॉय, तिलक राज, दीदार सिंह, डा. केएम अरोड़ा, गुरमीत सिंह, सतवंत सिंह चड्ढा, अमरजीत सिंह बग्गा, रवि छाबड़ा, हरनाम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# संघ स्वयंसेवकों का एकजुटता पर जोर

**राजपुर कलां, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर हरी नगर अलीगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड मझगवां के अलीगंज मंडल के एकत्रीकरण का कार्यक्रम हुआ। इसमें कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर जोर दिया गया।

मुख्य वक्ता धर्मेंद्र भारत विभाग प्रचारक बरेली ने कहा कि हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जात-पात भुलाकर एकता के साथ रह कर आगे बढ़ना है। तभी हम देशहित में कार्य कर सकेंगे। नगर खंड प्रचारक रोहित कुमार ने स्वयंसेवकों से संघ की मजबूती के लिए प्रचार-प्रसार में बढ़ चढ़कर योगदान की अपील की। कार्यक्रम में सोमपाल सिंह, नितिन महाजन, भानुप्रताप, डीसी वर्मा,राजेश गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

**व्यायाम जरूरी**

**गट्स ब्रेन एक्सिस के चलते हो रहीं पेट की समस्याएं, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. अनिल गंगवार ने साझा किए सुझाव**

# तनाव की वजह से गैस्ट्रो की समस्या से जूझ रहे युवा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** लंबे समय तक बने रहने वाला तनाव शरीर को बहुत ज्यादा प्रभावित करने लगता है। इसका मुख्य दुष्प्रभाव पेट में देखने को मिलता है। चिकित्सकों की भाषा में इसे गट्स ब्रेन एक्सिस का असंतुलन कहा जाता है। अनियमित खानपान के चलते गैस की बीमारी आम हो गई है। इस समय युवाओं की बड़ी संख्या गैस्ट्रो से जूझ रही है। उन्हें दिनचर्या में बदलाव और खानपान में परहेज की जरूरत है। यह बात वरिष्ठ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. अनिल गंगवार ने अमृत विचार से विशेष भेंट के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि रोजाना ओपीडी में 40-45 प्रतिशत गेस्ट्रो से पीड़ित युवा पहुंच रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण तनाव है। इसके अलावा सुबह विलंब से जागने, खाली पेट चाय पीने, फास्ट फूड और तैलीय या मिर्च-मसालायुक्त भोजन गैस्टिक बना देता है। ज्यादा देर भूखे रहने पर अम्ल का स्राव होता है। बाद में यही गैस्टिक बन जाता है। लगातार गैस्टिक रहने और परहेज नहीं करने की वजह से अल्सर की भी संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि मस्तिष्क में पाए जाने वाले रसायन सेरोटोनिन के असंतुलन से अवसाद जैसी बीमारियों की शिकायत होती है। ये स्थिति तब है जब मस्तिष्क में सेरोटोनिन की महज पांच प्रतिशत मात्रा होती है। इसकी 95 प्रतिशत मात्रा पेट में होती है, जो पाचन क्रिया में सहायक द्रव्यों के बनने में सहयोग करता है। आमतौर पर तनाव से सबसे पहले पाचन क्रिया प्रभावित होती है। चिकित्सकीय भाषा में इसे गट्स ब्रेन एक्सिस का बिगड़ना कहा जाता है। इससे बचाव के लिए युवा शारीरिक व्यायाम करें और पोषण युक्त डाइट लें।



ओपीडी में मरीज को परामर्श देते डॉ. अनिल गंगवार। ● अमृत विचार

### डॉ. अनिल ने डीएम गैस्ट्रो में किया टॉप

डॉ. अनिल गंगवार का जन्म 29 दिसंबर 1990 को बीसलपुर के इमलिया अरौरा गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम ज्ञान प्रकाश गंगवार और माता सुशीला देवी हैं। हाईस्कूल 2004 में सरस्वती विद्या मंदिर बीसलपुर से किया। 2008 में कंबाइंड प्री मेडिकल टेस्ट में 256 वीं रैंक मिली। इसके बाद गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया जिसमें टॉप 20 में स्थान बनाया। 2013 में किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ से एमडी में ऑल इंडिया स्तर पर 18वीं रैंक आई। चंडीगढ़ मेडिकल कॉलेज से डीएम गेस्ट्रो किया जिसमें ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त की।

समस्या आपकी समाधान
INTERNATIONAL SEXOLOGIST
• Groth Hormone
• Testosterone Hormone
• L.H Hormone
• F.S.H.Hormone
• Vitamin D
• Prolaction Hormone
• Suger/ • B.P
• ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE
सभी जाँच करवा कर WhatsApp पर करें और घर वैठे इलाज करवायें
नरेन्द्र कुमार- मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।
पवन कुमार- आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमश: बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH
नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।
Singh Clinic An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरुष गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist
रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

# बुआ के घर आई युवती की ट्रेन से कटकर मौत

**बरेली, अमृत विचार :** मढ़ीनाथ में ट्रेन से कटकर 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई। सीबीगंज निवासी युवती दो दिन पहले गणेशनगर, सुभाषनगर में में अपनी बुआ के यहां आई थी। परिजनों ने मानसिक स्थिति ठीक न होने से जान देने की बात कही है।

**दो दिन पहले सीबीगंज से गणेशनगर आई थी युवती**

सीबीगंज थाना क्षेत्र के बल्लाकोटा निवासी ड्राइवर हरीश कुमार ने बताया कि दो दिन पहले उनकी बेटी अलका गणेशनगर में अपनी बुआ लक्ष्मी के घर आई थी। उसकी एक महीने से मानसिक स्थिति खराब चल रही थी और मानसिक अस्पताल में उपचार भी चल रहा था। रविवार की सुबह करीब 6 बजे अलका ने मढ़ीनाथ पुलिया के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। अलका के चार भाई हैं।

# बकरा चोर सोनू अंसारी गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार :** किला पुलिस ने बकरा चोर को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर किला हरेन्द्र सिंह ने बताया कि किला छावनी निवासी जेबा का बकरा शनिवार को चोरी हो गया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले तो पता चला कि बारादरी के सूफी टोला निवासी सोनू अंसारी बकरा ले जाते दिखा। उसे मिनी बाईपास इज्जतनगर रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ किला, इज्जतनगर, बारादरी में छह मुकदमे पंजीकृत हैं। इज्जतनगर पुलिस सोनू के खिलाफ गिरोहबंद की भी कार्रवाई कर चुकी है।

# जमीन बेचने के बहाने रामपुर के पिता-पुत्र ने 65 लाख ठगे

## कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने चार लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रामपुर के मिलक के एक जालसाज परिवार ने एक व्यक्ति से जमीन बेचने के नाम पर 65 लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर बारादरी थाना पुलिस ने पिता, पुत्र, पुत्रवधू समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बारादरी के मॉडल टाउन निवासी शम्मी कपूर ने बताया कि वह मछली पालन के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इस दौरान उनके पास जिला रामपुर के कस्बा मिलक के मोहल्ला असदुल्ला निवासी अखिलेश दत्त पांडेय आए और अपनी जमीन बेचने की इच्छा जताई। शम्मी कपूर के अनुसार अखिलेश ने बताया कि मिलक रामपुर रोड पर एक फैक्ट्री के पास उनकी जमीन है। 20 बीघा जमीन का सौदा 4.34 करोड़ रुपये में तय हो गया।

**20 लाख रुपये नकद और 45 लाख चेक से दिए थे**

19 जुलाई 2022 को अखिलेश पत्नी और साथी विमल के साथ बरेली आए और बयाना मांगा। उन्होंने उन लोगों को 20 लाख नकद और 45 लाख रुपये चेक के माध्यम से दे दिए। आरोप है कि नाप में जमीन 20 बीघा से कम होने के साथ बैंक में बंधक निकली। जमीन फैक्ट्री के काफी पीछे थी, जहां जाने का रास्ता भी नहीं था। ठगी का पता चलने पर आरोपियों से रुपये मांगे तो जान से मारने धमकी दी। पुलिस से शिकायत की, मगर सुनवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर बारादरी पुलिस ने अखिलेश पांडेय, उसके पिता माधव शरण पांडेय, अखिलेश की पत्नी और विमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
RMCH BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*"राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

# प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश में मारपीट, छह पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास रोड पर दबंगों ने प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध पर मारपीट की और तमंचे से फायर कर दिया जो मिस हो गया। इज्जतनगर पुलिस ने चार नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के तुलाशेरपुर निवासी शिवम ने बताया कि डा. भारती गुप्ता का प्लॉट पीलीभीत बाईपास रोड पर है। यहां मनोज चौकीदार है। 11 दिसंबर को दिन में करीब 3:30 बजे प्लॉट पर वह व चौकीदार थे। अभिराज उपाध्याय उसका पिता अदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू, उसका चाचा आकाश उपाध्याय निवासी लालपुर, संजयनगर निवासी अनुज मिश्रा व दो अज्ञात लोग आए और प्लॉट पर कब्जे का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से तमंचा से फायर किया, लेकिन मिस हो गया। आरोपियों ने मारपीट की और जाति सूचक गालियां दीं। लोगों के आने पर हवा में फायरिंग कर तमंचे लहराते हुए भाग गए। इज्जतनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# प्लॉट बेचने के बहाने 1.80 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा के अल्प संख्यक मोर्चा के ब्रज प्रदेश के कथित सह सोशल मीडिया प्रभारी ने प्लॉट बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से 1.80 लाख रुपये की ठगी कर ली। रुपये मांगने पर आरोपी ने बंद खाते का चेक दे दिया, जो बाउंस हो गया। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

प्रेमनगर के ब्रह्मपुरा टायर मंडी निवासी फिरोज खां ने बताया कि वह प्लॉट खरीदना चाहते थे। इमरान खां उर्फ अरशद पठान ने उन्हें बताया कि उसका ईंट पजाया चौराहा पर प्लॉट है। उसने एक

**कथित भाजपा नेता पर आरोप रुपये मांगने पर दे दिया बंद खाते का चेक, रिपोर्ट**

प्लॉट दिखाया। उसके बाद उन्होंने बयाना के 1.80 लाख रुपये दे दिए।

जब उससे बैनामा कराने को कहा तो वह टालमटोल करने लगा। आसपास के लोगों से कहने पर पंचायत हुई। तब आरोपी ने एक चेक दिया जो बैंक में लगाने पर बाउंस हो गया। उसने फेसबुक पर भी उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी की है। एसएसपी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी इमरान खां उर्फ अरशद पठान के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घर में घुसकर दबंगों ने की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर के कालीधाम कॉलोनी वीरभट्टी के पास दंबंगों ने घर में घुसकर युवक से मारपीट की। सुजीत यादव ने बताया कि कुछ दिनों पहले उनकी छोटी बहन की शादी दामोदरपुरम कॉलोनी निवासी युवक से हुई थी। पड़ोसी छोटेलाल शादी के कारण रंजिश मानने लगे। शनिवार को उनका भांजा अंश दरवाजे पर खेल रहा था, तभी छोटेलाल, कल्यान, रमेश, महेश, आकाश ने घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमले में पीड़ित और उसकी मां घायल हो गईं। शिकायत पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# एमलिब के छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान



बरेली कॉलेज के पुस्तकालय में हुए व्याख्यान में शामिल हुए छात्र। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में एमलिब छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान हुआ। इसमें डॉ. पंकज सिंह ने नॉलेज ऑरगेनाइजेशन एंड प्रोसेसिंग पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. शकुंतला सिंह, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. हलीमा खातून, डॉ. गणेश बाबू शर्मा उपस्थित रहे।

# आज कई इलाकों में घंटों गुल रहेगी बिजली

**आंवला, अमृत विचार:** अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खंड आंवला प्रेमप्रकाश पाल ने बताया कि 33 केवी पोषक रहटुईया, पुन्नापुर, सिरौली, अलीगंज, बरसेर विधुत उपकेंद्रों पर स्विच गियर और 33 केवी लाइन का अनुरक्षण काम किया जाएगा। इसलिए इन उपकेंद्रों की सप्लाई 5 फरवरी की सुबह 11:30 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी।

# बीमारी से बचने के लिए उन्नतशील गन्ना बोएं

**देवरनियां, अमृत विचार :** किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा ने किसानों को अच्छी प्रजाति के गन्ने की बुवाई के लिए प्रेरित कर 0238 गन्ने की बुवाई से बचने को कहा गया है । अधिकारियों ने मिल यार्ड में किसानों को बसंत कालीन गन्ने की बुवाई करने के लिए कहा । 0238 में लाल रंग ( रेड राट) की बीमारी ज्यादा लगती है, इसलिए इस प्रजाति को बोने से बचें।

# दरगाह हजरत आजम अली शाह पर हुआ कुल



दरगाह हजरत आजम अली शाह पर कलाम पढ़ते कव्वाल। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** जखीरा स्थित दरगाह हजरत आजम अली शाह मियां पर रविवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। दिन भर अकीदतमंद चादरें लेकर आते रहे। कव्वाल चौकियों ने खानकाह-ए-नियाजिया के बुजुर्गों के कलाम पढ़कर महफिल को झूमने पर मजबूर कर दिया। दरगाह प्रबंधक फईम अहमद ने कमेटी सदस्यों की दस्तारबंदी की। आखिर में कुल की फातिहा हुई, जिसमें मुल्क में अमन और भाईचारे की दुआ की गई। दरगाह प्रबंधक और जावेद ने सभी को तबर्रुक बांटा।

केशलता अस्पताल
KESHLATA CANCER HOSPITAL LTD BAREILLY
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
• नि:शुल्क परामर्श
• बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
• खून की जांचों पर भारी छूट
• एक्स-रे पर भारी छूट
• सभी दवाइयों पर भारी छूट
• आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
• कैंप में रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज
नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 11 फरवरी 2024, रविवार
25 फरवरी 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल
काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# अब मुर्गियों का भी होगा बीमा: धर्मपाल

## किसानों को ऑक्सीजन देने वाले पेड़ लगाने पर मिलेगा भुगतान: डॉ.अरुण

संवाददाता, आंवला



विभाग की ओर से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन करते कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री अरुण सिंह व अन्य । • अमृत विचार

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेले में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि पशु सेवा हमारा धर्म है। वन मंत्री के सहयोग से वन विभाग की जमीन पर भी गोवंशीय पशुओं को आश्रय देने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार मुर्गियों का भी बीमा कराएगी। मरने पर बीमा कंपनी 50 रुपये प्रति मुर्गी का भुगतान करेगी।

आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित मेले में उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता में गोशाला, पाठशाला, व्यायाम शाला, और यज्ञशाला का बहुत महत्व था, परंतु विडंबना है कि गाय दूध देना बंद कर देती है तो छोड़ देते हैं।

वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने किसानों से कहा कि आय बढ़ाने के लिए खेत की मेड़ पर पेड़ लगाएं। अब ऑक्सीजन देने वाले पेड़ लगाने पर भुगतान किया जाएगा। इस वर्ष से बरेली के किसानों को इसका लाभ देने की योजना है। सांसद आंवला धर्मेन्द्र कश्यप ने कहा सरकार गोवंश की समस्या पर ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुकी है। आज हम सभी राम राज्य की परिकल्पना को देख रहे हैं। मोदी जी हैं तो मुमकिन है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, बिथरी चैनपुर विधायक डा. राघवेंद्र शर्मा, मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, महापौर उमेश गौतम आदि ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने मनुष्यों के डॉक्टरों से पशुओं के चिकित्सकों को महान बताते हुए कहा मनुष्य रोग होने पर अपनी समस्या बता सकता है परंतु पशु चिकित्सक पशुओं के हाव- भाव से बीमारी का पता करके उनका इलाज करता है। इसलिए वह महान हैं।

मेले में पशुओं का इलाज, पशुओं में बांझपन की जांच, लघु शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन), पशुओं का कृत्रिम गर्भधान, बधियाकरण, गर्भ परीक्षण, पशु रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण किए गए। आंवला के मुतलकपुर गांव निवासी श्यामलाल लोधी ने गोशाला के लिए 3 बीघा जमीन दान देने के लिए सम्मानित किया गया। वहीं तहसील क्षेत्र के 6 ग्राम प्रधान, 6 कृत्रिम गर्भाधान करने वाले कार्यकर्ताओं और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बरेली कार्यालय के लिपिक निम्मी लाल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस दौरान पशुधन विकास मुख्यालय के संयुक्त निदेशक डा.संजय श्रीवास्तव, उपनिदेशक डा. संजय मिश्रा, अपर निदेशक बरेली मंडल डा. ललित कुमार वर्मा, डा.मेघ श्याम, डा. जितेंद्र मलिक, डा. मोनिका गुप्ता, मझगवां ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह, रामनगर ब्लॉक प्रमुख पति मित्रपाल सिंह, आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक पति वेदप्रकाश यादव, पूर्व चेयरमैन संजीव सक्सेना, एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य, नायव तहसीलदार आंवला शोभित चौधरी, सीओ नीलेश मिश्र आदि मौजूद रहे।

### मां से मारपीट कर किशोरी को उठा ले गया दबंग

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज थाना की एक दबंग ने महिला के साथ मारपीट करने के बाद उसकी नाबालिग बेटी को उठा ले गया। पीड़िता ने हाफिजगंज थाने में तहरीर देकर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। महिला ने बताया कि शनिवार को परिजन बाजार गए थे घर में वह अपनी 17 वर्षीय की बेटी के साथ अकेली थी। शाम करीब 7 बजे कस्बे का एक युवक अपने दो साथियों के साथ घर में घुस आया। महिला का आरोप है कि आते ही युवक उसकी बेटी का हाथ पकड़कर अपने साथ ले जाने लगा महिला ने विरोध किया तो उसे बुरी तरह मारपीट कर घायल करके उसकी बेटी को लेकर चला गया। महिला ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जैन गोशाला हटाने के लिए दिया नोटिस

संवाददाता, आंवला



भमोरा-शाहाबाद-बिलारी स्टेट हाईवे के किनारे बनी जैन गोशाला। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क किनारे बनाई गई जैन गौशाला को सरकारी जमीन से हटाने के लिए गोशाला संचालक को नोटिस जारी किया है।

भमोरा-शाहाबाद-बिलारी स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में कार्यालय सहायक अभियंता निर्माण खण्ड-1, लोक निर्माण विभाग बरेली ने जैन गोशाला रामनगर संचालक को नोटिस जारी कर बताया कि भमोरा-शाहाबाद-बिलारी मार्ग पर ग्राम रामनगर में पक्की सड़क के बाई ओर पीडब्ल्यूडी विभाग की भूमि पर जैन गोशाला बनाकर अतिक्रमण किया गया है। जो कि उक्त मार्ग के चौड़ीकरण में बाधक हो रही है। गोशाला संचालक स्वयं अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा की स्थिति में प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी और उस पर होने वाले खर्च की वसूली गोशाला संचालक से ही की जाएगी।

**▸▸ भमोरा-शाहाबाद स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण में बन रही बाधा**

पीडब्ल्यूडी विभाग ने भमोरा-शाहाबाद स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण कार्य के चलते सड़क किनारे बने अवैध निर्माणों की नाप करके सड़क की सीमा में बने निर्माणों पर क्रास के निशान लगाए। पीडब्ल्यूडी विभाग के अमीन हरि शंकर ने बताया कि भमोरा से टांडा तक नाप कर अवैध निर्माणों का चिन्हिकरण करना था। कुछ गांव में कार्य शेष रह गया है।

## ग्रामीणों की बनाई गोशाला को बताया अस्थाई

**भुता, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सिमरा बहोर नगला में छुट्टा पशुओं से परेशान ग्रामीणों ने अपने सहयोग से उनके लिए खाने-पीने की व्यवस्था कर रहे हैं। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस खबर को ग्रामीणों ने सोशल मीडिया के जरिए अधिकारियों को पोस्ट कर छुट्टा पशुओं से मुक्ति दिलाने की मांग की थी । इसके बाद दो फरवरी को ब्लॉक में तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी युधिष्ठिर ने गांव में पहुंचकर आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान करा दिया, इसलिए अंगूठा लगवा दो। इसके बाद उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को रिपोर्ट भेज दी की, अस्थाई गोशाला की व्यवस्था करवा दी है। जबकि ग्रामीणों ने अपने स्तर पर व्यवस्था की हैं। युधिष्ठिर ने बताया शिकायतकर्ता परिवार सहित बरेली में रहता है, जबकि उसके मां-बाप भाई चाचा ताऊ आदि सभी गांव में निवास कर रहे हैं। जब इस मामले में पशुधन प्रसार अधिकारी युधिष्ठिर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि गांव में अस्थाई व्यवस्था करवा दी गई है। जब पूछा गया आपने और आपके विभाग से क्या व्यवस्था की गई तो वह इधर-उधर बगले झांकते हुए नजर आए।

**▸▸ पशुधन प्रसार अधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को भेजी गलत रिपोर्ट**

### रबर फैक्ट्री की जमीन के लिए भेजी रिपोर्ट

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** वर्षों से बंद पड़ी रबड़ फैक्ट्री की जमीन के मालिकाना हक के लिए यूपी सरकार ने बांबे हाईकोर्ट में अपना हलफनामा दाखिल कर दिया। जिला प्रशासन ने मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी रिपोर्ट में जमीन वापसी को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता से लगातार संपर्क में रहकर प्रभावी कार्यवाही और मजबूत पक्ष रखने की जानकारी दी है आशीष अग्रवाल ने दिसंबर में मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

### नाराज होकर छात्र घर से गया तो पिता चाचा ने लिखा दी अपहरण की रिपोर्ट

**मीरगंज, अमृत विचार :** तीन दिन से कॉलेज नहीं जा रहे छात्र को उसके पिता ने डांट दिया तो वह नाराज होकर शनिवार को घर से बिना बताए चला गया। इसके बाद छात्र के पिता और चाचा ने पैसे ऐंठने की नीयत से कालेज के प्रधानाचार्य और एक अन्य पर अपहरण का झूठा मुकदमा लिखा दिया। छात्र के पिता सत्यवीर और चाचा सोमपाल ने एक कॉलेज के प्रधानाचार्य से रुपये मांगे। रुपए देने से मना करने पर दोनों ने कॉलेज के प्रधानाचार्य और एक अन्य के खिलाफ बेटे के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर दिया। रविवार को एसओ कुंवर बहादुर सिंह के निर्देशन पर इंस्पेक्टर क्राइम अवधेश कुमार, दरोगा राज कुमार ने टीम के साथ छात्र को बरेली के थाना प्रेमनगर स्थित शास्त्री नगर से विवेक के दोस्त देव के घर से बरामद कर लिया। छात्र ने ने बताया कि पिता के डांटने से नाराज होकर वह घर छोड़कर चला गया था। कॉलेज के प्रधानाचार्य का इसमें कोई दोष नहीं हैं। एसओ ने बताया कि छात्र के पिता और चाचा ने साजिश रचकर झूठा मुकदमा लिखाया था फिलहाल छात्र को परिजनों को सौंप दिया गया।

### उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए वृहद गोशाला प्रबंधक का सम्मान

**नवाबगंज, अमृत विचार :** आंवला में हुए मंडलीय पशु मेले में अधकटा नजराना स्थित वृहद गोशाला के उत्कृष्ट प्रबंधन पर गोशाला के प्रबंधक रामपाल गंगवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । जिला स्तरीय रक्तदान शिविर में तहसील के चार लोगों ने रक्तदान किया। नवाबगंज विकास क्षेत्र से ग्राम पंचायत अधिकारी अक्षत कुमार के चालक सचिन व अवर अभियंता संजय गंगवार ने भदपुरा विकास क्षेत्र से ग्राम अधकटा रब्बानी बेगम के प्रधान मो. आबिद व एक अन्य ने रक्तदान किया।

## दवा विक्रेता से मारपीट करने वालों पर रिपोर्ट

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुंडरा मढ़ी के बाबा और उनके समर्थकों ने एक दवा विक्रेता को तलवार मार कर घायल कर दिया। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

कुंडरा कोठी बाजार में ग्राम गेला टांडा निवासी वीरेंद्र पाल की दवा की दुकान है। गांव के ही मढ़ी के बाबा देवेन्द्र गिरि से रंजिश चल रही है । जिसके चलते गत वर्ष बाबा ने उस पर हमला किया था जिसकी रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। शनिवार शाम चार बजे फिर बाबा और उसके साथी ज्ञानचंद गिरि और एक अन्य ने वीरेंद्र की दुकान पर पहुंचकर गाली देने लगे विरोध करने पर तलवार व पड़ोस के हलवाई की दुकान से करछा उठाकर उस पर हमला कर दिया । तलवार के वार से वीरेन्द्र के बाएं हाथ की दो उंगलियां कट गई। सूचना पर पुलिस के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने बाबा के एक चेले को हिरासत में ले लिया था।दवा विक्रेता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने घायल का मेडीकल कराने के साथ ही तीनों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।



घायल व्यापारी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### युवक की पिटाई कर पुलिस ने सौतेली मां को मकान पर दिलाया कब्जा

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** सेथल पुलिस ने एक युवक से मारपीट कर उसे घर से निकालकर सौतेली मां को घर पर कब्जा दिला दिया। इस दौरान वह मजबूरी में गली में सर्द रात किसी तरह काटी। पीड़ित ने हाफिजगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। हाफिजगंज के गांव दुआवट निवासी मजदूर मो. फारूख ने बताया कि वह हाथ पैरों से ज्यादा काम करने लायक नहीं है। वह पिता की इकलौती संतान है। उसके पिता ने दूसरा निकाह बंगाल की एक महिला से कर लिया था जो अपने साथ एक बेटे को लेकर आई थी। सभी गांव में बने मकान में रहने लगे। छह माह पहले सौतेली मां अपने बेटे के साथ पिता को लेकर मुम्बई चली गई। जिसके बाद वह अकेला ही किसी तरह गुजर- बसर करने लगा। शनिवार को उसकी सौतेली मां बेटे और दबंग व्यक्ति को साथ लेकर आई और मकान खाली करने को कहने लगी। जब वह अपने पिता के बारे में पूछा तो वह टाल मटौल कर चली गई। रात करीब 10 बजे चौकी पुलिस को साथ लेकर आ आई, आते ही पुलिस के साथ मिलकर उसे पीटने लगी। आरोप है कि पुलिस ने जबरन उसे पीटकर घर से निकालकर सौतेली मां का कब्जा करा दिया। मजदूर पुलिस के सामने रात गुजारने को काफी गिड़गिड़ता रहा लेकिन पुलिस ने मजदूर की एक न सुनी और उसे घर से भगा दिया जिसके बाद मजदूर को रात भर बारिश में घर के बाहर ही बितानी पड़ी। इस संबंध में पीड़ित को लेकर गांव के लोग थाने पर पहुंचे और न्याय की गुहार की।

## सार-संक्षेप

### सीएचसी में जो दवाएं न हों उन्हें तुरंत मंगाए



**बरेली, अमृत विचार :** डीएम रवींद्र कुमार ने नवाबगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रविवार को निरीक्षण किया। यहां उन्हें सब कुछ व्यवस्थित मिला। उन्होंने केंद्र में रोगियों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने देने की बात कही है। इस दौरान चिकित्सालय में दवाओं की उपलब्धता के रजिस्टर को देखा एवं निर्देश दिए कि जो दवा उपलब्ध नहीं हो उसकी मांग शीघ्र की जाए। डीएम ने चिकित्सालय में बने कोल्ड चेन रूम में रखी दवाओं, इंजेक्शन आदि को देखकर पाया कि सभी दवाएं उचित तापमान पर स्टोर की गई हैं। उन्होंने कोल्ड चेन के टेंपरेचर का कैलिब्रेशन कराने के निर्देश दिए तथा दवाइयों के उचित रखरखाव पाए जाने पर चीफ फार्मासिस्ट की प्रशंसा भी की। यहां बन रहे आपरेशन थियेटर की गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने के निर्देश अफसरों को दिये हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### विश्व कैंसर दिवस पर लोगों को किया जागरूक





**बरेली, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर में विश्व कैंसर दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जनमानस को रोग के प्रति जागरूक किया गया। प्रचार प्रसार के लिए रैली का भी आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम, डॉ. अमित दिनकर, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. रजनीकांत, सुमित कुमार एलटी, विकास एलटी, फार्मासिस्ट सर्वेश कुमार, सौरभ कुमार तथा स्टाफ के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### तमंचा के साथ फोटो वायरल, युवक गिरफ्तार



**भोजीपुरा, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ एक युवक की फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शनिवार शाम रविन्द्र कुमार को तमंचे के गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को मीडिया सेल से फोटो वायरल की सूचना भोजीपुरा पुलिस को मिली। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शनिवार शाम को चौकी धौंराटांडा इंचार्ज संजीव सिंह यादव हमराह महेंद्र नाथ शुक्ला व कन्हैया लाल के साथ दबिश देकर समसपुर मंदिर के पास युवक रविन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### जल जीवन मिशन के सात लाख के पाइप चोरी

**भमोरा, अमृत विचार :** गांवों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप बिछाई जा रही हैं। शुक्रवार रात भमोरा क्षेत्र के दो गांवों से पाइप चोरी हो गई। ग्राम आलमपुर निवासी सचिन शर्मा ने बताया वह जल जीवन मिशन में कार्य करते है। योजना के तहत ग्राम प्रेम राजपुर से बमियाना तक पाइप लाइन बिछाई जा रही है। ग्राम प्रेम राजपुर पर 15 पाइप ओर ग्राम नाथ गोटिया पर 25 पाइप रखे हुए थे जिनकी कीमत लगभग 6 लाख 95 हजार है। शुक्रवार देर रात उसे चुरा ले गए, शनिवार देर शाम जब साइट पर जेसीबी ले पाइप बिछाने के लिए पहुंचे तो देखा पाइप गायब है, जिसकी सूचना डायल 112 पर दी। देर रात थाना पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में एसएचओ भमोरा से संपर्क करने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो सक।

### विधायक ने छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन





**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** सरकार की स्मार्टफोन योजना के तहत रविवार को कस्बे के रहपुरा जागीर स्थित त्रिलोक चंद्र डिग्री कॉलेज के 32 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। स्मार्टफोन पाकर छात्र खुश नजर आए। मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा ने छात्रों को फोन दिए। विधायक ने कहा पूरे प्रदेश के छात्र-छात्राओं को बांटे जा रहे, इससे वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ रोजगार के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे और कामयाब होगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रिंसिपल प्रेरणा चौहान, कंप्यूटर क्लर्क रंजीत सिंह, अनीता जोशी, भगत सिंह पटेल, विशाल दिवाकर, सोनी दीक्षित, करुणा शंकर तिवारी व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सरकार की योजनाओं के लाभ को नमो एप से जुड़ें

**शेरगढ़,अमृत विचार :** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा सांसद संतोष कुमार गंगवार की बेटी श्रुति गंगवार ने क्षेत्र के गांव रम्पुरा,बरीपुरा, जसनपुर तथा बैरमनगर आदि समेत कई गांवों का दौरा किया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे नमो एप के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस एप के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं समेत प्रधानमंत्री से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी मोबाइल पर मिल जाएगी। भाजपा नेता विशाल गंगवार ने भी एप्लिकेशन से संबंधित जानकारी दी । इस दौरान ग्राम प्रधान शमशुल खां,दुष्यंत कुमार गंगवार,सेक्टर संयोजक (केसरपुर) सत्यपाल यदुवंशी,अमित पाली,हरीश कुमार,देवेन्द्र गंगवार,मनोज कुमार,नागेन्द्र कुमार,दिलीप कुमार,शशांक गुप्ता,उमेश गुप्ता आदि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### फरीदपुर जूनियर जोन ने जीता उद्घाटन मैच



**फरीदपुर अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से खेलो भारत ब्रज प्रांत अभियान रामलीला मैदान में शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रचित शर्मा और सूरज मिश्रा रहे। उद्घाटन मैच फरीदपुर सीनियर जोन व फरीदपुर जूनियर जोन के बीच हुआ। फरीदपुर जूनियर जोन टीम ने शानदार जीत दर्ज की। जिसमें मैन ऑफ द मैच जूनियर जोन के अभिषेक सिंह राजा को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री नितिन माहेश्वरी व सौरभ शर्मा घोषित किया । इस दौरान सारांश ऋषभ पांडेय, आकाश ठाकुर, मोनी राठौर, फैजी तौसीफ समेत अन्य मौजूद रहे।इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के निजी सहायक नारद मुनि, मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सुरेश और विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री नितिन माहेश्वरी रहे। नारद मुनि ने कहा कई वर्षों बाद ऐसा कार्यक्रम फरीदपुर में हो रहा है ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने होते रहने चाहिए, जिससे युवा ऐसी कार्यक्रमों से जुड़े ।

### गौस गंज में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**फरीदपुर, अमृत विचार :** गौसगंज में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें मझौआ इलेवन और मेवाती इलेवन के बीच मैच खेला गया। मेवाती इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन बनाए, कासिम ने सबसे ज्यादा रन बनाकर मैन ऑफ द मैच रहे। मझौआ इलेवन को 40 रन पर ऑल आउट किया, जमीन में चार विकेट लेते हुए मैच को समाप्त कर दिया। मैच का उद्घाटन यासीन प्रधान वाजिद फौजी सलमान ने किया।

### समस्याओं के समाधान में करेंगे सहयोग



**सिरौली, अमृत विचार :** मुख्य सामाजिक राष्ट्रीय संगठन चेतना संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित राकेश शास्त्री रविवार को सिरौली के राष्ट्रीय कृषि एवं उद्योग इंटर कॉलेज पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान नीलम रस्तोगी, अंकित कुमार गुप्ता, नेहा रस्तोगी मुख्य रूप से रहीं। पंडित राकेश ने अपनी बात रखते हुए कहा कि अब कोई अधिकारी आपकी नहीं सुनता या आपको भगा देता है तो आप अपनी शिकायत हमसे कर सकते हैं। हम आपकी समस्या के समाधान में सहयोग देंगे। उन्होंने पार्टी का जिला अध्यक्ष अंकित गुप्ता को मनोनीत किया। इसके अलावा सोनू रस्तोगी, नफीस चौधरी, अमित रस्तोगी को पार्टी में जिम्मेदारी दी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सारीका रस्तोगी, मीना रस्तोगी ,शहवाज मिर्जा, खालिद मियां, खलीफा मियां ,आरिफ प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

## कॉलेज का अध्यापक छात्रा को लेकर रफूचक्कर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा की शादी तय हो गई थी। कॉलेज का अध्यापक बरात आने से पहले उसे अगवा करके ले गया। पुलिस ने अध्यापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कलान क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि उसकी 18 वर्षीया बेटी क्षेत्र के एक कॉलेज में पढ़ती थी। उसके कॉलेज में राहुल नाम का अध्यापक है। उन्होंने अपनी बेटी की शादी तय कर दी थी। उसकी बेटी की बारात 18 फरवरी 24 को है। शादी के कार्ड भी छप गए है। शादी के लिए सामान भी खरीदकर रख लिया था। उसकी बेटी 30 जनवरी को घर से किसी कार्य के लिए गई और शाम तक वापस लौटकर नहीं आई। उनको दो दिन बाद पता चला कि उसकी बेटी को अध्यापक राहुल अगवा करके ले गया है। आरोपी के पिता ने कहा कि बेटी को वापस कर देंगे। लेकिन उसकी बेटी नहीं लौटी।

# महिला जज ज्योत्सना की मौत एक साजिश किसी ने आत्महत्या के लिए उकसाया होगा

### बेटी को मारकर शव लटकाने के आरोप लगाने के दूसरे दिन पिता ने कही नई बात

बदायूं, कार्यालय



**अमृत विचार :** सिविल जज ज्योत्सना राय का सरकारी आवास में पंखे से लटका शव मिलने की गुत्थी सुलझाना पुलिस अधिकारियों के लिए चुनौती बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सिर्फ यही स्पष्ट हो पाया है कि उनकी मौत हैंगिंग से हुई है। महिला जज की मौत 2 फरवरी की रात करीब 11 बजे होने का अनुमान है। वहीं 36 घंटों की जांच में पुलिस अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। यदि आत्महत्या को सही मानें तो महिला जज के आत्महत्या करने के पीछे का कोई ठोस कारण अभी तक सामने नहीं आया और न ही हत्या होने के संबंध में पुलिस को कोई क्लू मिला है।

रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव सरकारी आवास पहुंचा तो उनके पिता अशोक कुमार राय रोते हुए बताने लगे कि उनकी मौत एक साजिश है। जरूर किसी ने उन्हें आत्महत्या करने के लिए उकसाया होगा। तभी अगले ही क्षण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया होगा। वहीं शनिवार रात पिता अशोक कुमार राय ने बेटी को मारकर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने अज्ञात में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।



महिला जज की मौत पर विलाप करतीं उनकी मां। ● अमृत विचार

**अब तक सामने नहीं आया मौत के पीछे कोई ठोस कारण**

महिला जज की मौत के दूसरे दिन भी कोई ठोस कारण सामने नहीं आया है। हर किसी के जेहन में एक ही सवाल है कि इतनी होनहार महिला जज क्यों ऐसा करेंगी। घटना से सभी हैरान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक ठोस वजह सामने नहीं आई है। महिला जज के कमरे में ताला लगा दिया गया है। परिजन कुछ सामान ले गए हैं।

## जंगलों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाएगी सरकार

**लखनऊ, अमृत विचार :** गर्मी में वनों व जंगलों में आग की बढ़ने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ पहली से सात फरवरी तक वन अग्नि सुरक्षा सप्ताह चलाकर राज्य के हर जिलों में जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं इस पर अंकुश लगाने के लिए निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक एक और पहल भी की गई है। ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष, लखनऊ के कार्यालय में अग्नि नियंत्रण सेल की स्थापना की गई है। जागरुकता के तहत सात फरवरी तक चलने वाले आयोजन में सभी प्रभागों में जनजागरूकता अभियान, रैली, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता भी होगी, जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हों और आग लगने की घटनाओं में कमी दर्ज की जाए।

# चहेतों को लाभ दिलाने को नियमों की चढ़ा दी बलि

**हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर**

**सेंटर खोलने के लिए किराये पर भवन लेने की प्रक्रिया में जिम्मेदारों ने ही किया खेल**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की ओर से मलिन बस्तियों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाने के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर किराए के भवन में खोले जाने हैं। नगरपालिका क्षेत्र में 1100-1100 वर्ग मीटर के तीन भवनों को किराये पर लेने के लिए प्रक्रिया शुरू हुई मगर जिम्मेदारों ने अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए भवन चयन प्रक्रिया के नियमों की ही बलि चढ़ा दी।

शासनादेश के अनुसार नगरपालिका के वार्ड के अनुसार भवन का चयन होना है मगर जिम्मेदारों ने जिला स्वास्थ्य समिति को गुमराह कर फाइल पर अनुमोदन कराकर किराए के भवन के लिए मोहल्ले के आधार पर भवन का चयन कर विज्ञप्ति प्रकाशित करा थी। गंभीर प्रकरण में मुख्यमंत्री से लेकर सीएमओ तक लिखित शिकायतें पहुंची तो वरिष्ठ अफसरों के कान खड़े हो गए। शासन के नियमों के विरुद्ध हुए कार्य का सच जानने के लिए एडी हेल्थ बरेली डॉ. पुष्पा पंत ने जांच कराई तो उसमें भी जिम्मेदारों का खेल पकड़ा गया। बात करने पर उन्होंने स्वीकार भी है। चयन समिति ने नियम विरुद्ध तरीके से भवन किराये पर लेने की विज्ञप्ति प्रकाशित कराई गई। एडी हेल्थ ने बताया है कि अनियमितताएं सामने आई हैं। चयन समिति ने वार्ड नहीं, बल्कि मोहल्ले के आधार पर चयन किया है, जोकि गलत है। डीएम, सीएमओ और एनआरएचएम के डायरेक्टर को पत्र भेजा है।

## सैदरा मिलक में संदिग्ध हालात में पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

संवाददाता, आदमपुर (अमरोहा)

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सैदरा मिलक से तीन दिन से लापता युवक व किशोरी का शव गांव से लगभग 300 मीटर दूर आम के पेड़ से फंदे के सहारे लटके मिले। युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शवों को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव पेड़ से उतार कर ग्रामीणों व परिजनों से घटना की जानकारी ली।

गांव सैदरा मिलक निवासी राजू (21) और गांव की किशोरी (16) शुक्रवार से लापता थे। किशोरी ढबारसी के स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा थी। रविवार सुबह नौ बजे ग्रामीण खेत पर गए तो देखा कि आम के पेड़ से प्लास्टिक की रस्सी के सहारे युवक व किशोरी के शव लटके हुए थे। सूचना मिलते ही सैदनगली थाना प्रभारी वरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, कुछ देर बाद सीओ श्वेताथ भास्कर भी पहुंच गए। मौके पर मौजूद युवक के परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर दोनों की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने किशोरी के परिवार वालों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करते हुए हंगामा किया।

## शफीकुर्रहमान बर्क की तबीयत में सुधार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभल से समाजवादी पार्टी के 94 वर्षीय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क की तबीयत खराब होने पर उन्हें कांठ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी के बाद महानगर और आसपास से उनके शुभचिंतकों और राजनीतिक लोगों का अस्पताल में जमावड़ा लग रहा है। रविवार को उनके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार होने की जानकारी जिले के कुंदरकी विधानसभा से सपा के विधायक और उनके पौत्र जिया उर रहमान ने दी। डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क संभल से पांच बार के सांसद और चार बार के विधायक रह चुके हैं।

# आजम के मोहल्ले से चला मोहम्मद अली जौहर यूनि. को संरक्षण में लेने का अभियान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर यूनिवर्सिटी को सरकार के संरक्षण में लेने के लिए रविवार से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। रविवार को अभियान की शुरुआत पूर्व मंत्री आजम खां के मोहल्ले से की गई।

पूर्व मंत्री आजम खां के घर के वार्ड 17 टंकी नंबर पांच घेर मीरबाज खान में सभासद गुड्डू तनवीर और आसिफ खान के नेतृत्व में दोपहर एक बजे से हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की गई। यह सप्ताह भर जारी रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर किए। युवा भाजपा नेता फसाहत अली शानू ने बताया कि जौहर यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे छात्रों के भविष्य को लेकर 26 नवंबर से ग्राम सिंगनखेड़ा से इस अभियान की शुरुआत की गई थी। रविवार से शहर में भी अभियान शुरू किया गया। हस्ताक्षर अभियान में रोमान खान, नसीर खान, दिनेश, सुलेमान, शाहिद खान, रूबीना, साजिद खान, मोहम्मद मसूद, परवेज, अतहर जमील खान, जीशान, अतहर अली खान, आसिफ, तौहीद खान, गुड्डू तनवीर आदि मौजूद रहे।



हस्ताक्षर अभियान के दौरान मौजूद लोग।

## सार-संक्षेप

### इंग्लैड भेजने के नाम पर आठ लाख ठगे

**रामपुर, अमृत विचार :** युवक को इंग्लैड भेजने के नाम पर आठ लाख रुपये हड़प लिए। रुपये वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बिलासपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पईपुरा निवासी नितिन कुमार का कहना है कि वह गांव में ही मोबाइल रिपेयर की दुकान चलाता है। नवंबर 2022 में बलराज कौर निवासी चुबकिया थाना शीशगढ़ जिला बरेली हाल निवासी ग्राम सरजा थाना तरसिक्का तहसील बाबा बकाल जिला अमृतसर पंजाब उसकी दुकान पर फोन ठीक कराने आई। इस दौरान वह बोली कि तुम अच्छे मिस्त्री हो, अगर यही काम इंग्लैड में करो तो पांच लाख रुपये महीना कमाओगे। उसने कहा कि वह गरीब होने के कारण इंग्लैंड नहीं जा सकता। तब महिला ने कहा कि उसका भाई जोधवीर सिंह इंग्लैड में रहता है। उसके बाद 13 नवंबर 2022 को बलराज कौर अपने चचेरे भाई गुरमुख सिंह व हरप्रीत कौर निवासी ग्राम सरजा थाना तरसिक्का तहसील बाबा बकाला अमृतसर पंजाब को साथ लेकर दुकान पर आए। इन्होंने जोधवीर सिंह से बात कराई। पीड़ित उनकी बातों में आ गया। 28 लाख रुपये में उसे इंग्लैंड भेजने की बात तय हो गई।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, सिपाही समेत दो घायल

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** अयोध्या – प्रयागराज हाईवे पर बरसात के बीच अनियंत्रित ट्रक ने एक ट्रैक्टर और फिर उसके बाद पुलिस वैन को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सिपाही समेत दो की स्थिति आधी रात तक मरणासन्न बनी थी। हादसे के कारण हाईवे पर जाम रहा। नगर कोतवाली के गोंड़े गांव के पास रविवार रात करीब 9 :30 बजे भीषण सड़क हादसा हुआ। जिसमें ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। गांव में देर रात जेसीबी से बनाई जा रही एक सड़क का कुछ लोग विरोध कर रहे थे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दे दी। मौके पर जांच के लिए पुलिस की 112 पीआरबी गाड़ी पुलिसकर्मियों के साथ पहुंची। बारिश के कारण मौके पर उपस्थित लोगों से मामले की जानकारी लेकर पुलिसकर्मी गाड़ी में ही बैठे थे। इसी बीच अचानक सुल्तानपुर की ओर से आ रहे ट्रक ने पुलिस कर्मियों और वहां रहे लोगों को अपनी चपेट में ले लिया।

### मुजफ्फरनगर में 58.32 लाख की नकदी जब्त

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** मुजफ्फरनगर जिले में पुलिस ने रविवार को रेलवे स्टेशन पर 58 .32 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि संदेह है कि इस धन का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव में करने की योजना थी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर तीन लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 58 लाख 32 हजार रुपये बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि तीनों लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया है।

# पोलियोग्रस्त भाइयों को देख भावुक हुए योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोरखनाथ मंदिर में रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में अपनी दादी के साथ आए दो पोलियोग्रस्त मासूम भाइयों को देख मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भावुक हो गए। उन्होंने इन बच्चों की दादी से इलाज के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि इलाज में किसी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए सरकार भरपूर सहायता करेगी। इसे लेकर योगी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

● **अपनी दादी के साथ आए थे देवरिया जिले के दो भाई**



शनिवार शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में जनता दर्शन में करीब साढ़े तीन सौ लोगों से मुलाकात की। इस दौरान देवरिया जिले के खुखुंदू थानांतर्गत सेखा बभनौली से आईं भागीरथी देवी के साथ आए दो मासूम बच्चों (दस वर्षीय आयुष और आठ वर्षीय पीयूष) को देख मुख्यमंत्री उनसे पढ़ाई के बारे में पूछने लगे। तभी भागीरथी देवी ने बताया कि ये दोनों भाई पोलियोग्रस्त हैं। पांच साल के हुए तो बीमारी का पता चला। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या ये बिलकुल भी नहीं चल पाते हैं। दादी ने बताया कि दस-बीस कदम तक।

इस पर मुख्यमंत्री ने आयुष को चलने का प्रयास करके दिखाने को कहा। लंगड़ाते हुए वह दो चार कदम चला तो योगी भावुक हो उठे और भागीरथी देवी से दोनों बच्चों के इलाज के बारे में पूछा। उन्होंने पीजीआई लखनऊ में इलाज चलने की जानकारी दी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इन बच्चों के इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। इसके लिए भरपूर सहायता दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले को पूरी संवेदनशीलता से देखने और आयुष्मान कार्ड न होने की दशा में कार्ड बनवाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने दोनों मासूम भाइयों को दुलारा और आशीर्वाद भी दिया।

## हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत पंजाब में बने पीसीएस अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



**अमृत विचार :** टोक्यो ओलंपिक हॉकी मैच में अपना जलवा बिखेरने वाले भारतीय हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह को पंजाब सरकार ने पीसीएस अधिकारी के तौर पर नौकरी करने का मौका दिया है। रविवार को पंजाब में मुख्यमंत्री आवास पर खिलाड़ियों को बुलाया गया था, जिसमें सिमरनजीत सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला से आठ किमी की दूरी पर स्थित मझारा फार्म के निवासी सिमरनजीत सिंह पुत्र इकबाल सिंह भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हैं। उनके पिता इकबाल के अनुसार सिमरनजीत सिंह को बचपन से हॉकी के खेल बहुत पसंद था। इसलिए उन्हें पांच साल की उम्र में ही उनके ताऊ रक्षपाल सिंह अपने साथ ले गए थे, जोकि पंजाब में रहते हैं।

## उत्तराखंड

# मैदानों में बारिश, पहाड़ों में बर्फबारी ने ठिठुराया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



यमुनोत्री हाईवे राड़ी टॉप के पास पाला व बर्फ के कारण फंसा ट्रक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में शनिवार से बदले मौसम ने एक बार फिर लोगों को ठिठुरा दिया है। रविवार तक बर्फबारी से उत्तराखंड की पहाड़ियां ढकनी शुरू हो गई हैं। देवभूमि में पहाड़ों ने खुद को बर्फ की सफेद चादर से ढक लिया है।

उत्तराखंड के चारों धामों में लगातार बर्फबारी हो रही है। उत्तराखंड में चारधाम के साथ ही रुद्रप्रयाग में कालिशिला, चोपता तुंगनाथ, मदमहेश्वर घाटी के साथ ही चमोली जिले में हेमकुंड साहिब औली समेत हिमालय की चोटियों पर भी लगातार बर्फबारी हो रही है। पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई जगहों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद हो गई है। राज्य के मैदानी इलाकों में कहीं भारी तो कहीं बारिश के साथ घना कोहरा लग रहा है। उत्तराखंड के अधिकतर क्षेत्रों में तापमान में 4 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले दो दिन राज्य में मौसम का मिजाज बदला रह सकता है। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में 3,000 से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी मात्रा में बर्फबारी होगी। मैदानी जिलों में कुछ जगह ओलावृष्टि को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**पहाड़ी जिलों में भारी बर्फबारी के कारण कई स्थानों पर गाड़ियों की आवाजाही बंद**

**मंडल-चोपता मार्ग से बर्फ हटाकर यातायात सुचारू किया**

चमोली जिले में बदरीनाथ हाईवे हनुमान चट्टी से 3 किमी आगे बीते दिनों हुई बर्फबारी के चलते बंद हैं। वहीं मंडल–चोपता मोटर मार्ग पर किलोमीटर 42 से 46 तक बर्फबारी के चलते मार्ग अवरुद्ध था। लेकिन शाम को साढ़े.4 बजे मोटर मार्ग की बर्फ को हटाकर रास्ते को यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है। चमोली जिले के औली जोशीमठ मोटर मार्ग कवांड बैंड से आगे बर्फबारी से अवरुद्ध मार्ग भी यातायात के लिए सुचारू कर दिया गया है।

## आज से स्टार भारत पर दिखेंगे हल्द्वानी के रोमांच

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रामपुर रोड निवासी रोमांच मेहता एक बार फिर टीवी सीरियल्स में दिखाई देंगे। वह 5 फरवरी रात 9 बजे से स्टार भारत पर प्रसारित होने जा रहे बाघिन सीरियल में मुख्य किरदार में दिखेंगे। देवों के देवमहादेव, कुल्फी कुमार बाजेवाला, कभी-कभी इत्तेफाक से और सिया के राम जैसे टीवी शो में अपनी भूमिकाओं के लिए लोकप्रिय रोमांच ने हाल ही में 'बाघिन' नामक अपनी आगामी श्रृंखला के बारे में रोमांचक विवरण दिए। इस शो में अनेरी वजानी और अंश बागरी प्रमुख भूमिकाओं में हैं, जो तीन भाइयों के जीवन पर केंद्रित है, जिसमें रोमांच इनमें से एक भाई का किरदार निभा रहे हैं। रोमांच बताते हैं कि यह एक सीमित श्रृंखला है, जिसमें 112 एपिसोड शामिल हैं।

# चीफ जस्टिस रितु बाहरी ने ली पद की शपथ

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट की नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) गुरमीत सिंह ने रविवार को राजभवन में पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने भारत की राष्ट्रपति द्वारा न्यायमूर्ति रितु बाहरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने से संबंधित अधिपत्र पढ़ा।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रथम महिला गुरमीत कौर, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सांसद नरेश बंसल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, डीजीपी अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, नैनीताल हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल आशीष नैथानी, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी अमित कुमार सिरोही सहित वरिष्ठ न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे। जस्टिस रितु बाहरी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की पहली महिला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश थीं।



जस्टिस रितु बाहरी को पद की शपथ दिलाते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

## पुलिस ने तीन शराब तस्कर किए गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक बाइक सवार तस्कर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने 55 लीटर कच्ची शराब बरामद की। पुलिस ने तीनों आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है।

थाना आईटीआई पुलिस गश्त के दौरान दोहरी परसा रेलवे फाटक के पास राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम छोटी बरखेड़ी को मोटरसाइकिल से एक करीब 20 लीटर कच्ची शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। वहीं कटोराताल चौकी पुलिस ने ईदगाह गेट के पास पर गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचते हरजीत निवासी कचनालगाजी मानपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

## बनभूलपुरा में बवाल फिर टला दहशत तीन साल बाद भी बरकरार

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** 20 दिसंबर 2021, ये तारीख बनभूलपुरा के हजारों आशियानों को ढहाने का आदेश लेकर आई। तीन साल पहले हजारों दिलों में बैठी छत गंवाने की दहशत बरकार अब भी बरकार है। हालांकि भारी बवाल की आशंका तब सुप्रीम कोर्ट के स्टे से टल गई थी। यही स्टे मलिक का बगीचा में तब फिर काम आया, जब फिर खुफिया ने भारी बवाल की आशंका जाहिर की थी। ये आशंका खुफिया ने मस्जिद और मदरसा ढहाने पर जाहिर की थी। एक कागज ने बवाल को एक बार फिर टाल तो दिया है, लेकिन दहशत अब भी बरकार है।

दरअसल, बनभूलपुरा की रेलवे पटरी की ओर जमीन पर रेलवे ने दावा किया और उस पर अतिक्रमण की बात कही। हाईकोर्ट ने अतिक्रमण की बात मानी और 20 दिसंबर 2021 को अतिक्रमण ढहाने के आदेश दिए। आठवें दिन 28 दिसंबर रेलवे अपने दावे की जमीन पर प्रशासन के साथ मिलकर पिलरबंदी शुरू कर दी। हजारों लोग सड़क पर आ गए। 10 घंटे तक लगातार प्रदर्शन हुआ। अगले दिन कैंडल जुलूस निकाला गया।

# नोटिस के परीक्षण तक मस्जिद, मदरसा रहेंगे सील

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मलिक का बगीचा में मस्जिद और मदरसा को ध्वस्त किए जाने का आदेश फिलहाल रोक दिया गया है। शनिवार की मध्यरात्रि में प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में मस्जिद और मदरसा में सील लगा दी। स्थानीय लोगों की ओर से पेश किए गए रेलवे के नोटिस का परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद प्रशासन और नगर निगम आगे का फैसला लेंगे।

मलिक का बगीचा में सरकारी जमीन पर बनाए गए मस्जिद और मदरसा को रविवार को ध्वस्त किया जाना था। शनिवार को भी पूरे क्षेत्र में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। साथ ही स्थानीय लोगों जिनमें भारी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं, ने प्रशासन और नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया। मध्यरात्रि तक यहां भारी भीड़ रही। साथ ही पुलिस भी तैनात रही, हालांकि रात को एक पक्ष की ओर से रेलवे का एक नोटिस पेश किया गया। जिसमें इस जमीन पर रेलवे की ओर से दावा किए जाने की बात कही जा रही है।





मदरसे और मस्जिद पर प्रशासन द्वारा लगाई गई सील। ● अमृत विचार

रेलवे के नोटिस पत्र को देखने के तुरंत बाद प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को रोक दिया और मध्यरात्रि में करीब 1.30 बजे मस्जिद और मदरसा को सील कर दिया। टॉर्च की रोशनी में सील करने की कार्रवाई की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने कहा कि मदरसा एवं नमाज वाली जगह से जुड़े कागजात दिखाने के लिए कल नगर निगम में लोगों से कहा गया था कब्जेदार की ओर से कोई कागजात नहीं दिखाया गया था। हालांकि शनिवार की देर रात रेलवे का कोई नोटिस दिखाया गया है। जिसका परीक्षण कराया जा रहा है।

## पति को किया गिरफ्तार, शराब बेच रही पत्नी नदी तैरकर हुई फरार

संवाददाता, किच्छा/पुलभट्टा

**अमृत विचार:** पुलभट्टा थाना एवं किच्छा पुलिस ने कई आरोपियों को कच्ची शराब के साथ दबोच लिया। इस दौरान शराब बेच रही महिला नदी में तैरकर फरार हो गई। जबकि महिला के पति को पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अभियोग दर्ज कर लिया है।

उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरेली मार्ग स्थित अग्रसेन पार्क के निकट खुलेआम कच्ची शराब बेच रहे दरऊ रोड किच्छा निवासी संजय गुप्ता को बैग के साथ पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से कच्ची शराब के 40 पाउच बरामद हुए। दूसरे मामले में उपनिरीक्षक राजेंद्र पंत को सूचना मिली कि वनखंडी मंदिर के पास एक महिला सहित दो लोग अवैध शराब बेच रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर एक आरोपी को पकड़ लिया। जबकि महिला नदी में कूदकर तैरते हुए फरार हो गई। पुलिस ने वार्ड नंबर 6, पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी आरोपी विनोद उर्फ चुहिया के कब्जे से 60 पाउच शराब बरामद की।

## एक नजर

### तंबाकू नहीं दी तो 5 वर्षीय भतीजे को मार डाला

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में एक व्यक्ति ने तंबाकू नहीं देने पर अपने पांच वर्षीय भतीजे की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी और अपनी भाभी को घायल कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात ब्यौहारी पुलिस थाना क्षेत्र के बरकछ गांव में यह घटना हुई और आरोपी रमला कोल (30) को गिरफ्तार कर लिया गया है। ब्यौहारी थाना के प्रभारी मोहन पड़वार ने बताया कि कोल ने अपने बड़े भाई की पत्नी सुक्खी बाई (35) से तंबाकू मांगा था, लेकिन बाई ने कहा कि घर में तंबाकू नहीं है। उन्होंने बताया कि इसी बात से नाराज होकर आरोपी रात करीब 11 बजे उनके घर में घुस गया और अपनी भाभी और भतीजे पर उस वक्त कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जब वे सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी-60 की मौत

**भरतपुर।** राजस्थान में सवाईमाधोपुर के विश्वविख्यात रणथंभौर नेशनल पार्क में बाघिन टी-60 की मौत हो जाने की खबर के बाद वन्य जीव प्रेमियों में शोक की लहर दौड गई है। वन विभाग के सूत्रों ने बाघिन टी-60 की मौत की पुष्टि करते बताया कि नेशनल पार्क के जोन नंबर-2 में गुढा चैकी के पास से रविवार को बाघिन के शव को वन विभाग की टीम ने बरामद किया है जिसका पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। गौरतलब है बाघिन टी-31 इंदु की बेटी होने की बजह से बाघिन टी-60 को जूनियर इंदु के नाम से भी जाना जाता था।

### पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के भेजी थाना क्षेत्र के जंगल में आज पुलिस और नक्सलियों के बीच हुयी मुठभेड में एक नक्सली का मार गिराया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों एवं नक्सलियों के बीच नागाराम-पांताभेजी के बीच जंगलों में मुठभेड़ हुयी। मुठभेड़ में डीआरजी एवं बस्तर फाईटर्स के जवानों के द्वारा एक नक्सली को मार गिराने में कामयाबी मिली तथा मौके से एक नग 12 बोर राइफल एवं एक नग पिस्टल एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद की गयी। मारे गये नक्सली के शव की शिनाख्तगी की जा रही है। सुरक्षाबलों के द्वारा आस-पास के इलाके की सर्चिंग की जा रही है।

### कर्नाटक में मंकी फीवर से दो लोगों की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में इस साल अब तक मंकी फीवर से दो लोगों की मौत हो चुकी है, जिसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इस वायरल संक्रमण के प्रसार से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मंकी फीवर्र (क्यासानूर फॉरेस्ट डिजीज) (केएफडी) के कारण पहली मौत आठ जनवरी को शिवमोग्गा जिले के होसानगर तालुक में हुई थी, जिसमें 18 वर्षीय एक युवती की मौत हो गई थी। वहीं, दूसरी मौत उडुपी जिले के मणिपाल में हुई, जब चिक्कमंगलुरु के श्रृंगेरी तालुक में रहने वाले 79 वर्षीय व्यक्ति की एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। कर्नाटक में अब तक मंकी फीवर के 49 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से उत्तर कन्नड़ जिले में सर्वाधिक 34 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आयुक्त के मुताबिक, राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने इस साल एक जनवरी से अब तक प्रभावित जिलों से कुल 2,288 नमूने एकत्र किए हैं, जिसमें से 48 मामलों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

# पुलिस नोटिस में प्राथमिकी का जिक्र नहीं: आतिशी

## विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में दिल्ली की मंत्री का बयान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने रविवार को कहा कि विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों के संबंध में उन्हें मिले पुलिस के नोटिस में न तो प्राथमिकी और न ही दंडात्मक प्रावधान का कोई उल्लेख है। आतिशी ने कहा कि वह अपराध शाखा के अधिकारियों के प्रति सहानुभूति प्रकट करती हैं, जिनके राजनीतिक आका उन्हें इस तरह की नौटंकी करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

आतिशी ने कहा, कल (शनिवार को) दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक नोटिस भेजा। आज, उन्होंने मुझे एक नोटिस दिया। हालांकि, नोटिस में प्राथमिकी का कोई जिक्र नहीं है। इसमें आईपीसी (भारतीय दंड संहिता), सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता), पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) या भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की किसी धारा का उल्लेख नहीं है।" दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम रविवार को आतिशी के आवास पहुंची और उन्हें इस आरोप के संबंध में नोटिस दिया कि भाजपा आम आदमी पार्टी (आप) विधायकों को "खरीदने" का प्रयास कर रही है।



पुलिस सूत्रों ने कहा कि अपराध शाखा की टीम ने रविवार को अपराह्न 12.55 बजे दूसरी बार आतिशी के आवास पहुंचकर उनके स्टाफ को नोटिस सौंपा। नोटिस के मुताबिक, अपराध शाखा ने केजरीवाल और आतिशी से भाजपा पर लगाए गए विधायकों की खरीद फरोख्त के आरोपों के बारे में जानकारी देने को कहा है। उन्हें 5 फरवरी तक नोटिस का जवाब देने को कहा गया है।

### कानून के बारे में बहुत कम जानती हैं आतिशी: बांसुरी

आतिशी के दावों पर बांसुरी स्वराज ने कहा, उनके संवाददाता सम्मेलन के बाद यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि उन्हें कानून के बारे में बहुत कम जानकारी है। प्रारंभिक जांच की जा रही है और यह स्पष्ट है कि नोटिस दिए जाएंगे, लेकिन हमेशा की तरह, आम आदमी पार्टी जांच में बाधाएं पैदा करने की कोशिश कर रही है।" केजरीवाल और आतिशी ने 27 जनवरी को दावा किया था कि भाजपा 'आप' सरकार को गिराने के लिए 25-25 करोड़ रुपये और अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट की पेशकश करके 'आप' विधायकों को अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है।

### मणिपुर पुलिस प्रशिक्षुओं के दो समूह भिड़े, 7 घायल

**गोलाघाट (असम)।** असम के गोलाघाट जिले में लचित बोरफुकन पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे मणिपुर पुलिस के कैडेट के दो समूहों के बीच झड़प हो जाने से कम से कम सात प्रशिक्षु घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। डेरगांव स्थित अकादमी में एक प्रशिक्षु शनिवार को रात के खाने के समय स्थानीय बाजार से शराब लेकर आया था जिसके बाद उसने तथा एक अन्य प्रशिक्षु ने एक दूसरे को अपशब्द कहें और फिर दोनों में हाथापाई शुरू हो गई। अकादमी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह हाथापाई दो समूहों के बीच संघर्ष में बदल गई। मारपीट के कारण मणिपुर के सात प्रशिक्षु घायल हो गए। तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए जोरहाट चिकित्सकीय महाविद्यालय एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि चार घायलों को स्थानीय अस्पताल में भेजा गया और उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## ममता बनर्जी की तस्वीर को शहद पिलाकर भाजपा ने जताया विरोध

▸▸ प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के प्रति विरोध जताने के लिए भाजपा समर्थकों ने रविवार को नया तरीका इस्तेमाल किया और टीएमसी प्रमुख की तस्वीर को सांकेतिक रूप से शहद पिलाया, ताकि उनकी भाषा मधुर हो जाए।

कोलकाता में भाजपा की युवा शाखा द्वारा निकाली गई एक रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे उन्हें बांग्ला भाषा की समृद्धि की याद दिलाने के लिए 19वीं सदी के विद्वान ईश्वरचंद्र विद्यासागर द्वारा लिखित एक लोकप्रिय पुस्तक 'बर्णपरिचय' की प्रतियां भी ले गए थे। दूसरी ओर, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के लिए आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए आरोप लगाया कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य लोग भी बनर्जी के बारे में अपमानजनक तरीके से बात करते हैं। मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा की बकाया धनराशि जारी करने की मांग को लेकर अपने हालिया धरने के दौरान मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया था।



भाजपा के युवा नेता इंद्रनील खान ने कहा, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस तरह से मोदी जी जैसे सम्मानित नेता के बारे में बात की है, हम उसकी निंदा करते हैं। यह बंगाल की संस्कृति और हमारी विरासत के खिलाफ है। इस पर टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि बनर्जी ने हमेशा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के प्रति सम्मानजनक रुख अपनाया है, लेकिन शुभेंदु अधिकारी जैसे भाजपा नेता उन्हें चोर कहते हैं। घोष ने कहा, पहले उन्हें ऐसी अभिव्यक्तियों के लिए माफी मांगने दीजिए

### तेलंगाना : 10वीं कक्षा की दो छात्राओं ने की आत्महत्या

**यदाद्रि भुवनागिरी।** तेलंगाना के यदाद्रि भुवनागिरी जिले में10वीं कक्षा की दो छात्राओं ने शनिवार रात अपने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि हैदराबाद के हब्सीगुडा की निवासी दोनों किशोरियां अनुसूचित जाति (एससी) छात्रावास में रहकर भुवनागिरी के एक गर्ल्स हाई स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ रही थीं। दोनों की उम्र 15 वर्ष थी। नियमित कक्षाओं में भाग लेने के बाद, वे शनिवार शाम को छात्रावास लौट आईं लेकिन अपनी निर्धारित ट्यूशन कक्षा लेने नहीं गईं। जब उनके ट्यूशन शिक्षक ने उनसे संपर्क किया तो नहीं आईं। उसी रात, छात्रावास की एक अन्य छात्रा ने उनके शव छत के पंखे से लटकते हुए पाए गए। छात्रावास अधिकारियों ने तुरंत एंबुलेंस बुलाई और छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से संबन्धित मामला दर्ज कर लिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर: आठ जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हिमपात के बीच अधिकारियों ने रविवार को अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के आठ जिलों के ऊंचे इलाकों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की। जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने कहा कि अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर घाटी के बांदीपोरा, बारामूला, गांदरबल व कुपवाड़ा जिलों और जम्मू संभाग के डोडा, किश्तवार, पुंछ तथा रामबन के ऊंचे इलाकों में समुद्र तल से 2400 मीटर ऊपर 'मध्यम खतरे' स्तर का हिमस्खलन होने की संभावना है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने और अगले आदेश तक हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

### पानी के अंदर शेर नृत्य...



रविवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में चीनी चंद्र नव वर्ष समारोह से पहले गोताखोरों ने केएलसीसी एक्वेरिया में पानी के अंदर शेर नृत्य का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

### एनआईए कोर्ट ने 7वें आरोपी को 9 साल की सजा सुनाई

**बिहार जाली मुद्रा जब्ती मामला**

**नई दिल्ली।** बिहार की एक विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने पूर्वी चंपारण जिले में जाली भारतीय मुद्रा की जब्ती से जुड़े एक मामले में एक व्यक्ति को नौ साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही यह व्यक्ति इस मामले में सातवां दोषी बन गया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। दोषी की पहचान पश्चिम बंगाल के उमर फारुक के रूप में की गई है। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला 19 सितंबर, 2015 को अफरोज अंसारी से 5.94 लाख रुपये मूल्य के भारतीय मुद्रा के जाली नोट की जब्ती से संबंधित है।

## विपश्यना की शिक्षाएं तनाव घटाने में कर सकती हैं सहायता : मोदी

▸▸ प्रधानमंत्री ने विपश्यना गुरु गोयनका के जन्म शताब्दी समारोह पर किया डिजिटल संबोधन

**मुंबई, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपश्यना प्राचीन भारत का एक अनुपम उपहार होने के साथ ही एक आधुनिक विज्ञान भी है, जिसके जरिये युवा और बुजुर्ग लोगों को जीवन के तनाव और परेशानी से निपटने में मदद मिल सकती है। विपश्यना गुरु एसएन गोयनका के जन्म शताब्दी समारोह पर अपने डिजिटल संबोधन में मोदी ने कहा कि ध्यान और विपश्यना को कभी त्याग के माध्यम के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब यह व्यावहारिक जीवन में व्यक्तित्व विकास का माध्यम बन गया है।

मोदी ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में तनाव और परेशानी आम है और विपश्यना की शिक्षाएं उनकी समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि एसएन गोयनका एक जीवन एक मिशन के आदर्श उदाहरण थे। उनकी शिक्षाएं और समाज कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता एक प्रेरणा स्रोत है, क्योंकि देश विकसित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



प्रधानमंत्री ने कहा, भगवान बुद्ध से प्रेरित होकर, गुरुजी कहते थे कि जब लोग एक साथ ध्यान करते हैं, तो परिणाम बहुत प्रभावी होता है। एकता की ऐसी शक्ति विकसित भारत का महान स्तंभ है। गोयनका के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिवंगत विपश्यना शिक्षक शांत और निर्मल गुणों से युक्त थे। उनका मिशन विपश्यना और अर्जित ज्ञान का सभी तक प्रसार करना था। उनका योगदान मानव जाति के प्रति था।

## झारखंड के विधायक विश्वास मत से पहले हैदराबाद से रांची पहुंचे

▸▸ मंत्री आलमगीर आलम ने कहा- हमारे पास 48 से 50 विधायकों का समर्थन

**रांची, एजेंसी**

झारखंड विधानसभा में सोमवार को होने वाले विश्वास मत से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन के विधायक रविवार शाम को हैदराबाद से रांची पहुंचे। इन विधायकों ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल कर लेने का विश्वास जताया। विधायक एक विशेष विमान से यहां बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उतरे और उन्हें दो बसों में शहर के सर्किट हाउस ले जाया गया।

राज्य के मंत्री आलमगीर आलम ने कहा, हमारे विधायक एकजुट हैं... हमारे पास 48 से 50 विधायकों का समर्थन है। झामुमो विधायक मिथिलेश ठाकुर ने भी दावा किया कि झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन विश्वास मत हासिल कर लेगा। हालांकि, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने कहा कि गठबंधन सरकार सोमवार को विश्वास मत हासिल नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि हैदराबाद में विधायकों को कड़ी निगरानी में रखा गया था, जिससे पता चलता है कि उन्हें जीत का भरोसा नहीं है।

झारखंड में चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को दो-दिवसीय विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विश्वास मत हासिल करना है। चंपई सोरेन को दो फरवरी को राजभवन में राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने पद की शपथ दिलायी थी। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता सत्यानंद भोक्ता ने मंत्री पद की शपथ ली थी।

## भूख मिटाने को मरी बिल्ली का मांस खाता मिला युवक

▸▸ उत्तरी केरल के कुट्टीपुरम का चौंकाने वाला मामला

**मलप्पुरम (केरल)।** उत्तरी केरल के कुट्टीपुरम में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पिछले कई दिनों से भूखा असम का एक युवक बिल्ली का कच्चा मांस खाता हुआ पाया गया। घटना शनिवार शाम एक व्यस्त बस अड्डा परिसर की है। पुलिस ने बताया कि युवक असम के धुबरी जिले का रहने वाला है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सबसे पहले स्थानीय लोगों ने उसे बस अड्डे की सीढ़ी पर एक मृत बिल्ली का कच्चा मांस खाते देखा था। अधिकारी ने कहा कि सूचना मिलने पर हम मौके पर पहुंचे। पूछताछ करने पर बताया कि उसने पिछले पांच दिनों से कुछ नहीं खाया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उसके लिए खाना खरीदा और उसने खाना खा लिया। लेकिन, कुछ देर बाद वह बिना किसी को बताये वहां से गायब हो गया।

### अजीत कर रहे शरद की मृत्यु के लिए प्रार्थना : आव्हाड

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार पर उनकी आयु की ओर इशारा करते हुए परोक्ष रूप से कटाक्ष किया और आखिरी चुनाव की भावनात्मक अपील की बात की। अजित पवार ने पिछले साल जुलाई में राकांपा में बगावत करके पार्टी को विभाजित कर दिया था तथा आठ विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे। अजित पवार ने तब से अपने विद्रोह को लगातार यह कहते हुए उचित ठहराया है कि वरिष्ठों को अगली पीढ़ी को रास्ता देना चाहिए था। शरद पवार गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने पलटवार करते हुए कहा कि अजित पवार को अपनी अमानवीय टिप्पणियों के बारे में अवश्य सोचना चाहिए, जिसमें उन्होंने शरद पवार की मृत्यु के लिए प्रार्थना की है।

### यौन उत्पीड़न में पुलिस निरीक्षक पर प्राथमिकी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा ने एक महिला उप-निरीक्षक (एसआई) का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक पुलिस निरीक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक (प्रभारी) अरुण सारंगी ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के निर्देश के बाद आरोपी निरीक्षक पर मामला दर्ज किया गया है। अरुण सारंगी ने कहा कि यह घटना 2019 में हुई थी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीसलपुर, पीलीभीत**

पत्रांक : 497/न.पा.परि.बी./2023-24 दिनांक : 1.2.2024

**ई-निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद बीसलपुर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्माण कार्य की लागत के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य विवरण निम्नवत है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | बिड सिक्यूरिटी 2 प्रतिशत पूर्णांक में | निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वित्तीय वर्ष 2023-24 में तहसील परिसर में सार्वजनिक शौचालय और मूत्रालय | 896000.00 | 18000.00 | 10600.00 | 3 माह |
| 2. | वित्तीय वर्ष 2023-24 में बारह पत्थर चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय और मूत्रालय | 896000.00 | 18000.00 | 10600.00 | 3 माह |

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि 05.02.2024 को प्रात: 11 बजे से।
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा अपलोड के लिए अन्तिम तिथि/समय 19.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा प्रपत्र शुल्क और 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि (जी.एस.टी. सहित) पालिका के आई.सी.आई.सी.आई. में खाता सं. 321005500073 IFSC-ICIC0003210 में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. द्वारा हस्तान्तरित कर पावती की मूल प्रति स्कैन करके ई-निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगी।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http//etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को अपलोड करें।
7. टेण्डर स्वीकृति होने के उपरान्त शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगर पालिका परिषद बीसलपुर के उपरोक्त खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के द्वारा अथवा नियमानुसार एफ.डी.आर./एन.एस.सी. द्वारा जमा कर मूल प्रति जमा कर निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नगर पालिका परिषद बीसलपुर के कार्यालय में हार्डकापी के साथ जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद बीसलपुर — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बीसलपुर

**ग्राम पंचायत कार्यालय अगरास वि.खं.इस्लामनगर बदायूं**

**अल्पकालीन निविदा 04-02-2024**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया पेंट रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग, केन्द्र वित्त आयोग/मनरेगा योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत अगरास वि.खं. इस्लामनगर बदायूं मैं निम्न कार्य हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 11.02.2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | रामबाबू शर्मा के घर से नेमसिंह के घर तक सीसी/नाली निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 2. | हरकिशोर शर्मा के घर से बुद्धसेन के घर तक सीसी/नाली निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |
| 3. | रक्षपाल कश्यप के मकान से काली सड़क तक सीसी/नाली निर्माण कार्य | प्राकल्लन के अनुसार |

सचिव — प्रधान

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुरी, विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में पन्द्रहवां वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग व ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, नवनाली निर्माण मरम्मत कार्य / खड़न्जा नवनिर्माण / मरम्मत कार्य स्थापना/ मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट लाइटें स्थापना/ अनुरक्षण, हैण्डपम्प रिवोर अनुरक्षण, ह्यूम पाइप क्रय, बाल पेन्टिंग, स्कूल, शौचालय निर्माण मरम्मत आंगनवाड़ी, सार्वजनिक शौचालय निर्माण / मरम्मत स्कूल बाउन्ड्रीवाल, पंचायत घर / मरम्मत, पशु शेड कायाकल्प योजना के अंतर्गत पेंट/ टाइल्स कार्य, बिजली कनेक्शन, पानी मोटर क्रय ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट रेत, लोहा/सरिया, बजरी, टोटी, स्टेशनरी, पाईप, प्रचार-प्रसार बोर्ड, पटान हेतु मिट्टी, सेम्पू, सैनेटाइजर, मास्क, साबुन, स्प्रे मशीन तथा अन्य अनुरक्षण सहित कराये जाने हैं। सामग्री वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 05.02.2024 से दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 07.02.2024 को दोपहर 03:00 बजे ग्रा.पं. कार्यालय पर खोली जाएगी। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा।

प्रधान-श्रीमती भागवती देवी — सचिव-श्री अजय कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत शिवपुरी, विकास खण्ड मझगवां (बरेली)**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शिवपुरी में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना द्वारा प्रभु दयाल के घर से हरपाल के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य के लिए ईंट/रेता/सीमेन्ट/ईंट की रोड़ी/बजरफुट/बजरी/सरिया/अन्य सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 05.02.2024 से दिनांक 07.02.2024 दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 07.02.2024 को सायं 4:00 बजे ग्रा. पं. कार्यालय पर खोली जायेंगी। फर्म को वाणिज्य कर कार्यालय में रजिस्टर्ड होना चाहिए व जी.एस.टी. नं. भी होना चाहिए। बिना कारण बताये निविदा स्वीकार/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरीकर्ताओं को निहित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रभु दयाल के घर से हरपाल के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 630325/- | 2 प्रतिशत | 250/- | 30 दिन |

प्रधान-श्रीमती भागवती देवी — सचिव-श्री अजय कुमार

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोहरगंवा वि.खं. निगोही (शाहजहाँपुर)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

हुस्नबानो-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत जिन्दपुरा वि.खं. निगोही (शाहजहाँपुर)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

शमीम बानो-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत जठियुरा वि.खं. निगोही (शाहजहाँपुर)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सरजू-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

**कार्यालय ग्राम पंचायत तालगांव वि.खं. निगोही (शाहजहाँपुर)**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा व ावहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोकपिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इन्टरलॉकिंग निर्माण, खडंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट, प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिग ईट आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा प्रकाशन की तिथि से 3 दिवस तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें छपने के 3 दिन बाद ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मेराज-प्रधान — अनिल कुमार-सचिव

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# बड़ी पहल

टेक अरबपति एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान में अपने मस्तिष्क-कंप्यूटर-इंटरफेस चिप को प्रत्यारोपित किया है। शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है। इसलिए यह कदम मानव जीवन में विज्ञान और टेक्नोलॉजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। न्यूरालिंक का मिशन मस्तिष्क से संबंधित शारीरिक विकारों का इलाज करना और अंततः, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ मानव चेतना को जोड़ना है। न्यूरालिंक ने सिक्के के आकार का एक डिवाइस बनाया है। यह डिवाइस कम्प्यूटर, मोबाइल फोन या किसी अन्य उपकरण को ब्रेन एक्टिविटी से सीधे कंट्रोल करने में सक्षम करता है। पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति दिमाग में चिप के प्रत्यारोपित होने के बाद केवल सोचकर माउस का कर्सर मूव कर सकेंगे। मस्क ने वर्ष 2016 में स्टार्टअप न्यूरालिंक को शुरु किया था। इसके माध्यम से अल्जाइमर, डिमेंशिया और रीढ़ की हड्डी जैसी समस्याओं का इलाज करने में मदद करने लिए मानव मस्तिष्क में एक कंप्यूटर को प्रत्यारोपित करने का लक्ष्य है। इस परियोजना से मस्क का दीर्घकालीन लक्ष्य मनुष्यों और एआई के बीच संबंधों का पता लगाना है। न्यूरालिंक के मुताबिक ट्रायल उन लोगों पर किया जा रहा है, जिन लोगों को सर्वाइकल स्पाइनल कॉर्ड में चोट या एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस के कारण क्वाड्रिप्लेजिया है।

इस ट्रायल में हिस्सा लेने वालों की उम्र न्यूनतम 22 साल होनी चाहिए। शोध को पूरा होने में करीब छह साल लगेंगे। पिछले दिनों मस्क ने दावा किया कि यह चिप सुरक्षित है। इसकी मदद से बंदर ने पोंग नाम का आर्केड खेल खेलना सीखा। यह समझना महत्वपूर्ण है कि यदि प्रौद्योगिकी मनुष्यों में काम करती है तो यह लाखों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकती है। यह तकनीक आश्चर्यजनक जोखिमों के साथ आती है। क्योंकि ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) अमूर्त का भी पता लगा सकता है तथा रिकॉर्ड और संचारित भी कर सकता है। मस्तिष्क के संकेतों को प्राप्त करते हैं, उनका विश्लेषण करते हैं जिससे मानवीय विचार असुरक्षित हो जाते हैं। बड़े पैमाने पर समाज के लिए नैतिक जोखिम भी हैं जो न्यूरालिंक से भी आगे जाते हैं। कई कंपनियां ऐसी तकनीक विकसित कर रही हैं जो मानव मस्तिष्क से जुड़ती हैं। हमारे दिमाग में क्या चल रहा है उसे डिकोड कर सकती है और मानसिक गोपनीयता को खत्म करने की क्षमता रखती है। मस्क और उनकी टीम को अनुसंधान के ईमानदारी प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता बनाए रखनी होगी। जो आने वाला है उसके लिए हमें खुद को तैयार करना होगा।

# देश में एचपीवी वैक्सीन का असर 2030 तक ही दिखेगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बात सन् 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ. उषा लूथरा को दी गई थी।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन 2023 में सात प्रादेशिक सरकारों को सूचित किया कि वे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी वैक्सीन) के विरुद्ध प्रतिरक्षात्मक टीकाकरण के लिए तैयारी करें जिसके अंतर्गत 9 से 14 वर्ष की वय की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की खुराक दी जाएगी। सन 2025 के अंत तक पूरे देश में करीब 70 लाख बालिकाओं को इस टीके की खुराक लगा दी जाएगी जिसके बाद अतिरिक्त 11 लाख बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा। लोकसभा में इस साल का बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने अपने भाषण में जिक्र किया है कि महिलाओं को गर्भाशय ग्रीवा (कैंसर ऑफ़ द यूट्राइन सर्विक्स) के कैंसर से बचाने के लिए देशव्यापी टीकाकरण अभियान की शुरुआत जल्दी ही की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रावधान किए गए हैं।

बात सन 1979 से शुरू होती है जब महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज परिसर में 'साईटोलॉजी रिसर्च सेंटर' की स्थापना भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने की थी। इसकी जिम्मेवारी डॉ.उषा लूथरा को दी गई थी। परिषद मुख्यालय में उस समय डिवीज़न ऑफ़ नॉन-कम्युनिकेबल डिजीजेज़ की वे मुखिया भी थीं। बाद में इसे इंस्टिट्यूट ऑफ़ साईटोलॉजी एंड प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी बनाया गया और सन 2016 अपग्रेड करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च का दर्ज़ा दिया गया जिसे नोएडा (उत्तरप्रदेश) में स्थानांतरित गया। डॉ.उषा लूथरा, मॉलिक्यूलर बायोलॉजिस्ट डॉ.भूदेव दास और अन्य वैज्ञानिकों ने मिलकर एचपीवी की स्क्रीनिंग के लिए एक ग्रुप बनाया था। दिल्ली में चलाए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में उन महिलाओं में पैपिलोमा वायरस के संक्रमण और इसके बढ़ाव से कैंसर होने की बाबत पता लगाया जाना था।

स्क्रीनिंग का काम अब तो बेहद उन्नत हो गया है। नोएडा स्थित इंस्टिट्यूट ने कैंसर अस्पतालों में आने वाली संक्रमित महिलाओं की जांच और पुष्टिकरण के लिए सन 2019 में 'ट्रेनिंग मैन्युअल ऑन सर्विकल कैंसर स्क्रीनिंग यूजिन्ग विज़ुअल इंस्पेक्शन विद एसिटिक एसिड' प्रकाशित किया।



पॉलीमरेज़ चैन रिएक्शन विधि से भी विषाणु की उपस्थिति और इसकी किस्म (करैक्ट्राइज़ेशन एंड टाइपिंग) को जांचा जाता है। उक्त स्टडी के चलते 'कंट्रोल' ग्रुप की कुछ महिलाओं को वास्तव में कैंसर हुआ जिसे लेकर बाद में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ इंडिया की बृंदा करात ने काफी हंगामा इस बात को लेकर किया था कि जिन्हें स्टडी के दौरान कैंसर हुआ उनका इलाज़ क्यों नहीं किया गया और जीवन बीमा क्यों न हुआ जबकि यह संभावना प्रबल थी कि इनमें से कुछ को कैंसर हो सकता है? भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् की ओर से खेद व्यक्त किया गया था। लेकिन बाद में परिषद ने अपनी छोटी-सी, सन 1980 में प्रकाशित 'एथिक्स गाइडलाइन्स' को व्यापक रूप देने के लिए विशेषज्ञों को लेकर कई बैठकें की थीं जिनके बाद सन 2023 तक इससे संबधित विषयों पर एक दर्ज़न संस्करण निकाले जा चुके हैं लेकिन सन 2006 के मूल दस्तावेज़ 'एथिकल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च ऑन ह्यूमन पार्टिसिपेंट्स' को 2017 में रिवायिज़ किया गया था। रिवायिज़ करते समय यह ध्यान रखा गया कि इसे 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट' के शेड्यूल 'वाई' के अनुकूल रखा जाय। इसके अलावा 'नेशनल गाइडलाइन्स फॉर बायोमेडिकल रिसर्च इनवॉल्विंग चिल्ड्रेन' का प्रकाशन सन 2017 में किया गया। इतना कार्य आईसीएमआर की 'बायो-एथिक्स यूनिट' ने पिछले 23 साल में तंत्र को मजबूत करने के लिए किया। अब ये गाइडलाइन्स विश्व-स्तर की हैं।

कहानी का एक पक्ष ऐसा भी है जिसने भारत में सरकार के चालू यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीन लगाने के ताजा अभियान को अत्यंत सावधानी से लागू करने की सीख दी। हुआ यह था कि सन 2007 में 'पाथ' (प्रोग्राम फॉर एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी इन हेल्थ) नामक अंतरराष्ट्रीय गैर-सरकारी संस्था ने भारत सरकार की अनुमति से देश में जिला वड़ोदरा और छोटा उदेपुर के दभोई, शिनोर और क्वांट कस्बे के निकट के गांवों और आंध्रप्रदेश के जिला खम्माम के कोठगुदम, तिरुमल्याप्लेम और भद्राचलम ब्लाक के गांवों में ग्लोबल प्रोग्राम के हिस्से के बतौर एक प्रोग्राम -'एचपीवी वैक्सीनः एविडेंस फॉर इम्पैक्ट', चालू किया। इसके लिए पूरा पैसा बिल एंड मेलिंदा गेट्स फाउंडेशन ने दिया था। योजना के अंतर्गत तीन स्तरों पर दोनों ठिकानों में रहने वाली 10 से 14 वर्ष की करीब 25-30 हजार बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस से बचाव करने हेतु टीका लगाना था, जिसे 24777 बालिकाओं को ही वास्तव में लगाया जा सका था। इसका परीक्षण भारत से बाहर पेरू, उगांडा और वियतनाम में भी साथ के साथ किया जाना जारी था। टीका विकास के लिए यह अध्ययन चौथे स्तर (फेज़-4) के लिए था जिसमें मनुष्य को दवा खिलाकर या टीका लगाकर प्रभाव की जांच की जाती है। इसे 'लायसेन्स-पश्चात' किया जाने वाला अध्ययन कहते हैं। ऐसे अध्ययनों के सांख्यकीय नतीजे अगर 95 प्रतिशत तक कामयाब माने जाएं तो दवा को बाज़ार में मुक्त बिक्री के लिए अनुमति दे दी जाती है। भारत में इस अध्ययन के लिए टीकाकरण का तीसरा फेज़ समाप्त होने से पहले 'एक्सपेरिमेंटल ग्रुप' में 7 बालिकाओं की मृत्यु हो गई -खम्माम में पांच और छोटा उदेपुर से दो। ये सभी बालिकाएं भारत के आदिवासी समुदाय से निम्न आय वर्ग और गरीब परिवारों से थीं।

मर्क दवा कंपनी की एचपीवी वैक्सीन का ब्रांड नाम गरडासिल है जिसे खम्माम की बालिकाओं को लगाया गया और गुजरात की बालिकाओं को ग्लेक्सो का 'सर्वारिक्स' टीका लगाया गया था। बाद में हुए अध्ययनों से मालूम हुआ कि भारत द्वारा विकसित की गई सर्वावैक और गरडासिल वैक्सीन्स में कारगरता और सेफ्टी को लेकर कोई ख़ास अंतर नहीं है। मीडिया के माध्यम से जब इन बालिकाओं की मृत्यु की बात उजागर हुई और इसके लिए एचपीवी टीका के शरीर पर विषाक्त प्रभाव या एडवर्स रिएक्शन से ऐसा हुआ माना गया तो इसका संज्ञान लेते हुए न केवल अध्ययन को सन 2010 में रोक दिया गया। प्रोफेसर एसएस अग्रवाल की अध्यक्षता वाली कमेटी ने फरवरी 2011 में इस अध्ययन के दौरान 'पाथ' द्वारा की गई त्रुटियों को बताने के अलावा अपनी सिफारिशों में तंत्र को और मजबूत बनाने की भी सिफारिश की है ताकि ट्रायल्स सुरक्षित रहें। 'पाथ' संस्था द्वारा भारत में एचपीवी टीका परीक्षण के दौरान 'एलेज्ड इर्रेगुलरिटीज़ इन द कंडक्ट ऑफ़ स्टडीज़ यूजिंग ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीन' नाम से यह रिपोर्ट अब पब्लिक डोमेन में आईसीएमआर की ऑफिसियल वेबसाइट पर देखी जा सकती है। इस जांच रिपोर्ट और देश के यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम सदृश्य एचपीवी टीकाकरण को लागू करने के बीच के ग्यारह साल में टीकों के विकास और प्रोडक्शन की टेक्नोलॉजी, परीक्षण पूर्व टॉक्सिसिटी स्टडीज, मनुष्यों पर परीक्षण की पद्धति, वेलिडेशन के लिए सांख्यकीय अध्ययन, एथिकल स्टैंडर्ड्स एंड प्रेक्टिसेस और फॉलो-अप को लेकर बहुत बदलाव हो गए हैं। देश में विभिन्न तरह के कैंसर संबंधी आंकड़े भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की कैंसर रजिस्ट्री की रिपोर्ट्स में उपलब्ध है। ये सब पब्लिक डोमेन में राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान और अनुसंधान केंद्र, बंगलुरु की वेबसाइट पर अपलोड किए जाते रहे हैं।

एचपीवी का टीका बालिकाओं को लगाया जाना इसलिए जरूरी है कि कुछ समय बाद जब वे यौनिक रूप से सक्रिय हो जाएं और जीवन शैली, रहन-सहन के परिवेश, आदतों और किन्हीं और वजहों से एचपीवी विषाणु के संक्रमण की चपेट में आएं या संक्रमण होने की तीव्र संभावना वाली परिस्थितियों से गुजरें तो संक्रमण से वे बची रहें। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया द्वारा विकसित टीके को लेकर इसके सुरक्षित होने, दीर्घ काल तक प्रतिरक्षण की क्षमता बनाए रखने पर तसल्लीबक्श वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। भारत सरकार की शासकीय नीति के अनुसार फिलवक्त इसे यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यह संतोषप्रद है कि बालिकाओं को लगाए जाने वाली अपनी भारतीय वैक्सीन 'सर्ववावैक' की सिर्फ एक ही खुराक विषाणु के सक्रिय विभेदों के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रदान करने में सक्षम है। अभी यह रुपये 200-400 की है। उम्मीद है सन 2030 तक देश में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से पीड़ित होने वाली महिलाओं की संख्या में 'वैक्सीन प्रभाव' से अत्यधिक कमी हो सकेगी।

## प्रसंगवश

# लोक की शक्ति

यदि मन में लोक के प्रति अश्रद्धा, उदासीनता और तिरस्कार का भाव हो तो लोकतंत्र की बड़ी-बड़ी बातें बघारना छल के अतिरिक्त और क्या हो सकता है? स्वतंत्रता की लड़ाई सामान्य जन ने लड़ी, लोक ने लड़ी, लड़ाई में सामान्य जन जीता और जनतंत्र प्रतिष्ठित हुआ। यह जनतंत्र की ही टेर थी कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

उस समय जनता को जनार्दन कहा जाता था। न जाति की बात थी और न धर्म की, लेकिन जैसे-जैसे स्वतंत्रता निकट आती दिखी वैसे ही सत्ता का मोह जग गया और लोक की शक्ति को विखंडित करने के औजारों पर धार धरी जाने लगी। इस कार्य में गोरे राजा उनको प्रोत्साहित कर रहे थे। ये औजार धर्म या मजहब के हों या जाति बिरादरी के। स्वतंत्रता की लड़ाई में तो समान्य जन ही था, किंतु अब जाति भी आगे आ गई और मजहब भी आगे आ गया। लोकशक्ति विभाजित हुई, देश का विभाजन हुआ। लोकशक्ति के प्रतीक गांधी अलग थलग पड़ गए। स्वतंत्रता के बाद जैसे-जैसे राष्ट्रीय आंदोलन के मूल्य पृष्ठभूमि में धकेले जाते रहे, वैसे-वैसे जनता को मूर्ख समझा और बनाया जाने लगा। एक विचार समूह घोषित रूप में कहता था कि भारत में जनतंत्र सफल नहीं हो सकता। यहां तो तानाशाही से ही शासन चल सकता है। दूसरा विचार समूह क्रांति के सपने देखता रहा, उसके मन में भी कहीं न कहीं अधिनायक बैठा हुआ था। इस वर्ग ने लोकतंत्र को कभी वरीयता नहीं दी। हालांकि चुनाव में दोनों वर्ग उतरते रहे और जनता को माई बाप भी कहते रहे। विचार में कुछ और भाषण में कुछ और तथा व्यवहार में कुछ और। परिणाम जो होना था, सो हुआ, जो कुछ हुआ और हो रहा है, वह किसी एक दिन या एक पार्टी की बात नहीं है। वह प्रक्रिया है, जो तभी से चलती रही है।

वह विचार समूह, जो जाति के आयुध को लेकर यह लडाई लड़ना चाहता है, लोक के विरुद्ध है। इसका समाधान लोक जागरण के अतिरिक्त कोई हो ही नहीं सकता। चौबीस के चुनाव की बात कर रहे हैं, खूब करते रहें, स्थिति में कोई बड़ा सुधार होता हुआ नहीं दिख रहा है। लोक की शक्ति को पहचाने बिना कोई संभावना नहीं है। और आज तो भूमंडलीय शक्ति छाती पर छज्जे धर चुकी है।

# साइबर क्राइम: बड़े धोखे हैं इस राह में



गीता यादव
वरिष्ठ पत्रकार

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो व वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है।

दुनियाभर के लोग इंस्टा और फेसबुक जैसे प्लेटफार्म पर मिलते हैं और दोस्त बन जाते हैं। हाल के दिनों में ऑनलाइन प्यार की ऐसी कई कहानियां सामने आईं जिनमें लोगों ने सरहद तक को पार कर दिया, लेकिन देखने में जो सोशल मीडिया रोमांचक है, उसके खतरे भी हजार हैं। क्योंकि जब चैटिंग से शुरू हुई दोस्ती का सफर छेड़खानी, दुष्कर्म, यौन शोषण, शादी के नाम पर झांसे और आर्थिक शोषण से खत्म होता है, तब स्थिति बहुत दुखदायी हो जाती है।

पुलिस आंकड़ों पर गौर करें तो फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती करके शादी करने का झांसा देने और होटल में बुलाकर दुष्कर्म करने जैसे मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। दुष्कर्म के मामलों में 30 से 40 फीसदी मामले इसी तरह के होते हैं। वर्चुअल चैट्स और वीडियो कॉलिंग के जरिए मुलाकातों ने अपराधियों के लिए नए-नए रास्ते खोल दिए हैं। पिछले एक साल में डिजिटल रोमांस स्कैम की संख्या में भी 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। एशिया के कई देशों में ये ऑनलाइन रोमांस स्कैम धड़ल्ले से चल रहा है। भारत ही नहीं विदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन स्कैम के शिकार हो रहे हैं, लेकिन सिर्फ 20 फीसदी लोग ही इसकी शिकायत पुलिस से करते हैं।

न्यूयॉर्क में कराए गए कॉम्बैटिंग ऑनलाइन वायलेंस अगेंस्ट वुमन एंड गर्ल्स : अ वर्ल्ड वाइड वैकअप नाम के सर्वे में लगभग 86 देशों का अध्ययन किया गया जिससे सामने आया कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाली लगभग तीन चौथाई महिलाएं किसी न किसी किस्म की साइबर हिंसा का शिकार होती हैं। सर्वे में ये बात भी सामने आई कि भारत में साइबर अपराध के मामलों में शिकायत करने में महिलाओं की संख्या काफी कम है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में केवल 35 फीसदी महिलाओं ने साइबर अपराध की शिकायत की, जबकि 46.7 फीसदी पीड़ित महिलाओं ने शिकायत ही नहीं की। वहीं 18.3 फीसदी महिलाओं को इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं थी। दिल्ली एनसीआर में एक गैंग ने करीब 700 महिलाओं के साथ ठगी की और ये ठगी इंस्टाग्राम पर दोस्ती करके अंजाम दी गई।

साइबर एक्सपर्ट बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर फोटो के साथ-साथ वीडियो अपलोड करने का शौक भी लोगों में तेजी से बढ़ा है। कोई रील्स बनाकर डालता है, कोई बच्चे का वीडियो डालता है, लेकिन अब ये भी बेहद खतरनाक बनता जा रहा है, क्योंकि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए आवाज चुराई जा रही है। बाद में उसका इस्तेमाल आपको ठगने के लिए किया जा सकता है। आजकल हनी ट्रैप की घटनाएं भी चर्चा में हैं। आपके व्हाट्सएप या मैसेंजर पर किसी अज्ञात नंबर/प्रोफाइल से लड़की/लड़के द्वारा आपसे चैटिंग की जाती है। उसके बाद उसके द्वारा वीडियो कॉल किया जाता है और जैसे ही आप वीडियो कॉल उठाते हैं तो स्क्रीन रिकॉर्डिंग के माध्यम से उसके द्वारा आपकी 10-15 सेकेंड की एक वीडियो क्लिप बना ली जाती है और उस क्लिप को एडिट कर आपको ब्लैकमेल किया जाता है और वीडियो डिलीट कराने के लिए पैसे की मांग की जाती है।

एक सर्वे के अनुसार सोशल मीडिया पर 36 फीसदी लड़कियों को अजनबियों द्वारा परेशान जाता है। वहीं 32 फीसदी को फेक आईडी सोशल मीडिया यूजर्स अपशब्द और अश्लील मैसेज भेजते हैं। इसके परिणामस्वरूप ऑनलाइन उत्पीड़न ने 42 फीसदी महिलाओं को मानसिक और भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त कर दिया है। यही कारण है कि पांच में से एक लड़कियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म से उचित रूप से दूरी बना ली है। ऐसी ही ऐप्स को लेकर अंतर्राष्ट्रीय अपराधिक पुलिस संगठन इंटरपोल ने पिछले साल दुनिया के 194 देशों को अलर्ट जारी किया था। इसमें भारत भी शामिल है। अलर्ट के मुताबिक इंटरनेट मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती करने से बचें। अपने प्रोफाइल में निजी जानकारियों को शामिल न करें। हमेशा प्रोफाइल को सत्यापित करें और उसकी जांच करें।

वित्तीय अनुरोध करने वाले ऑनलाइन प्रेमी-प्रेमिकाओं से सावधान रहें। ऑनलाइन लिंक और इंटरनेट मीडिया पर किसी भी तरह के ऑफर और लालच में न आएं। कोई रुपयों की मांग करता है तो पहले जांच लें। फिर भी अगर आप ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर और अपने नजदीकी साइबर थाने में लिखित शिकायत दें। इस तरह की सावधानियों को ध्यान में रखकर ही इस परेशानी से बचा जा सकता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी आर्थिक घोटाला ही नहीं है, बल्कि इसमें पीड़ित को भावनात्मक क्षति भी होती है। उसके लिए भविष्य में किसी पर भी आसानी से भरोसा करना मुश्किल हो जाता है।

## सोशल फोरम

# बात बात में बात

बातचीत में रिश्तों का निजी समीकरण क्यों बन जाता है? तोता-मैना संवाद प्राचीन काल से प्रसिद्ध है। 'सर्मन ऑफ द माउंट' भी बातचीत ही तो है। बैरिस्टर गांधी ने 39 साल की उम्र में 'हिंद स्वराज' नाम की किताब एक बातचीत के रूप में ही लिखी। उसमें पाठक के सवालों का जवाब संपादक देते हैं। बड़ी से बड़ी लड़ाई हो तो भी देशों के बीच में आखिर मामला बातचीत से ही हल होता है।



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

बातचीत नहीं हो, तो रिश्ते बिगड़ जाते हैं। पति-पत्नी में यदि बातचीत बंद हो जाए तो वह घर रहने लायक नहीं रहता। सास-बहू की बातचीत, ननद-भौजाई की बातचीत, बाप-बेटे की बातचीत, दोस्तों की बातचीत सबके तेवर और रंग-ढंग अलग-अलग होते हैं। यह मनुष्य ही है जिसके पास बोली है और उसके पास भाषा है। अन्य किसी प्रजाति में यानि पशु और पक्षियों में भाषा कहां होती है? इसलिए बातचीत करना सबको सुहाता है। कई बार मतभेद हो तो भी लोग लड़ते-लड़ते बातचीत ही तो करते हैं।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19 में हर नागरिक को 26 जनवरी 1950 से अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है। मेरा बोलने का अधिकार वहां से आता है। आप नहीं सुनना चाहें तो वह अधिकार भी आपको वहीं से आता है। बातचीत सुनकर अगर आप कुछ कहना, लिखना चाहें तो भी यह अधिकार आपको वहीं से आता है।

डिजिटल क्रांति के जमाने में अब कान ही आंखों के ऊपर भारी पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चों के कान उमेठे जाते हैं। चुगलखोरी के मामले में कहा जाता है कि आप उनकी बात पर कान मत धरें। कोई जबरिया सुनाना चाहता है तो कहते हैं कान में तेल डाल लो। उंगली डाल लो।

बातें तो तरह-तरह की होती हैं। बातें कभी अच्छी लगती हैं। कभी चुभ जाती हैं। कभी लोग कहते हैं कि बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। इतिहास में कई लोगों ने यादगार बातें की हैं। मसलन श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान पर खड़े होकर अर्जुन से बात ही तो की थी। उसे ही तो बाद में गीता की पोथी बनाकर ज्ञान की खदान कह दिया गया। शेक्सपियर के भी चरित्र मार्क एंटनी ने शानदार भाषण किया और बोलने के इतिहास में अमर हो गया।

**-फेसबुक वॉल से**

# बात हो कि क्या पढ़ रहा है भारत



संजय वर्मा
इंदौर

हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है।

मुझे सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब मेरे यहां कोई नौकरी मांगने आए और मैं उसे काम पर न रख सकूं। पिछले दिनों ऐसा ही एक दुखद वाकया हुआ। एक लड़का आया। उम्र 28 साल। पिता नाव चलाते हैं बेहद गरीब हैं। शिक्षा डबल एमकॉम। काम का अनुभव कुछ नहीं। मैंने उससे पूछा आप टैली पर बिल एंट्री कर लेंगे? उसने कहा - नहीं। कंप्यूटर का ज्ञान? नहीं। फिर मैंने हिसाब-किताब के दो-चार सवाल पूछे। उसने सारे जवाब गलत दिए। हारकर मैंने उसे किराने के सामान की एक लिस्ट बनाकर दी और उसके भाव अलग से लिख कर दिए और फिर उसका हिसाब बनाने को कहा। वह, वह भी नहीं कर पाया।

मैंने पूछा एमकॉम तक तो ठीक था पर तुमने डबल एमकॉम क्यों किया? उसने कहा मेरी मां चाहती थी मैं पढ़ाई जारी रखूं। मैं उसे नौकरी नहीं दे पाया। मुझे दुख है, पर अपराध बोध नहीं। उसके दोषी वे स्कूल कॉलेज हैं जिनकी फीस गरीब मां-बाप ने अपना पेट काटकर इस उम्मीद में भरी कि वे उनके बच्चे को कोई ऐसा ज्ञान, कोई ऐसा हुनर सिखाएंगे जो उसे रोजी-रोटी देगा। इस लड़के के मां-बाप को उन तमाम स्कूलों-कॉलेजों पर मुकदमा दायर करना चाहिए। यह पैसा और समय लेकर बदले में कोई सेवा न देने का मामला है, जिसे कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट के तहत रजिस्टर किया जाना चाहिए। मुझे इन स्कूल-कॉलेज से दो शिकायतें हैं। पहले कि वे अपना काम नहीं कर रहे। दूसरी कि वह किसी नौजवान को हम जैसे संभावित एंप्लॉयर के पास जाने से चार-पांच साल तक रोके रखते हैं। यदि हमें कोई बच्चा 18 साल की उम्र में मिल जाए तो दो-चार साल में हम उसे ठोक-पीटकर आदमी बना देंगे। हमारा रोना यह है कि स्कूल-कॉलेज उसे 23-24 की उम्र तक बेवजह बंधक रखते हैं। लड़का जब हमारे पास आता है तो उसके पास सीखने का समय ही नहीं है, उसे अगले साल शादी करनी है। फिर परिवार चलाने के लिए उसे तुरंत पैसा चाहिए और मुसीबत ये कि उसके पास कोई हुनर नहीं है। हमारे स्कूल-कॉलेज के पाठ्यक्रम हर व्यक्ति को वैज्ञानिक बनाने के हिसाब से डिजाइन किए गए हैं, जबकि न हमें इतने वैज्ञानिकों की जरूरत है न हर एक बच्चा इतना प्रतिभाशाली होता है। हमारा पहला लक्ष्य बच्चों को कोई ऐसा हुनर सिखाना है कि वह रोजी कमा सके। शिक्षा से चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण होना होता तो तमाम आईएएस ऑफिसर ईमानदार देशभक्त होते।

पिछले कुछ सालों से स्कूल-कॉलेजों की बाढ़ आई है। यह अच्छी बात है कि भारत पढ़ रहा है, पर भारत क्या पढ़ रहा है और उसका जिंदगी से क्या संबंध है, इस पर भी कोई बात करे। यदि एमकॉम पास व्यक्ति एक बिल नहीं बना सकता तो ऐसी पढ़ाई को कूड़े में डाल देना चाहिए। पिछले दिनों 'असर' की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया की दसवीं क्लास के बच्चे चौथी क्लास का गणित भी हल नहीं कर पा रहे ऐसी पढ़ाई से क्या फायदा है? मगर कोई सवाल नहीं कर रहा कि आप हमारे बच्चे को जो सिखा रहे हो उसे क्या काम आएगा? मैं अपनी बात करूं तो मुझे अब तक के व्यापार में मेरी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की डिग्री कहीं काम नहीं आई, जो जोड़, घटाव और गुणा भाग काम आ रहा है, वह तो मैंने पांचवी क्लास तक ही सीख लिया था।


असल में भारत को दिमाग से शोध करने वाले नहीं, हाथ से कम करने वाले हुनरमंद चाहिए। हमारी इंडस्ट्री में लोग परेशान हैं, उन्हें कारपेंटर्स नहीं मिल रहे, एसी मैकेनिक नहीं मिल रहे, फैक्ट्रियों को वेल्डर फिटर नहीं मिल रहे और इधर लाखों बेरोजगारों की फौज काम की तलाश में जोमैटो के डिलीवरी बॉय बनने की कतार में खड़ी है जिसमें कोई तरक्की नहीं।

पहले हुनर सीखने के लिए वर्ण व्यवस्था थी। यह व्यवस्था बेशक बुरी थी। अच्छा हुआ खत्म हो गई, पर समाज को, देश को इसका कोई विकल्प ढूंढना चाहिए था। हमें इस कॉलेजों के बजाय हजारों आईटीआई जैसे संस्थान खोलने चाहिए थे, पर नए तो छोड़िए जो हैं वे भी बदहाल हैं। आज से 30-40 साल पहले तक ग्रेजुएशन करना नौकरी मिलने की गारंटी थी। अब इस संबंध को खत्म हुए अरसा हो गया है, लेकिन भारत का समाज अभी भी इसी हैंगओवर में जी रहा है। तमाम गरीब लोग यह मानते हैं कि कॉलेज की पढ़ाई करना सुनहरे जीवन की गारंटी है।

हर साल लाखों बच्चे गांव से शहर पढ़ाई करने आ रहे हैं, क्योंकि खेती में कोई फायदा नहीं बचा है। इन बच्चों को कोई काम सिखाना, रोजगार के लायक बनाना हमारे स्कूल-कॉलेजों की सबसे पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए जिसमें वह अब तक पूरी तरह नाकामयाब रहे हैं।

# कौशल को निखारने की आवश्यकता

क्या भारत में योग्यता के अनुरूप नौकरियां, रोजगार और रोजी-रोटी की कमी है? किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व के उन्नयन के लिए कौशल योग्यता महत्वपूर्ण कारक है। योग्यता के कारण व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है जिससे वह परिवार, समाज, संगठन, व्यवस्था और राष्ट्र में महत्वपूर्ण भूमिका का निष्पादन कर सके।



डॉ. सुधाकर मिश्र
दिल्ली

बदलते भारतीय ज्ञान प्रणाली में कौशल की भूमिका को सर्वोपरि प्रत्यय माना जा रहा है। कौशल विकास के कारण व्यक्ति अपने जीविकोपार्जन के लिए सक्षम हो जाता है। भारत के ज्ञान प्रणाली में कौशल की उपादेयता बढ़ रही है। राष्ट्र (देश) के आर्थिक विकास और सामाजिक विकास के लिए कौशल विकास और ज्ञान प्रत्यय अति आवश्यक है। एक प्रतिवेदन के अनुसार देश की 53 प्रतिशत जनसंख्या (ऊर्जावान जनसंख्या) 30 वर्ष से कम है। इस आबादी के लिए स्थिर रोजगार एक चुनौती बना हुआ है। भारत की आबादी में योग्यता के अनुसार नौकरी की कमी है। जनसांख्यिकी संभावनाओं की प्रत्याशा में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने पीएम गति शक्ति मास्टर योजना को तैयार किया है। इसके अंतर्गत उद्योगों और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के आसपास कौशल प्रशिक्षण की स्थापना की जा रही है।

भारत के आर्थिकी में कुशल कर्मचारियों की कमी को दूर करने में इससे काफी मदद प्राप्त होगी। एक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के मुताबिक 12-59 आयु वर्ग में 84 प्रतिशत भारतीयों को तकनीकी ज्ञान और प्रशिक्षण प्राप्त है। आवधिक श्रम बल सर्वे के अनुसार महिलाओं में 90 प्रतिशत है। भारत को ऊंचे लक्ष्य रखते हुए युवाओं को कुशल बनाकर विनिर्माण क्षेत्र में चीन को पछाड़ना होगा। यह बानगी तभी संभव है, जब कार्यबल की उत्पादक क्षमता और कौशल की गुणवत्ता में गुणात्मक उन्नयन हो सके।

# आजादी के बाद सत्ता में रहे लोगों को अपनी ही संस्कृति पर शर्म आती थी : प्रधानमंत्री

## असम में नरेंद्र मोदी ने 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

गुवाहाटी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दावा किया कि आजादी के बाद सत्ता में रहे लोग पूजा स्थलों के महत्व को नहीं समझ सके और उन्होंने राजनीतिक वजहों से अपनी ही संस्कृति पर शर्मिंदा होने की प्रवृत्ति स्थापित की। गुवाहाटी में 11,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कोई भी देश अपना इतिहास मिटाकर प्रगति नहीं कर सकता।

केंद्र सरकार द्वारा 498 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे कामाख्या मंदिर गलियारा परियोजना पर उन्होंने कहा कि इसके तैयार हो जाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस 'शक्ति पीठ' में आएंगे और इससे देश के पूरे पूर्वोत्तर के देशी-विदेशी पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ गुवाहाटी में रोडशो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने कहा-यह पूर्वोत्तर का प्रवेश द्वार बन जाएगा। हजारों वर्षों की चुनौतियों के बावजूद ये हमारी संस्कृति और हमने खुद को कैसे संरक्षित रखा है, इस बात के प्रतीक हैं। हमारी मजबूत संस्कृति का हिस्सा रहे इनमें से कई प्रतीक आजकल खंडहर बन गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कामाख्या दिव्यलोक परियोजना' इस शक्ति पीठ की तीर्थयात्रा के अनुभव को बिल्कुल पलट देगी। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि आजादी के बाद लंबे समय तक सरकार चलाने वाले लोग ऐसे धर्म स्थलों का महत्व नहीं समझ सके और उनकी उपेक्षा की।

### मोदी की गारंटी बेरोजगारी की गारंटी है : प्रियंका गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रिक्त सरकारी पदों को लेकर रविवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ''बेरोजगारी की गारंटी'' है। कांग्रेस महासचिव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश में करीब 30 लाख सरकारी पद खाली हैं। उन्होंने आरोप लगाया-हमारे करोड़ों युवा नौकरियों का इंतजार कर रहे हैं लेकिन पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने इन पदों को भरने के लिए दिखावे के सिवा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि 8 साल में 22 करोड़ युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया लेकिन नौकरी मिली मात्र सात लाख युवाओं को।

## आडवाणी में पीएम बनने की क्षमता थी, लेकिन दरकिनार कर दिया गया

मुंबई, एजेंसी

▸▸ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने भाजपा पर साधा निशाना

पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजे जाने की घोषणा किए जाने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता एवं सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता में प्रधानमंत्री (पीएम) बनने की काबिलियत थी लेकिन अब उन्हें दरकिनार कर दिया गया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की थी कि आडवाणी को 'भारत रत्न' से नवाजा जाएगा और उन्होंने इसे अपने लिए ''एक अत्यंत भावुक क्षण'' बताया था। आडवाणी (96) यह सम्मान पाने वाले 50वें व्यक्ति हैं। राउत ने कहा कि भाजपा आज जो कुछ भी है, वह आडवाणी की 'रथ यात्रा' की वजह से है। उन्होंने कहा, उन्हें (आडवाणी को) देश का राष्ट्रपति नियुक्त किया जा सकता था लेकिन भाजपा ने ऐसा नहीं किया। उनमें प्रधानमंत्री बनने की क्षमता थी लेकिन उन्हें दरकिनार कर दिया गया। आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी।



### भाजपा विधायक गायकवाड के खिलाफ मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड पर एक ग्रामीण की शिकायत पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार रोकथाम) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। गणपत गायकवाड पर शिवसेना के एक नेता को ठाणे जिले के उल्हासनगर में एक पुलिस थाने के भीतर गोली मारकर घायल करने का आरोप है। गायकवाड ने शुक्रवार देर रात हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कमरे के अंदर कल्याण के शिवसेना नेता महेश गायकवाड को छह गोलियां मारी थीं और उनके सहयोगी राहुल पाटिल को भी घायल कर दिया था। इस मामले में कल्याण पूर्व के तीन बार के विधायक गणपत गायकवाड पर हत्या के प्रयास और अन्य अपराधों का भी आरोप लगाया गया है।

### एक नजर

#### महाराष्ट्र में दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी

**मुंबई।** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने ठाणे-बोरीवली के बीच दोहरी सुरंग परियोजना को मंजूरी दे दी है। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। एमएमआरडीए द्वारा जारी एक बयान के अनुसार ठाणे शहर और बोरीवली के बीच प्रस्तावित दोहरी सुरंग, संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी) से होते हुये गुजरेगी और यह पूर्वी तथा पश्चिमी एक्सप्रेस राजमार्गों आपस में जोड़ेगी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में एमएमआरडीए आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

#### हादसे में तीन युवकों की मौत, एक घायल

**जयपुर।** राजस्थान के सीकर जिले के लोसल थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक कार सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई जिससे कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि डीडवाना रोड पर सांगलिया से मोलासर की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर गणगौर होटल के पास सड़क पर लगे खंभे से टकरा गई, जिससे कार में सवार शीशराम ओला (20), धर्मेन्द्र जाट (19), लोकेश जाट (20) की मौत हो गई जबकि एक अन्य सुनील जाट (15) घायल हो गया।

## मुख्यमंत्री करते हैं विभागों का बंटवारा इसलिए उन्हें इस्तीफा सौंपा : भुजबल

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता छगन भुजबल ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सौंप दिया है, क्योंकि वह विभागों के आवंटन के लिए जिम्मेदार हैं। भुजबल ने नासिक में संवाददाताओं से कहा-एक मुख्यमंत्री ही राज्य में मंत्रिस्तरीय विभागों का आवंटन करता है और मंत्रियों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में सूचित करता है। यह हमेशा मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है कि वह किसे अपने मंत्रिमंडल में शामिल करे और तदनुसार, राज्य के राज्यपाल को इस बारे में सूचित किया जाता है।

## पुलिस ने मुंबई में इस्लामी उपदेशक को हिरासत में लिया

मुंबई, एजेंसी

**भड़काऊ भाषण मामला**

भड़काऊ भाषण के एक मामले की जांच कर रही गुजरात पुलिस ने रविवार को इस सिलसिले में मुंबई से इस्लामी उपदेशक मुफ्ती सलमान अजहरी को हिरासत में ले लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मुफ्ती सलमान फिलहाल घाटकोपर पुलिस थाने में है। अधिकारी ने कहा कि मुफ्ती के सैकड़ों समर्थक उनकी तत्काल रिहायी की मांग करते हुए पुलिस थाने के बाहर जमा हो गए, इससे इलाके में यातायात जाम हो गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने थाने के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात के जूनागढ़ की पुलिस ने उपदेशक द्वारा कथित तौर पर दिया गया एक भड़काऊ भाषण सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस सिलसिले में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि यह भाषण 31 जनवरी की रात को दिया गया था।

## झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में आज चंपई सरकार का विश्वास मत प्रस्ताव

**रांची।** झारखंड विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र सोमवार 5 फरवरी से प्रारंभ हो रहा है। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही विधानसभा सत्र की शुरुआत होगी। इसके साथ ही विशेष सत्र में सीएम चंपई सोरेन की ओर से विश्वास मत प्रस्ताव पेश किया जाएगा। विधानसभा के विशेष सत्र को लेकर जारी औपबंधित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का पूर्वाह्न 11 बजे अभिभाषण होगा। जिसके बाद सरकार की ओर से विश्वास मत पेश किया जाएगा। इस पर चर्चा के बाद वाद-विवाद और मतदान होगा। वहीं 6 फरवरी को राज्यपाल के अभिषभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा होगी।

## पंजाब के 11 खिलाड़ियों को पीसीएस, पीपीएस की नौकरी

चंडीगढ़, एजेंसी

▸▸ पीलीभीत (उप्र) निवासी हॉकी खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह को बनाया गया पीसीएस अफसर

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित 11 खिलाड़ियों को अपने संबंधित खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रविवार को पंजाब प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) और पंजाब पुलिस सेवा (पीपीएस) में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इन 11 खिलाड़ियों में से नौ हॉकी से जबकि एक-एक खिलाड़ी क्रिकेट और शॉर्ट पुट (गोला फेंक) से हैं।

पीपीएस की नौकरी पाने वाले खिलाड़ियों में हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, वरुण कुमार, शमशेर सिंह और दिलप्रीत सिंह के अलावा हरमनप्रीत कौर (क्रिकेट) और तेजिंदर तूर (शॉर्ट पुट) शामिल हैं। वहीं, चार हॉकी खिलाड़ियों रूपिंदर पाल सिंह, सिमरनजीत सिंह, हार्दिक सिंह और गुरजंत सिंह को पीसीएस की नौकरी दी गई है। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान सिमरनजीत सिंह उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के ग्राम मझारा के निवासी हैं।

मान ने कहा कि सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को 100% नौकरियां प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि इससे खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

### राम मंदिर पर बयान को लेकर आईयूएमएल के अध्यक्ष विवादों के घेरे में

**मलप्पुरम (केरल)।** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की केरल इकाई के अध्यक्ष पी. सैय्यद सादिक अली शिहाब थंगल राम मंदिर के बारे में अपने बयान को लेकर रविवार को विवादों में घिर गए। थंगल ने हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध करने की कोई जरूरत नहीं है और नया मंदिर तथा प्रस्तावित मस्जिद, दोनों ही देश में धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करेंगे। आईयूएमएल केरल में विपक्षी दल कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) का एक प्रमुख सहयोगी और मुस्लिम समुदाय के बीच अच्छा-खासा प्रभाव रखने वाला राजनीतिक दल है। थंगल ने यह बयान 24 जनवरी को मंजेरी में एक कार्यक्रम के दौरान दिया था,, जिसका वीडियो रविवार को वायरल हुआ।

## आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के लिए खड़ी है कांग्रेस : राहुल गांधी

धनबाद/बोकारो, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस नेता ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों को किया संबोधित

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन तथा युवाओं के रोजगार के लिए खड़ी है। राहुल अपनी 'भारत जोड़ो-न्याय यात्रा' के दौरान झारखंड के धनबाद जिले में एक रोडशो को संबोधित कर रहे थे। धनबाद के टुंडी प्रखंड में शनिवार को रात्रि विश्राम के बाद यात्रा रविवार को झारखंड में तीसरे दिन धनबाद शहर के गोविंदपुर से फिर से शुरू हुई।

राहुल ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को निजी इकाइयों को बेचे जाने से बचाना और देश के नौकरीपेशा युवाओं और आदिवासियों के लिए



न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा-कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के लिए खड़ी है और युवाओं की शिक्षा और रोजगार के लिए काम करती है। नोटबंदी, जीएसटी और बेरोजगारी ने युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है।

#### राज्य सरकारों को परेशान कर रही मोदी सरकार

**त्रिशूर (केरल)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य शासन में उसका हस्तक्षेप और राज्यों की राजनीतिक स्वायत्तता को कमजोर करने का प्रयास संघवाद के सिद्धांतों को कमजोर करता है। खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार न केवल राज्य सरकारों को परेशान कर रही है, बल्कि देश की गरीब जनता और महिलाओं को कुचल भी रही है।



### 'फर्जी' वेब सिरीज देखकर छाप डाले 4 लाख के नकली नोट

**हैदराबाद।** हैदराबाद में पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी छापने और उन्हें चलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि दोनों अभियुक्तों के पास से चार लाख रुपये से ज्यादा के नकली नोट बरामद किए गए गए हैं। पुलिस इंस्पेक्टर अंजनेयुलु के मुताबिक मुख्य अभियुक्त वनम लक्ष्मीनारायण ने नकली नोट छापने के लिए एक स्क्रीन प्रिंटर, ग्रीन फॉइल पेपर, जेके एक्सेल बॉन्ड पेपर, कटर और एक लेमिनेशन मशीन का इस्तेमाल किया था। पुलिस का कहना है कि अभियुक्तों ने वेब सिरीज 'फर्जी' से प्रेरित होकर नकली नोट छापे और उन्हें बाजार में चलाने का काम किया। मुख्य अभियुक्त के दोस्त एरुकला प्रणय कुमार को बाजार में 20 हजार के नकली नोट चलाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### बीओएम की जमा वृद्धि रही सबसे अच्छी

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में जमा के मामले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज की है। बीओएम ने यह आंकड़ा ऐसे समय हासिल किया है कि जबकि ज्यादातर सरकारी बैंकों की जमा वृद्धि 10 प्रतिशत से कम रही है। आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से केवल बीओएम और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमा में दो अंक की वृद्धि हासिल की है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित तिमाही आंकड़ों के अनुसार, पुणे के ऋणदाता बीओएम ने तिमाही के दौरान जमा में 17.89 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

#### पीएलआई योजना में हुआ ज्यादा निवेश

**नई दिल्ली।** उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई योजना) के अंतर्गत दिसंबर 2023 तक 1.07 लाख करोड़ रुपये के वास्तविक निवेश की प्राप्ति हुई और लगभग सात लाख (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष) रोजगार के अवर का सृजन हुआ। इस योजना के अंतर्गत इसी दौरान निर्यात 3.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ इस योजना के हितधारकों की बैठक में दी गयी। यह जानकारी रविवार को मंत्रायल की एक विज्ञप्ति में दी गयी है। उन्होंने का कि कार्यान्वयन करने वाले मंत्रालय/विभाग को पीएलआई लाभार्थियों के साथ नियमित परामर्श और गोलमेज बैठकें आयोजित करनी चाहिए। विज्ञप्ति के अनुसार श्री गोयल ने बैठक में पीएलआई योजना की नीतियों एवं प्रभावशीलता को आकार देने के लिए रचनात्मक प्रतिक्रिया और सहयोगात्मक भागीदारी को प्रोत्साहित किये जाने पर बल दिया।

## देश में 6 साल के उच्चस्तर पर पहुंचा एफपीआई

### जनवरी में बॉन्ड बाजार में डाले 19,800 करोड़ रुपये, बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जनवरी में देश के ऋण या बॉन्ड बाजार में 19,800 करोड़ रुपये का निवेश किया है। यह बॉन्ड बाजार में एफपीआई के प्रवाह का 6 साल में सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद एफपीआई का भारतीय बॉन्ड बाजार के प्रति आकर्षण बढ़ा है। वहीं दूसरी ओर एफपीआई ने अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने के बीच जनवरी में भारतीय शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की निकासी की है।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से



19,836 करोड़ रुपये डाले हैं। यह जून, 2017 के बाद उनके निवेश का सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। उस समय उन्होंने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये डाले थे। इससे पहले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड में 18,302 करोड़ रुपये, नवंबर में 14,860 करोड़ और अक्टूबर में 6,381 करोड़ रुपये डाले थे।

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत के निश्चित आय बाजार में एफपीआई का शुद्ध प्रवाह जून में 2.39 अरब डॉलर रहा है। भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन इंडेक्स में शामिल किए जाने की वजह से यह निवेश आया है। जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी ने पिछले साल सितंबर में घोषणा की थी कि वह जून, 2024 से भारत सरकार के बॉन्ड को अपने उभरते बाजार के बेंचमार्क में जोड़ेगी। इस ऐतिहासिक कदम से इसके बाद के डेढ़ से दो साल में भारत को 20 से 40 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित करने में मदद करेगी।

#### 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.90 लाख करोड़ बढ़ा



स्थानीय शेयर बाजार में उछाल के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 2.90 लाख करोड़ रुपये चढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,384.96 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ ...रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल और आईटीसी का मूल्यांकन घट गया। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में कुल 2,90,267.98 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

### दक्षिण कोरिया से उत्पादों के लिए भारत ने की अधिक बाजार की मांग

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण कोरिया से इस्पात, चावल और झींगा जैसे कुछ उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अधिक बाजार की मांग की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच मौजूदा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के अद्यतन के लिए बातचीत चल रही है। भारत ने वार्ता में इन मुद्दों को उठाया है। इसे आधिकारिक रूप से व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। यह समझौता जनवरी, 2010 में परिचालन में आया था। समझौते के अद्यतन पर वार्ता का 10वां दौर चल रहा है। अधिकारी ने कहा-हम इस्पात, चावल और झींगा जैसे उत्पादों के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहे हैं। बैठक में भारत ने दक्षिण कोरियाई कंपनियों द्वारा भारतीय इस्पात नहीं खरीदने का मुद्दे भी उठाया।

## नीतिगत दर में बदलाव नहीं करेगा भारतीय रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ 6 फरवरी से होने वाली एमपीसी की बैठक को लेकर विशेषज्ञों ने दी अपनी राय

अंतरिम बजट के ठीक बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) पर यथास्थिति जारी रखने की संभावना है। विशेषज्ञों का कहना है कि केंद्रीय बैंक इस सप्ताह अपनी आगामी द्विमासिक मौद्रिक नीति में नीतिगत दरों में कोई बदलाव शायद ही करे, क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी संतोषजनक दायरे के ऊपरी स्तर के करीब है।

रिजर्व बैंक ने लगभग एक साल से अल्पकालिक ऋण दर या रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। इसे आखिरी बार फरवरी 2023 में 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर थी और उसके बाद इसमें गिरावट आई है। हालांकि, यह अब भी अधिक ही है। खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर, 2023 में 5.69 प्रतिशत थी। सरकार ने रिजर्व बैंक को मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक 6 फरवरी को शुरू होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास आठ फरवरी को समिति के फैसले की घोषणा करेंगे। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने अनुमान जताया कि एमपीसी दर और रुख, दोनों में यथास्थिति बनाए रखेगी।

### वेतन वृद्धि का प्रावधान मार्च तक 26,000 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा है कि इस साल मार्च तक वेतन वृद्धि के लिए किया गया प्रावधान बढ़कर 26,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। एसबीआई ने शनिवार को बताया था कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में वेतन और पेंशन के लिए 7,100 करोड़ रुपये के भारी-भरकम एकमुश्त प्रावधान के कारण उसका मुनाफा 35 प्रतिशत घटकर 9,164 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यदि वेतन और पेंशन के लिए एकमुश्त प्रावधान नहीं होता तो शुद्ध लाभ 16,264 करोड़ रुपये होता।

## एनएफआईआर विधेयक तैयार, अगले सत्र में पेश किए जाने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने दी जानकारी

आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने कहा है कि राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री (एनएफआईआर) के गठन के लिए एक विधेयक का मसौदा लगभग तैयार है और इसे संसद के आगामी जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है। ऋण संबंधी सूचना के लिए सार्वजनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने और कर्ज देने वाली एजेंसियों को सही सूचना उपलब्ध कराने के लिए एनएफआईआर का गठन किया जाना है। राष्ट्रीय वित्तीय सूचना रजिस्ट्री, वित्तीय और सहायक जानकारी के केंद्रीय भंडार के रूप में काम करती है। इससे अच्छी तरह से कर्ज देने, वित्तीय समावेशन और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा।

सेठ ने एक साक्षात्कार में बताया-मसौदे पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श किया जा चुका है और यह लगभग तैयार है। हम इसे जल्द ही मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के पास भेजेंगे। लेकिन, मौजूदा सत्र में इसे पेश करना संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विधेयक को जुलाई सत्र में पेश किया जा सकता है।

### पैकिंग मशीन का पंजीकरण न होने पर एक लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** पान मसाला, गुटखा और इसी तरह के तंबाकू उत्पादों के विनिर्माताओं को एक अप्रैल से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों के साथ अपनी पैकिंग मशीनरी को पंजीकृत कराने में विफल रहने पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना देना होगा। इस कदम का उद्देश्य तंबाकू विनिर्माण क्षेत्र में राजस्व रिसाव को रोकना है। वित्त विधेयक, 2024 ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में संशोधन पेश किया है। इसमें प्रत्येक ऐसी मशीन के पंजीकृत नहीं होने पर एक लाख रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इसके अलावा मशीनों को जब्त भी किया जा सकता है।

## आयकर विभाग में 12,000 पद हैं खाली नियुक्ति के लिए उठा रहे कदम : नितिन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ सीबीडीटी प्रमुख ने बताया कर्मचारियों की है कमी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता ने कहा है कि आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 तक कर्मचारियों की कमी है और खाली पड़े पदों पर नियुक्ति के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की बकाया कर मांग को वापस लेने की घोषणा के तहत करदाताओं को एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है। इससे उन करदाताओं को लाभ होगा होगा, जिन्हे निर्धारित अवधि में एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिले हैं।



गुप्ता ने बातचीत में कहा-आयकर विभाग में 10,000 से 12,000 कर्मचारियों की कमी है। ये पद मुख्य रूप से ग्रुप 'सी' श्रेणी के हैं। इन पदों को भरने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। विभाग में कर्मचारियों की कुल संख्या 55,000 के करीब है।

अंतरिम बजट में 25,000 रुपये तक की कर मांग को वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर नितिन गुप्ता ने कहा-इस पहल का मकसद करदाताओं को राहत देना है। इसके तहत हम प्रति करदाता एक लाख रुपये तक की सीमा रखने का प्रयास करेंगे। यानी करदाता को अगर एक साल से अधिक के लिए कर मांग को लेकर नोटिस मिला है, तो उसे एक लाख रुपये तक की राहत मिल सकती है।

# डेविस कप में भारत की पाकिस्तान पर ऐतिहासिक जीत

## 60 साल बाद दौरे पर पहुंची भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराया, विश्व ग्रुप एक में बनाई जगह

इस्लामाबाद, एजेंसी

60 साल बाद डेविस कप खेलने के लिए पहुंची भारतीय टेनिस टीम ने पाकिस्तान को 4-0 से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। भारत के युकी भांबरी और साकेत माइनेनी की आसान जीत और निकी पूनाचा के विजयी पदार्पण से चिर प्रतिद्वंद्वी देश का दौरा पूरा करते हुए विश्व ग्रुप एक में जगह सुनिश्चित की। युकी और साकेत ने युगल मुकाबले में जीत के साथ भारत को प्ले ऑफ में 3-0 की विजयी बढ़त दिलाई।

शनिवार को 2-0 की बढ़त हासिल करने के बाद रविवार को युकी और साकेत ने मुजम्मिल मुर्तजा और अकील खान की मेजबान जोड़ी को 6-2, 7-6(5) से हराकर मुकाबले में पाकिस्तान पर भारत के दबदबे को बरकरार रखा।

पाकिस्तान ने युगल मुकाबले के लिए अकील को बरकत उल्लाह की जगह उतारा क्योंकि वह करो या मरो के इस मैच में अनुभवी खिलाड़ी चाहते थे। इस मुकाबले में हार भारत की जीत तय करती। युकी और साकेत ने मेजबान जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया और इस मुकाबले में दोनों टीम के बीच का अंतर साफ दिखा।

पाकिस्तान की जोड़ी को साकेत की सर्विस का सामना करने में काफी परेशानी हुई। उन्होंने अपनी सर्विस पर बेहद कम अंक गंवाए और नेट पर भी शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय खिलाड़ियों के रिटर्न भी लाजवाब रहे और युकी ने कई बार पाकिस्तान के दोनों खिलाड़ियों के बीच से विनर लगाए। फिर 28 वर्षीय पूनाचा को मोहम्मद शोएब के खिलाफ बेमानी चौथा मैच खेलने के लिए उतारा गया, जिन्होंने इसमें 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। इसके बाद पांचवां मैच नहीं खेला गया।



### अब तक सभी मैच जीता है भारत

टेनिस के विश्व कप के रूप में पहचानी जाने वाली इस प्रतियोगिता में भारत की आठ मुकाबलों में पाकिस्तान के खिलाफ यह आठवीं जीत है। भारतीय टीम अब सितंबर में विश्व ग्रुप एक में हिस्सा लेगी जबकि पाकिस्तान ग्रुप दो में रहेगा। भारतीय टीम ने कड़ी परिस्थितियों और अपने आसपास भारी सुरक्षा से अच्छी तरह सामंजस्य बैठाया और माहौल का अपने प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ने दिया।

# स्वीडन को हराकर ब्राजील ने पहली बार फाइनल के ग्रुप चरण में बनाई जगह

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन), एजेंसी।** थियागो मोंटेइरो की अगुवाई में ब्राजील ने स्वीडन को शनिवार को 3-1 से हराकर पहली बार डेविस कप टेनिस फाइनल के ग्रुप चरण में जगह बनाई।

मोंटेइरो ने स्वीडन के इलियास यमेर को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर ब्राजील की जीत सुनिश्चित की। पुरुष युगल में ब्राजील के फेलिप मेलिगेनी और राफेल मातोस ने फिलिप बेरगेवी और आंद्रे गोरानसन की स्वीडन की जोड़ी को 6-2, 7-5 से शिकस्त दी। शनिवार को समाप्त हुए अन्य मुकाबलों में नीदरलैंड ने स्विट्जरलैंड को 3-2, जर्मनी ने हंगरी को 3-2, स्लोवाकिया ने सर्बिया को 3-0, कनाडा ने दक्षिण कोरिया को 3-1 और फिनलैंड ने पुर्तगाल को 3-0 से हराया।

# सीईओ नियुक्ति पर नहीं हटेंगे पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा ने रविवार को कहा कि उन्हें नवनियुक्त सीईओ पर पूरा भरोसा है और वह उनकी नियुक्त के फैसले से पीछे नहीं हटेंगी। दिल्ली खेल पत्रकार संघ और भारतीय खेल पत्रकार महासंघ के समारोह में उषा ने कहा कि सीईओ काम कर रहे हैं और वह शत प्रतिशत पद पर बने रहेंगे। समारोह में जाने माने पिस्टल निशानेबाज जसपाल राणा और बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पीटी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।



लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजी गईं पीटी उषा

दअसल ओलंपिक संघ कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिससे सीईओ रघुराम अय्यर की नियुक्ति को अमान्य करार दिया जाए।

ओलंपिक संघ ने 6 जनवरी को आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी रघुराम अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था। उनकी नियुक्ति के कुछ हफ्तों में ही कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों ने आरोप लगाया कि पीटी उषा ने उन पर दबाव बनाकर अय्यर की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया।

# फॉर्म में लौटे गिल ने जड़ा शतक, इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य

## इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर बनाए 67 रन, अभी जीत के लिए 332 रन की जरूरत



**104** रन की पारी खेली शुभमन गिल ने

विशाखापत्तनम, एजेंसी

पहली पारी में 396 रन बनाने वाली भारतीय टीम दूसरी पारी में 255 रन पर सिमट गई। हालांकि शुभमन गिल ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपने कॅरिअर का तीसरा अर्धशतक जड़ा और इंग्लैंड को 399 रन का लक्ष्य देने में अहम भूमिका निभाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट खोकर 67 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 29 और रेहान अहमद 9 रन बनाकर क्रीज पर हैं। इंग्लैंड को एकमात्र झटका 28 रन बनाकर खेल रहे बेन डकेट के रूप में रविचंद्रन अश्विन ने दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन की दरकार है।

भारत ने दिन की शुरुआत बिना विकेट खोए 28 रन से की थी। टीम ने सुबह के सत्र में 102 रन जोड़े लेकिन कप्तान रोहित शर्मा (12), यशस्वी जायसवाल (17), श्रेयस अय्यर (29) और रजत पाटीदार (09) के विकेट गंवाए। सुबह के सत्र में शुरुआती 30 मिनट एंडरसन के नाम रहे। उन्होंने अपने पहले ओवर में रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ा। फिर अगले ओवर में पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल को पहली स्लिप में जो रूट के हाथों कैच कराया।

खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर ने 81 रन जोड़कर पारी को संभाला। गिल को एंडरसन ने काफी परेशान किया। बाद में गिल लय में आ गए तो लेग स्पिनर रेहान अहमद के ओवर में लगातार दो चौकों के साथ अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने भी दूसरे छोर पर कुछ अच्छे शॉट खेले लेकिन हार्टले की गेंद पर बेन स्टोक्स ने मिड ऑफ से पीछे की ओर भागते हुए उनका शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत किया। पदार्पण कर रहे पाटीदार ने रेहान की गेंद पर विकेटकीपर बेन फोक्स को कैच थमाया।



बेन डकेट का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते भारतीय टीम के खिलाड़ी। • एजेंसी

### शुभमन गिल ने जड़ा कॅरिअर का तीसरा टेस्ट शतक

तीसरे दिन शुरुआत में जूझने के बाद गिल ने अपना तीसरा टेस्ट शतक पूरा किया। गिल ने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रवैया अपनाया। स्पिनर रेहान के ओवर में गिल ने छक्का जड़ा और फिर इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे। गिल ने शोएब बशीर के पारी के 52वें ओवर में शतक पूरा किया। वह पिछली 13 पारियों में पहली बार 50 रन के आंकड़े को पार करने में सफल रहे। गिल हालांकि शतक पूरा करने के बाद बशीर की गेंद पर रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पवेलियन लौटे। गिल ने अपनी पारी में 11 चौके और दो छक्के मारे।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-396) दूसरी पारी 255/10 (78.3 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का रूट बो एंडरसन | 17 | 27 | 3/0 |
| रोहित शर्मा बो एंडरसन | 13 | 21 | 3/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो बशीर | 104 | 147 | 11/2 |
| श्रेयस अय्यर का स्टोक्स बो हार्टले | 29 | 52 | 2/0 |
| रजत पाटीदार का फोक्स बो रेहान | 9 | 19 | 1/0 |
| अक्षर पटेल पगबाधा बो हार्टले | 45 | 84 | 6/0 |
| कोना भरत का स्टोक्स बो रेहान | 6 | 28 | 1/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फोक्स बो रेहान | 29 | 61 | 2/1 |
| कुलदीप यादव का डकेट बो हार्टले | 0 | 5 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का बेयरस्टो बो हार्टले | 0 | 26 | 0/0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 03, कुल :78 .3 ओवर में ऑल आउट : 255 रन, **विकेट पतन:** 1-29, 2-30, 3-111, 4-122, 5-211, 6-220, 7-228, 8-229, 9-255, **गेंदबाजी:** एंडरसन 10-1-29-2, बशीर 15-0-58-1, रेहान 24 .3-5-88-3, रूट 2-1-1-0, हार्टले 27-3-77-4

**इंग्लैंड (पहली पारी-253) दूसरी पारी 67/1 (14 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली नाबाद | 29 | 50 | 3/1 |
| बेन डकेट का भरत बो अश्विन | 28 | 27 | 6/0 |
| रेहान अहमद नाबाद | 9 | 8 | 2/0 |

**अतिरिक्त:** 1, कुल : 14 ओवर में एक विकेट : 67 रन, **विकेट पतन:** 1-50, **गेंदबाजी:** बुमराह 5-1-9-0, मुकेश 2-0-19-0, कुलदीप 4-0-21-0, अश्विन 2-0-8-1, अक्षर 1-0-10-0

## खेल डायरी

### पार्थ भुत ने झटके 7 विकेट, सौराष्ट्र ने महाराष्ट्र को हराया

**सोलापुर (महाराष्ट्र)।** बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुत के 7 विकेट से सौराष्ट्र ने एलीट रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच में रविवार को महाराष्ट्र पर 48 रन की जीत दर्ज की। पार्थ ने 44 रन देकर 7 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे महाराष्ट्र को तीसरे दिन दूसरी पारी में 164 रन पर ढेर कर दिया। ऑफ स्पिनर युवराज सिंह डोडिया ने दो, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने एक विकेट चटकाकर पार्थ का अच्छा साथ निभाया। पहली पारी में जडेजा के 72 रन और प्रेरक मांकड़ (52) के साथ छठे विकेट की उनकी 118 रन की साझेदारी की भी सौराष्ट्र की जीत में अहम भूमिका रही। जडेजा ने पहली पारी में भी 4 विकेट चटकाए थे और पार्थ व डोडिया के साथ मिलकर महाराष्ट्र को पहली पारी में 159 रन पर समेटकर टीम को 43 रन की बढ़त दिलाई थी। सौराष्ट्र ने दूसरी पारी में 164 रन बनाकर महाराष्ट्र को 213 रन का लक्ष्य दिया। महाराष्ट्र ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 104 रन से की जिसके बाद सौराष्ट्र ने जीत की औपचारिकता पूरी की।

### शेरोन ने 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**दोहा।** शेरोन वैन रूवेंडाल ने विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 10 किमी ओपन वाटर तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शनिवार को कतर के दोहा में रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण और टोक्यो 2020 में रजत जीतने वाली डच महिला ने स्पेन की मारिया डी वाल्डेस को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। वाल्डेस को रजत, पुर्तगाल की एंजेलिका आंद्रे को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दो साल पहले बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 30 वर्षीय वैन रूवेंडाल का यह दूसरा विश्व खिताब है। महिलाओं की पांच किमी ओपन तैराकी स्पर्धा बुधवार को होगी।



### सैफ अंडर-19 चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम बांग्लादेश से हारी

**ढाका।** भारत ने रविवार को सैफ अंडर-19 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे राउंड रॉबिन मैच में स्टॉपेज टाइम में गोल गंवा दिया, जिससे उसे मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश से 0-1 से हार मिली। सागोरिका ने बांग्लादेश के लिए यह गोल अतिरिक्त समय के चौथे मिनट में किया। इस से बांग्लादेश का फाइनल में स्थान पक्का हो गया है। 4 टीम के टूर्नामेंट में बांग्लादेश के दो मैच में छह अंक हैं। इस हार से भारत नाजुक स्थिति में पहुंच गया। उसके फाइनल में पहुंचने का मौका अब नेपाल के खिलाफ अंतिम मैच के नतीजे पर निर्भर होगा। भारत और नेपाल के 3-3 अंक हैं। हालांकि भारतीय टीम पिछले मैच में भूटान पर 10-0 की जीत से बेहतर गोल अंतर के कारण नेपाल से बेहतर स्थिति में है।

### एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड से हारी भारतीय टीम

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की समस्या बरकरार रही, जिससे उसे रविवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में नीदरलैंड से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय टीम की लगातार दूसरी हार है। टीम के लिए एकमात्र गोल नवनीत कौर ने किया। भारत ने 6 पेनल्टी कॉर्नर के मौके गंवाए। नीदरलैंड के लिए यिब्बी यानसेन ने दो, जबकि फे वान डर एल्स्ट ने एक गोल किया।

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में विनेश ने जीता स्वर्ण

**जयपुर।** विनेश फोगाट ने रविवार को सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में 55 किग्रा वजन का स्वर्ण पदक जीता। रेलवे की पहलवान विनेश ने मध्य प्रदेश की ज्योति को 4-0 से मात दी। एक अन्य मुकाबले में हरियाणा की अंशु मलिक ने विजेता सरिता मोर को 59 किग्रा वजन वर्ग में 8-3 से पराजित किया। हरियाणा ने 189 अंक से शीर्ष स्थान हासिल किया। रेलवे 187 अंक से दूसरे स्थान पर, जबकि पुडुचेरी 81 अंक से तीसरे स्थान पर था। पुरुषों के ग्रीको रोमन वर्ग में रेलवे 208 अंक से समग्र विजेता रहा, जिसके बाद सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (127 अंक) दूसरे और महाराष्ट्र (113 अंक) तीसरे स्थान पर रहा। सोमवार को पुरुष वर्ग की फ्रीस्टाइल स्पर्धा होंगी।



# पैरा निशानेबाजी विश्व कप के आयोजन पर खतरा

**खेल मंत्रालय ने पैरालंपिक समिति को कर दिया है निलंबित, कर्णी रेंज में 6 से 15 मार्च तक होना है आयोजन**

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पैरालंपिक समिति को समय पर चुनाव नहीं कराने के कारण निलंबित करने के खेल मंत्रालय के फैसले के बाद अगले महीने भारत में पैरा निशानेबाजी विश्व कप की मेजबानी खतरे में पड़ गई है। कर्णी सिंह रेंज में 6 से 15 मार्च तक होने वाला यह विश्व कप भारत को आवंटित पहली बड़ी प्रतियोगिता है और इसमें पेरिस पैरालंपिक के 24 कोटा स्थान दांव पर लगे हैं। इसमें 52 देशों के 500 से अधिक निशानेबाजों के भाग लेने की उम्मीद है। यह फैसला ऐसे वक्त पर आया जब समिति आयोजन के अंतिम चरण में है।

### मंत्रालय का आरोप, संस्था ने जानबूझकर की चुनाव कराने में देरी



मंत्रालय के मुताबिक चुनाव कराने में संस्था ने जानबूझकर देरी की। समिति का चार साल का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो गया था। इससे पहले चुनाव होने थे। पीसीआई महासचिव गुरशरण सिंह ने रविवार को बताया कि पैरा विश्व कप के कारण ही चुनावों में देरी हो रही है। चुनाव इस साल 27 जनवरी को होना था लेकिन विश्व कप के कारण स्थगित करने पड़े। विश्व कप के बाद 28 मार्च में चुनाव की तारीखों की घोषणा की है। निर्वाचन अधिकारी भी नियुक्त कर दिया गया है। एक सप्ताह पहले मंत्रालय के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति को चुनाव की तारीखों के बारे में सूचित किया है। इस घटनाक्रम से देश की प्रतिष्ठा खराब होगी। आयोजन न होने पर आईपीसी समस्याएं पैदा करेगा। प्रायोजक भी अब शायद भुगतान जारी न करें।

### मंत्रालय ने साई को दिया तदर्थ समिति बनाने का निर्देश

मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को आईपीसी के साथ समन्वय करके एक तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया है जिसमें प्रतिष्ठित प्रशासक और खिलाड़ी शामिल होंगे जो पीसीआई के कार्यों का निर्वहन करेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराएंगे। वहीं गुरशरण का कहना है कि मान्यता निलंबित करने से पहले कम से कम एक नोटिस तो दिया जाना चाहिए था। यह पूछे जाने पर कि क्या पैरा विश्व कप को भारत से छीनकर किसी अन्य देश को दिए जाने की संभावना है तो गुरशरण ने इससे इनकार किया। हालांकि एक सूत्र ने बताया कि दक्षिण कोरिया इस टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए काफी उत्सुक है।

# भारत ए ने 2-0 से जीती टेस्ट श्रृंखला

**403 के मुश्किल लक्ष्य का पीछे करने उतरी इंग्लैंड लायंस 268 रन पर हुई ढेर, शम्स मुलानी ने झटके 5 विकेट**

अहमदाबाद, एजेंसी

भारत ए ने अपने स्पिनरों के दमदार प्रदर्शन से रविवार को तीसरे और अंतिम अनौपचारिक टेस्ट के चौथे दिन इंग्लैंड लायंस पर 134 रन की शानदार जीत दर्ज की। इंग्लैंड लायंस की टीम 403 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 268 रन पर सिमट गई, जिससे भारत ए ने 3 मैच की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली। मुंबई के बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने 60 रन देकर 5 विकेट और मध्य प्रदेश के ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 50 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिससे सुबह दो विकेट पर 83 रन से खेल शुरू करने वाली इंग्लैंड की दूसरी पारी सिमट गई। इंग्लैंड लायंस के सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस ने 41 रन से शुरूआत करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया और वह अच्छी लय में दिख रहे थे। लेकिन मुलानी की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए और उनकी 55 रन की पारी समाप्त हुई। तब इंग्लैंड का स्कोर चार विकेट पर 120 रन था लेकिन टीम ने 20 रन के अंदर 3 और विकेट गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया।

मुलानी ने इंग्लैंड लायंस के कप्तान जोश बोहानन (18) और डैन मूस्ले (05) का विकेट हासिल किया। इंग्लैंड लायंस की टीम चुनौती दिए बिना आउट होने वाली नहीं थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रॉबिन्सन (80) और जेम्स कोल्स (31) ने आठवें विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी निभाकर टीम को 200 रन के पार कराया। मुलानी ने कोल्स आउट कर इस भागीदारी का अंत किया।

# बॉलीवुड हलचल

## लंदन और मुंबई में होगी रामायण की शूटिंग

डायरेक्टर नितेश तिवारी की फिल्म रामायण लगातार चर्चा बनी हुई है। रणबीर कपूर, साईं पल्लवी और यश की इस मेगा बजट मूवी पर हर किसी की निगाहें हैं और नितेश तिवारी अपनी इस फिल्म को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रहे हैं। फिल्म रामायण की कास्ट को लेकर आए दिन कुछ ना कुछ अपडेट आता रहता है। अब इस फिल्म की शूटिंग को लेकर खबर आई है। मेकर्स फिल्म रामायण की शूटिंग लंदन और मुंबई जैसे शहरों में करेंगे। इस फिल्म के इस अपडेट आने के बाद फैंस काफी खुश हैं और वह फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं




### फिल्म के लिए रणबीर कपूर ने छोड़ा शराब और मांसाहार का सेवन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म रामायण के लिए रणबीर कपूर जल्द ही काम शुरू करेंगे। पहला शेड्यूल मुंबई में होगा। रणबीर कपूर 60 दिनों तक मुंबई में शूटिंग करेंगे। इसके बाद टीम लंदन के लिए रवाना होगी। लंदन में फिल्म का फिर से 60 दिन का शेड्यूल होगा और यहां पर लंका से जुड़ा हुआ भाग शूट किया जाएगा। फिल्म के उस हिस्से में यश के लंदन में उनके साथ जुड़ने की संभावना है। ऐसा लग रहा है कि लड़ाई-झगड़े का कुछ हिस्सा लंदन के एक स्टूडियो में फिल्माया जाएगा। रणबीर कपूर ने फिल्म में राम के रोल का सम्मान करते हुए शराब, मांसाहार के साथ पार्टी करना भी छोड़ दिया था। फिल्म में रणबीर कपूर राम, साईं पल्लवी सीता और यश का रावण का रोल करने वाले हैं।

## पहली बार मुंबई आते ही शाहरुख खान को पड़ा था थप्पड़

बॉलीवुड में किंग खान के नाम से मशहूर शाहरुख खान अपने संघर्ष के दिनों के किस्से अक्सर मंच पर साझा करते रहते हैं। अब शाहरुख खान ने एक इंटरव्यू के दौरान अपना एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि जब वह मुंबई आए थे तो एक महिला ने यहां आते ही उन्हें थप्पड़ जड़ दिया था।दरअसल दिल्ली के रहने वाले शाहरुख खान को एक्टर बनने की चाहत मुंबई खींच लाई थी। शाहरुख खान ने अपने मुंबई आने के दौरान का एक किस्सा एक इंटरव्यू में बताया था। शाहरुख खान ने बताया था कि वह जब पहली बार मुंबई आए थे तो ट्रेन से आए थे और उन्होंने इसके लिए सीट बुक करवाई थी। शाहरुख खान ने बताया कि उनकी ट्रेन मुंबई के आसपास के इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोग ट्रेन पर चढ़ने लगे और उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। शाहरुख खान ने बताया कि जब उनकी सीट पर एक महिला और उसका परिवार बैठने लगा तो उन्होंने उनसे कहा कि यह उनकी सीट है और इसके लिए उन्होंने पैसे दिए हैं। उन्होंने महिला से कहा कि अगर वह चाहें तो बैठ सकती है लेकिन उसके साथ वाले लोग उनकी सीट पर नहीं बैठेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी यह बात सुनकर महिला नाराज हो गई और उन्हें थप्पड़ जड़ दिया। बता दें कि साल 2023 शाहरुख खान के लिए धमाकेदार रहा था। वहीं इस समय शाहरुख खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्होंने साल 2023 में तीन फिल्मों पठान, जवान और डंकी में काम किया था। शाहरुख खान की ये तीनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थीं। शाहरुख खान आने वाले समय में कई प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। हालांकि शाहरुख खान की तरफ से अभी इस बारे में कोई अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।




## अगले साल संक्रांति पर आमने-सामने होंगे प्रभास और चिरंजीवी

सुपरस्टार प्रभास और मेगा स्टार चिरंजीवी तेलुगु सिनेमा के दो सबसे बड़े सितारे हैं। प्रभास इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी राजा साब को लेकर चर्चा में हैं। ये एक हॉरर-कॉमेडी मूवी बताई जा रही है। जिसे निर्देशक मारुति डायरेक्ट करेंगे। इसका कुछ वक्त पहले ही पहला पोस्टर सामने आया था। इस पोस्टर में प्रभास लुंगी पहने दिखे। अब खबर है कि प्रभास अपनी इस फिल्म के साथ चिरंजीवी को टक्कर देने वाले हैं। दरअसल प्रभास की फिल्म राजा साब अगले साल संक्रांति पर सिनेमाघर पहुंचने वाली हैं। निर्माता विश्व प्रसाद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया है मगर निर्माता इसे अगले साल संक्रांति पर रिलीज करने की कोशिश में हैं। अगले साल ही संक्रांति पर चिरंजीवी की भी अगली फिल्म विश्वंभरा रिलीज होने वाली है। इसके लिए 10 जनवरी 2025 की रिलीज डेट बुक भी कर दी गई है। अब अगर इस खास मौके पर प्रभास की फिल्म सिनेमाघर में पहुंचती है तो चिरंजीवी के लिए किसी परेशानी से कम नहीं होगी। क्योंकि तेलुगु राज्यों में इन दोनों ही स्टार्स का काफी क्रेज है। हालांकि प्रभास का क्रेज सबसे ज्यादा है।



### अगस्त में शुरू हो सकती है डॉन 3 की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म डॉन 3 की शूटिंग अगस्त में शुरू हो सकती है। फिल्मकार फरहान अख्तर ने वर्ष 2023 में डॉन की तीसरी किस्त का एलान किया था। साथ ही साथ फरहान अख्तर ने नए डॉन के चेहरे की झलक भी दिखाई थी। फिल्म डॉन 3 में रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे।फिल्म डॉन 3 को लेकर एक नया अपडेट सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि फिल्म डॉन 3 का प्री-प्रोडक्शन अगले महीने मार्च से शुरू होने वाला है। डॉन 3 फिलहाल कास्टिंग स्टेज पर है। वहीं शूटिंग शेड्यूल इस साल अगस्त महीने से शुरू होगा। इससे पूर्व डॉन फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों में शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का कैंसर से निधन



**विंडहोक।** नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गेनगोब का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, गेनगोब ने रविवार को अस्पताल में आखिरी सांस ली। कुछ हफ्ते पहले ही उन्हें कैंसर से पीड़ित पाया गया था।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में उनकी मौत का कारण नहीं बताया। हालांकि, यह बताया गया है कि उनका राजधानी विंडहोक के लेडी पोहाम्बा अस्पता में इलाज चल रहा था। 2014 में प्रधानमंत्री रहने के दौरान गेनगोब ने सार्वजनिक तौर पर बताया था कि वे प्रोस्टेट कैंसर को हरा चुके हैं। इसके अगले ही साल वे नामीबिया के राष्ट्रपति बने थे।

# 20 साल का हुआ फेसबुक



**2** अरब यूजर्स आज भी रोजाना करते हैं प्रयोग

*आज जब सोशल मीडिया का नाम लेते हैं तो सामने कई नाम आते हैं, जिसमें इंस्टाग्राम, वॉट्सएप ज्यादा प्रचलित हैं। मगर एक समय ऐसा था जब फेसबुक का ही बोलबाला था। फेसबुक ने लोगों को सोशल मीडिया का एक नया रूप दिखाया जिसके बारे में 2004 से पहले किसी ने सोचा भी नहीं था। 4 फरवरी को फेसबुक को 20 साल पूरे हो गए। 4 फरवरी 2004 में पहली बार फेसबुक की शुरुआत हुई थी। मेटा के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने इसकी शुरुआत की थी। ये वो दौर था जब लोगों के बीच माईस्पेस और ऑरकुट का चलन था। ऐसे समय में फेसबुक के लॉन्च ने इंटरनेट को पलट कर रख दिया था।*

### मेटा के लिए फायदेमंद

- फेसबुक के आज भी अरबों यूजर्स है, जिसमें से रोजाना 2 अरब यूजर्स इसका इस्तेमाल करते हैं। फेसबुक ने मेटा को मार्केट में एक बड़ा मुकाम हासिल करने में मदद की है।
- इस प्लेटफॉर्म के जरिए कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने सोशल मीडिया और टेक इंडस्ट्री में अपना अलग नाम बनाया।
- भले ही अब फेसबुक उतना लोकप्रिय नहीं रह गया हो, लेकिन अभी भी इसकी एक फैन फॉलोइंग है।

### 2004 से 2024 तक ऐसा रहा फेसबुक का सफर

*फेसबुक की शुरुआत 2004 में की गई थी, अब इसने पूरे 20 साल का सफर तय कर लिया है। इस सफर के दौरान कंपनी ने कई उतार चढ़ाव देखें। हालांकि फिर भी अपना दबदबा बनाए रखा।*

- फेसबुक को मार्केट में लॉन्च करते समय द फेसबुक नाम दिया गया था। ये इस कारण भी खास था क्योंकि इसमें आप फोटो शेयर कर सकते हैं और अपने दोस्तों को टैग भी कर सकते थे।
- इसकी लोकप्रियता लॉन्च के एक महीने में ही सामने आ गई थी, जब एक साल से कम समय में ही कंपनी ने 10 लाख लोगों को अपने परिवार का हिस्सा बना लिया था।
- केवल 9 साल के अंदर इसके यूजर्स की संख्या 1000 गुना बढ़ गई। 2012 तक फेसबुक के 1 अरब यूजर्स हो गए। आपको बता दें कि ये उन देशों में भी काफी लोकप्रिय रहा जो इंटरनेट और कनेक्टिविटी की दृष्टि से पीछे थे।
- ये सफर काफी खास था क्योंकि इसने इंटरनेट और सोशल मीडिया को नई पहचान दी है। इसके साथ ही ये पहला प्लेटफॉर्म था, जो लोगों को पर्सनलाइज्ड एक्सपीरियंस दे रहा था।
- ये आपकी जरूरी जानकारी, आपके खास दिन और आपके दोस्तों से जुड़ी सभी जानकारियों को आपके लिए याद रखने के साथ-साथ आपको इनके बारे में सूचित भी करता है।
- अब आपकी जरूरी जानकारी एक अहम मुद्दा हो गया क्योंकि ये निजता को प्रभावित भी करता है।

### कनेक्शन के लिए बेहतरीन जरिया

- फेसबुक के आने के बाद लोगों से जुड़ना और नए लोगों से बातचीत करना काफी आसान हो गया था। आप किसी को भी फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर उनसे बात कर सकते हैं।
- इसके अलावा फेसबुक ने आपको फोटो पोस्ट करने के साथ-साथ अपने दोस्तों को टैग करने का भी विकल्प दिया था, जो उस समय युवाओं के लिए एक अहम और जबरदस्त बदलाव था।
- ये ऐसा समय था, जब स्मार्टफोन का इतना चलन नहीं था और वॉट्सऐप जैसे एप्स भी नहीं होते थे। ऐसे में फेसबुक काफी पसंद किया जाता था।
- फेसबुक का इस्तेमाल अब ज्यादातर प्रचार-प्रसार के लिए होने लगा है। इतना ही नहीं लोग अपने स्मॉल बिजनेस और काम से जुड़ी जरूरतों के लिए भी इसका इस्तेमाल करते हैं।



**2012** में ही फेसबुक के हो गए थे 1 अरब यूजर्स

**4/2/2004** को पहली बार शुरु हुआ था फेसबुक

**9** साल के अंदर 1000 गुना बढ़ गई फेसबुक यूजर्स की संख्या

## एक नजर

### श्रीलंकाई नौसेना ने ट्रॉलर समेत 23 भारतीयों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने जाफना के डेल्फट द्वीप के पास श्रीलंका के जलक्षेत्र में शिकार कर रहे भारतीय मछुआरों के दो ट्रॉलरों के साथ 23 भारतीय नागरिकों को हिरासत में लिया है। श्रीलंका की नौसेना ने रविवार को बताया कि शनिवार रात श्रीलंकाई जलक्षेत्र में अवैध शिकार कर रहे भारतीय को खदेड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा गिरफ्तार मछुआरों और जब्त किए गए ट्रॉलरों को रविवार को कांकासंथुराई बंदरगाह लाया गया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बता दें, श्रीलंकाई नौसेना ने 2023 में 343 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### हमास की मांग, इजराइल 3 हजार फिलिस्तीनियों को करे रिहा

**गाजा।** हमास ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपनी अप्रत्यक्ष वार्ता के दौरान इजराइल से 3 हजार फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने की मांग की है। मीडिया के अनुसार, हमास चाहता है कि तीन चरण के संघर्ष विराम में चौथे चरण के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई भी शामिल हो। कतर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि इजराइल ने नवीनतम संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रारंभिक प्रतिक्रिया दी है। जनवरी के अंत में पेरिस में इजराइल, अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा संघर्ष विराम प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई थी। हमास ने कहा कि उसे एक मसौदा प्राप्त हुआ है और वह इसकी समीक्षा कर रहा है।

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के 3 गुर्गे गोरखपुर से गिरफ्तार: डीजीपी

**चंडीगढ़।** पंजाब के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमृतपाल सिंह उर्फ गुज्जर निवासी कलोली, कमलप्रीत सिंह निवासी देवीनगर अबरावां और प्रेम सिंह निवासी अमराला डेराबस्सी के रूप में हुई है। सभी आरोपियों की आपराधिक पृष्ठभूमि है और इनके खिलाफ पंजाब में कत्ल, जबरन वसूली, डकैती और हथियार एक्ट के अंतर्गत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीजीपी ने बताया आरोपियों को संयुक्त टीम ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

### हरियाणा: गैंगस्टर राजू भाटी की फरीदाबाद के अस्पताल में मौत

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद जिले स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान सजायाफ्ता गैंगस्टर राजू भाटी की रविवार सुबह मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कई दिनों से अस्पताल में भाटी का उपचार किया जा रहा था और रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के हुसैनी शेरगढ़ गांव के निवासी भाटी (41) के खिलाफ पलवल, फरीदाबाद तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के अन्य जिलों में हत्या, लूट, डकैती और गैंगस्टर अधिनियम के तहत कुल 30 मामले दर्ज थे। बता दें, भाटी 2016 में पलवल पुलिस थाने में दर्ज अपहरण और शस्त्र अधिनियम के मामले में फरीदाबाद की नीमका जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था।

### अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा-भारत तय करे, हमें क्या करना है

# क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर

नई दिल्ली, एजेंसी


भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि क्वाड में भारत ड्राइविंग सीट पर है और भारत को तय करना है कि क्वाड का क्या करना है। गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 17वें संस्करण में 'हार्ट ऑफ द मैटर: क्वाड और नया इंडो पैसिफिक विजन' सत्र के दौरान ये बातें कही।

गार्सेटी ने इशारों में समझाते हुए कहा कि भारत, क्वाड में ड्राइविंग सीट पर है और अमेरिका उसके बराबर वाली सीट पर है। मुझे लगता है कि जापान शुरुआत से ही रास्ता बता रहा है और ऑस्ट्रेलिया, क्वाड में ऐसा है, जो कार में सबसे ज्यादा उत्साहित होता है और सभी से खाने-पीने के बारे में पूछता रहता है और ये भी पूछता है कि हम कहां जा रहे हैं।'

क्वाड एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका सहयोगी देश हैं। क्वाड का उद्देश्य सदस्य देशों में आर्थिक, कूटनीतिक और सैन्य सहयोग बढ़ाना है। क्वाड का उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त रखना है।

गार्सेटी ने कहा 'ये बहुत अच्छा समय है और हम सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं का आनंद ले रहे हैं। मैं चाहता हूं कि हम भी कई बार कार की पिछली सीट पर बैठकर आराम करें, लेकिन ये भारत को तय करना है कि हम क्वाड से क्या करना चाहते हैं।' गार्सेटी ने ये भी कहा कि 'क्वाड कोई ऐसा संगठन भी नहीं है, जहां सभी किसी एक बात पर सहमत हो जाएं, यह कोई बात करने का ठिकाना नहीं है।

हम हिंद महासागर के बारे में बात कर सकते हैं और इस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। साथ ही अंतरिक्ष प्रोजेक्ट पर काम कर सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र से भी ज्यादा सक्षम है क्वाड

गार्सेटी ने कहा कि क्वाड दुनिया के लिए मॉडल बन सकता है। यह बेहद मजबूत और स्थायी है। यह कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों जैसे संयुक्त राष्ट्र आदि से भी ज्यादा प्रभावी है क्योंकि इन संस्थाओं के पास इतनी क्षमता नहीं है, जितनी क्वाड के पास है। भारत अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों पर अमेरिकी राजदूत ने कहा 'द्विपक्षीय संबंध हमेशा आकर्षक होते हैं, लेकिन अगर बात सीधे तौर पर होती है तो ये कई बार नीरस हो जाते हैं।' गार्सेटी ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर हम तीन लोगों को बुलाते हैं तो यह मजेदार होगा और अगर ज्यादा लोग इससे जुड़ जाएंगे तो यह पार्टी हो जाएगी और तब आपको पता चलेगा कि आपके पास कुछ खास है।

### चीन का मानना है एशिया का नाटो है क्वाड संगठन

क्वाड यानी क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता)। इसका गठन 2007 में हुआ था। हालांकि, तब यह आगे नहीं बढ़ पाया। इसकी प्रमुख वजह क्वाड को लेकर चीन का कड़ा विरोध रहा। चीन क्वाड को एशिया का नाटो कहता आया है। इसी वजह से शुरुआत में भारत ने इसे लेकर हिचकिचाहट भी दिखाई थी। चीनी विरोध की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया भी 2010 में क्वाड से हट गया था, हालांकि, वह बाद में फिर इससे जुड़ गया। 2017 में भारत-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने चीन को काउंटर करने के लिए इस गठबंधन को पुनर्जीवित किया।



## केरल में भारत माता की जय न बोलने वालों पर गुस्साईं मीनाक्षी लेखी

**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी केरल में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों पर अपनी नाराजगी जताई। दरअसल, सम्मेलन के दौरान उनके बार बार कहने पर भी दर्शकों ने भारत मात की जय नहीं कहा। इस दौरान उन्होंने एक महिला को कार्यक्रम स्थल छोड़ने का भी सुझाव दिया। बता दें कि इस कार्यक्रम का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने किया था।



कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण का समापन करते हुए भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी भारत माता की जय का नारा लगाया। उन्होंने दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा, लेकिन सामने खड़ी भीड़ ने ऐसा नहीं किया। दर्शकों के इस व्यवहार से मीनाक्षी लेखी नाराज हो गईं। गुस्साईं भाजपा नेता ने कहा कि जिन्हें अपने देश पर गर्व नहीं, उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है।

## जीवन कोई सौ मीटर की दौड़ नहीं, एक मैराथन है: सीजेआई

वडोदरा, एजेंसी

▶▶ बड़ौदा में चंद्रचूड़ बोले- बदलाव के दौर में अपनी असफलताओं से सीख ले युवा पीढ़ी

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को युवाओं को असफलताओं से सीख लेने की सलाह देते हुए कहा कि जीवन 100 मीटर की दौड़ नहीं, बल्कि एक मैराथन है। बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के 72वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने 346 स्वर्ण पदकों में से 336 महिलाओं को प्रदान किए, जो वास्तव में हमारे राष्ट्र में बदलते समय का संकेत है।

प्रधान न्यायाधीश ने मौजूदा दौर को इतिहास का सबसे शानदार वक्त बताते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी ने लोगों को पहले से कहीं अधिक कनेक्टेड बना दिया है। उन्होंने कहा कि हम हर दिन नए और अनूठे व्यवसायों को उभरते हुए देखते हैं, लोग अपनी खुद की पेशेवर यात्रा तय करते हैं, जो पारंपरिक मानदंडों का अनुपालन नहीं करता है। ग्रेजुएट होने का यह एक रोमांचक समय है, लेकिन मैं जानता हूं कि ये परिस्थितियां कुछ अनिश्चितताओं और भ्रम को भी जन्म देती हैं। प्रधान न्यायाधीश ने छात्रों को अनोखी पीढ़ी करार देते हुए कहा कि आप ऐसे समय में रह रहे हैं जहां आप पहले से कहीं अधिक विचारों के संपर्क में हैं। आप एक अनोखी पीढ़ी हैं, जो पहले की पीढ़ियों की तुलना में हमारे समय की चुनौतियों के बारे में ज्यादा जागरूक हैं। सीजेआई ने कहा कि वह 'मौके के हिसाब से युवा पीढ़ी की आगे बढ़ने और हमारे समय की भारी चुनौतियों का सामना करने' की क्षमता से हैरान हैं। साथ ही उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे आगे बढ़ें, अयथार्थवादी उम्मीदों से प्रभावित न हों और अपनी असफलताओं से सीखें। प्रधान न्यायाधीश ने ग्रेजुएट्स से सिर्फ विद्वान नहीं, बल्कि बुद्धिजीवी बनने का भी अनुरोध किया।



## एआई की मदद से कर्मियों को प्रशिक्षित करेगी सूरत पुलिस

सूरत, एजेंसी

▶▶ साइबर क्राइम के खिलाफ सूरत पुलिस की पहल, पीड़ितों से चैटबॉट के माध्यम से होगा संवाद

साइबर क्राइम पुलिस के लिए बड़ा सिरदर्द बन गया हैं। स्कैमर्स के नए-नए तरीकों से निपटना और लोगों को जागरूक करना पुलिस के लिए अभी भी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में अब गुजरात की सूरत पुलिस ने साइबर अपराध को कम करने के लिए एआई तकनीक की मदद से अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करने का कदम उठाया है।

इस पहल पर सूरत के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने बताया कि पीड़ितों के लिए एक चैटबॉट बनाया गया है, जिसके माध्यम से वह आसानी से संवाद कर पाएंगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, एक चैटबॉट बनाया गया है जो पीड़ितों से उनकी चुनी हुई भाषा में संवाद करेगा। पीड़ित अपने निकटतम पुलिस स्टेशन का पता लगाने के लिए फाइंड माई पुलिस स्टेशन सुविधा का उपयोग कर पाएंगे।



उन्होंने आगे बताया, पब्लिक इंटरफेस एक हेल्पलाइन की तरह काम करेगा और समय की परवाह किए बिना ही पीड़ितों से संवाद करेगा। इससे प्रत्येक क्षेत्र में मामलों की संख्या का पता लगाने में मदद मिलेगा। इसी के साथ शहरों में साइबर अपराध मामलों की पहचान भी होगा।' अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि साइबर अपराधों के गिरोहों को पकड़ने के लिए अधिकारियों को एआई का उपयोग करके प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

## एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी समेत 3 के खिलाफ चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी, एसएपी इंडिया और आईबीएम के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। चार्जशीट 2011 में एयर इंडिया के 225 करोड़ रुपये में सॉफ्टवेयर खरीदने के मामले में कथित अनियमितताओं के संबंध में दाखिल किया गया है। बताया गया कि सीबीआई ने केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) की सिफारिश पर मामला दर्ज किया है। सीवीसी की जांच में पता चला था कि सॉफ्टवेयर की खरीद में अनियमितताएं हैं।

बताया गया कि लगभग छह साल की जांच के बाद सीबीआई ने एयर इंडिया के पूर्व सीएमडी अरविंद जाधव, आईबीएम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और छह अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

**अठखेलियां...**



**मनाली:** हिमाचल प्रदेश में बढ़ती सर्दी और पहड़ों पर हो रही बर्फबारी से पर्यटक हिमाचल की ओर खींचे चले जा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। दो दिन के भीतर लाहुल घाटी में ज्यादा संख्या में पर्यटकों ने दस्तक दी। वहीं रविवार को मनाली में सैलानियों ने बर्फ में खूब अठखेलिया की और बर्फ का आनंद उठाया। ● एजेंसी

## रूस: जंग लड़ रहे सैनिकों की पत्नियों ने किया प्रदर्शन

**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों को हिरासत में लिया गया है। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं। ये प्रदर्शन राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर किया गया। यह प्रदर्शन यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ रहे रूसी सैनिकों की पत्नियों और अन्य परिजनों ने आयोजित किया। इन महिलाओं की मांग थी कि उनके पतियों, बच्चों को घर वापस लाया जाए। रूस-यूक्रेन युद्ध को शुरू हुए 500 दिन बीत चुके हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं क्रेमलिन में इकट्ठा हुईं और फिर वहीं पर मौजूद राष्ट्रपति पुतिन के चुनाव मुख्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। हिरासत में लिए गए लोगों में कई विदेशी पत्रकार भी शामिल हैं।

## चंडीगढ़ महापौर चुनाव मामले में आज होगी सुनवाई

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कथित धांधली के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई होगी। आम आदमी पार्टी की याचिका पर कोर्ट सोमवार को सुनवाई के लिए तैयार हुआ है।


इस दौरान मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के पद पर बहस हो सकती है। सीजेआई चंद्रचूड़, जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की तीन न्यायाधीशों वाली पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

बता दें, महापौर पद के उम्मीदवार पार्षद कुलदीप कुमार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने शुक्रवार को इस मामले की तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था। पीड़ित पक्ष ने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

## हम जहां हैं, उसे देखकर अच्छा लग रहा... बाइडन ने जीता पार्टी चुनाव

वाशिंगटन, एजेंसी

▶▶ बाइडन ने दक्षिण कैरोलाइना में जीता डेमोक्रेट पार्टी का चुनाव, ट्रंप पर की तीखी टिप्पणी





अमेरिका के डेलावेयर में अपने चुनावी अभियान के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला। बाइडन ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के दावेदार किसी भी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज का विरोध करते हैं।' बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप का सीधे नाम नहीं लिया, लेकिन उनका हमला उन्हीं पर था।

बाइडन ने कहा 'हम जहां हैं, उसे देखकर मुझे अच्छा लग रहा है। हम जिस व्यक्ति के खिलाफ लड़ रहे हैं, वह किसी चीज के पक्ष में नहीं हैं और हर चीज के खिलाफ है। ये बात मैं दिल से कह रहा हूं। यह एक बेहूदा प्रचार है, जिसमें मुझे शामिल होना पड़ रहा है। वह व्यक्ति बीती साल के मुकाबले और भी बुरा व्यवहार कर रहा है। बाइडन ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के लोग इस बात को समझते हैं कि आगामी चुनाव की क्या अहमियत है। बाइडन ने कहा पिछले चुनाव में प्रचार अभियान के दौरान मैंने इंडिपेंडेंस हॉल में एक भाषण दिया था, जिसमें लोकतंत्र पर बात की थी, लेकिन मीडिया ने उस वक्त इसे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर कही गई बात माना था, लेकिन अमेरिका के लोगों ने समझ लिया था कि क्या चल रहा है। बाइडन ने हालिया क्विनीपियाक पोल का जिक्र किया, जिसमें बाइडन को ट्रंप पर बढ़त दिखाई गई है।

**असुरक्षा** हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल, मंदिर तोड़ मस्जिद बनाने की मिल रहीं धमकी

# अयोध्या में राम मंदिर के बाद दहशत में बांग्लादेशी हिंदू

ढाका, एजेंसी

अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से भारत से लेकर दुनिया के कई कोनों में बसे लोगों के मन में आनंद है, लेकिन पड़ोसी देश बांग्लादेश में रहने वाले हिंदुओं की स्थिति कुछ अलग है। बांग्लादेश में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोगों के मन में भय का माहौल है।

मीडिया के अनुसार, पिछले दिनों चुनावों के दौरान बांग्लादेश के कई हिस्सों में हुई हिंसक घटनाओं से भय का माहौल बना हुआ है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद कई लोग अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए जाना चाहते हैं, लेकिन अपने घर-परिवार को छोड़कर भारत जाने की हिम्मत उनमें नहीं है। मीडिया के मुताबिक, हिंदुओं का कहना है कि हम भी दर्शन करने जाना चाहते हैं, लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है कि जब एक सप्ताह में दर्शन करके वापस लौटेंगे, तो यहां के हालात सही मिलेंगे। उनका कहना है कि यहां हिंदुओं के घर जलाना और मंदिरों में तोड़फोड़ करना कोई नई बात नहीं है। रमण काली मंदिर बोर्ड के अध्यक्ष उत्पल साहा ने कहा कि, जब प्राण प्रतिष्ठा समारोह चल रहा था, तब मौलानाओं ने यहां शोभायात्रा निकालने से रोक दिया था। यहां लोगों में डर था कि कहीं उनके मंदिर या घर को जला न दिया जाए। साहा का कहना है कि बांग्लादेश में जमात पार्टी हिंदुओं से सबसे ज्यादा नाराज है। उसके लिए हिंदू मंदिरों को तोड़ना आम बात है। साहा कहते हैं कि भारत में इतना बड़ा मंदिर बना है, लेकिन एक बांग्लादेशी हिंदू होने के नाते और एक मंदिर का अध्यक्ष होने के कारण मेरे मन में डर है। यहां रहने वाले लोगों को 1993 में बाबरी विध्वंस के बाद हिंदुओं पर हुए हमले और हिंसा अभी भी याद है। उनका कहना है कि अभी ये हाल है, अगर विपक्षी कट्टरपंथी सरकार में आ गए तो क्या होगा ? स्थानीय निवासी रूहीदास पाल पिछले पंद्रह साल से ढाकेश्वरी और रमण काली मंदिर में काम कर रहे हैं। वे कहते हैं कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद से यहां माहौल सही नहीं है। वे कहते हैं कि मुझे पत्नी और बेटी की सुरक्षा की चिंता है। वे कहते हैं कि मैं मजदूर हूं, अभी हालात ऐसे हैं, कि हम रिश्तेदारों से मिलने के लिए कोलकाता भी नहीं जा सकते हैं।



### कट्टरपंथी की धमकियों के बावजूद सरकार मौन

ढाकेश्वरी मंदिर के महासचिव रामेन मंडल ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की संख्या बहुत कम हैं, जो हमेशा असुरक्षा में रहते हैं। छात्र संगठन कार्यकर्ता मेघ मल्हार बासु ने कहा कि कई कट्टरपंथी धमकी दे रहे हैं कि हम सत्ता में आए तो मंदिरों को तोड़कर वहां मस्जिदें बनाएंगे, लेकिन इस पर सरकार मौन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार यहां के हिंदुओं की नहीं सुनती है।

## इमरान के करीबी कुरैशी अयोग्य घोषित, नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

इस्लामाबाद, एजेंसी



▶▶ पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी पांच साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले विपक्ष दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। जेल में बंद इमरान की पार्टी के नेताओं पर भी नकेल कसी जा रही है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान खान के करीबी सहयोगी शाह महमूद कुरैशी को पांच साल के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है।

आयोग के अनुसार, पूर्व विदेश मंत्री कुरैशी को राज्य की जानकारी लीक करने के मामले में 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। जिसके चलते वो चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं। 67 वर्षीय कुरैशी की अयोग्यता 8 फरवरी के आम चुनाव से पांच दिन पहले हुई है, जिसमें खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी राज्य की सख्ती के बावजूद और अपने प्रसिद्ध चुनाव चिन्ह बल्ले के बिना चुनाव लड़ रही है। यह घोषणा आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत स्थापित एक विशेष अदालत द्वारा खान के साथ हाई-प्रोफाइल सिफर मामले में कुरैशी को 10 साल कैद की सजा सुनाए जाने के कुछ दिनों बाद आई है।

30 जनवरी 2024 के विशेष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए, ईसीपी ने कहा कि संविधान और कानून के अनुसार कोई भी दोषी व्यक्ति चुनाव में भाग नहीं ले सकता है। परिणामस्वरूप, मखदूम शाह महमूद कुरैशी पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 63 (1) (एच) के साथ चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 232 के साथ अयोग्य हो गए हैं।